* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 181

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही


पुंछ में आतंकियों ने सैन्य वाहन को विस्फोट कर उड़ाया पांच जवान हुए शहीद








# दिनेश गोप को सूचना देनेवाला खूंटी का दारोगा मनोज बर्खास्त

## एसपी ने की थी अनुशंसा, डीआइजी के आदेश पर हुई कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खूंटी जिला बल में तैनात सब-इंस्पेक्टर मनोज कच्छप को बर्खास्त कर दिया गया है। उसकी 25 लाख के इनामी पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से सांठगांठ थी। कच्छप पुलिस के गतिविधियों की सूचना गोप तक पहुंचाता था। खूंटी एसपी की अनुशंसा पर पुलिस नियमावली के तहत कार्रवाई की विभाग ने डीआइजी के आदेश पर बर्खास्तगी की कार्रवाई की।

**दिनेश गोप से साठगांठ के मिले साक्ष्य :** गौरलतब है कि खूंटी नक्सल प्रभावित इलाका है। आरोपी सब-इंस्पेक्टर मनोज कच्छप इसी जिला के बल में तैनात था। जांच में मनोज कच्छप का पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप से सांठगांठ रखने और पुलिस की गतिविधियों की सूचना देने के साक्ष्य मिले। विभागीय रिपोर्ट में कहा गया है कि मनोज कच्छप के विभाग में बने रहने से सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस के लिये घातक है। इससे अभियान में जाने वाले पुलिसकर्मियों के जानमाल की भारी क्षति होने से इंकार नहीं किया



जा सकता है। आरोपी द्वारा इस प्रकार का किया गया कार्य इनकी कर्तव्यहीनता, निष्ठाहीनता, आचरणहीनता पुलिस विभाग के साथ धोखेबाजी एवं एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी का द्योतक है।

**अयोग पदाधिकारी का विभान में रहना अनुचित :** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने विभाग के स्थापित मर्यादा के प्रतिकूल आचरण किया गया है। जिससे विभाग शर्मसार हुआ है। आरोपी के इस कुकृत्य से विभाग की छवि धुमिल हुई है। साथ ही पीएलएफआइ के विरुद्ध अभियान में जाने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल गिरा है। आम जनमानस में पुलिस के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न हुई है। यह आचरण आरोपी के कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता, आचरणहीनता पुलिस विभाग के साथ धोखाबजी एवं एक अक्षम पुलिस पदाधिकारी होने का परिचय देता है। एक अयोग्य पुलिस पदाधिकारी का विभाग में बने रहना सर्वथा अनुचित है। विभागीय कार्यवाही में लगाये गये आरोप के लिये आरोपी सब इंस्पेक्टर मनोज कच्छप को दोषी पाकर तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त किया जाता है।

# झारखंड का गुमला आज इतिहास रचेगा

**जिले को बेहतर लोक प्रशासन के लिए पीएम अवार्ड से नवाजा जा रहा**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुमला डीसी आज प्राप्त करेंगे एक्सीलेंस अवार्ड**

**आफताब अंजुम**

**गुमला।** झारखंड का गुमला जिला आज इतिहास रचेगा। जिला को शुक्रवार को 'प्रधानमंत्री अवार्ड' से नवाजा जायेगा। यह अवार्ड 'होलिस्टिक डेवलपमेंट थ्रू एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम-ओवरऑल प्रोग्रेस विथ स्पेशल फोकस ऑन सैचुरेशन' की श्रेणी में मिल रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी यह अवार्ड देंगे। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन के कार्यक्रम में गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव जिला के लिए अवार्ड प्राप्त करेंगे।

**पूरे जिले में खुशी की लहर :** गौरतलब है कि हर वर्ष सिविल सर्विस डे के दिन पूरे देश में लोक प्रशासन की विभिन्न कोटियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों, सरकारी विभागों व सार्वजनिक उपक्रमों को प्रधानमंत्री अवार्ड से नवाजा जाता है। इतिहास में पहली बार इस वर्ष झारखंड के लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री अवार्ड के लिए गुमला जिले को यह सम्मान मिलने जा रहा है। यह जिला ही नहीं पूरे



झारखंड के लिए उपलब्धि भरा दिन रहेगा। अवार्ड के बाद केंद्रीय कैबिनेट सचिव की ओर से रात्रि भोज का आयोजन किया गया है, जिसमें उपायुक्त सुशांत गौरव को भी निमंत्रित किया गया है।

**उपायुक्त ने जिला के लिए किया बेहतर काम :** पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है। बीते दिनों जिले में हुए कतिपय कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गये कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, टाना भगत समुदाय का योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नया आयाम देना शामिल हैं।






## गुजरात दंगों के नरोदा कांड में पूर्व मंत्री समेत सभी 86 आरोपी बरी

**अहमदाबाद (आजाद सिपाही)।** गुजरात दंगों के दौरान हुए नरोदा कांड में अहमदाबाद की एक विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। 28 फरवरी 2002 को अहमदाबाद शहर के पास नरोदा में सांप्रदायिक हिंसा में 11 लोग मारे गये थे। इस मामले में गुजरात की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी, बजरंग दल के नेता बाबू बजरंगी और विश्व हिंदू परिषद के नेता जयदीप पटेल समेत 86 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इनमें से 18 लोगों की मौत हो चुकी है। विशेष जस्टिस एसके बक्शी की अदालत ने 16 अप्रैल को मामले में फैसले की तारीख 20 अप्रैल तय की थी। उन्होंने आरोपियों को अदालत में पेश होने का निर्देश भी दिया था। सभी आरोपी जमानत पर थे। साल 2010 में शुरू हुए मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष ने 187 गवाहों और 57 चश्मदीद गवाहों की जांच की। लगभग 13 साल तक चले इस केस में 6 जजों ने लगातार मामले की सुनवाई की। गौरलतब है कि गोधरा कांड के अगले दिन यानी कि 28 फरवरी को नरोदा गांव में बंद का ऐलान किया गया था। इसी दौरान सुबह करीब 9 बजे लोगों की भीड़ बाजार बंद कराने लगी और हिंसा भड़क उठी। भीड़ में शामिल लोगों ने पथराव के साथ आगजनी, तोड़फोड़ कर 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था।

# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने इडी से मांगा दो हफ्ते का समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सरकारी जमीन में हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को समन भेज कर 21 अप्रैल को जोनल ऑफिस में हाजिर होने को कहा था, लेकिन आइएएस छवि रंजन ने इस मामले में दो सप्ताह का समय मांगा है।

बता दें कि रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बना कर की गयी गड़बड़ी की जांच में इडी आगे बढ़ी, तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया। इस पूरे फर्जीवाड़े में आला अधिकारियों के साथ-साथ अंचल



अधिकारी, राजस्व कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। वहीं इडी ने जांच में पाया कि जमीन घोटाला कर सरकारी अफसरों, कर्मियों के साथ-साथ माफियाओं ने अरबों की कमाई की है। बताते चलें कि बीते दिनों रांची में सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में इडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचलों के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इडी को बड़े पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज कई सरकारी कागजात मिले हैं।

# पलामू के बकोरिया कांड में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करना आश्चर्यजनक : बन्ना गुप्ता

- हम पीड़ित परिवार के साथ, आगे कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी, सत्य की जीत होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि पलामू के बकोरिया कांड में हुए कथित पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में 10 निर्दोष व्यक्तियों एवं बच्चों की हत्या के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज कांड में सीबीआइ द्वारा क्लोजर रिपोर्ट फाइल करना गंभीर मामला है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय जांच एजेंसियां सिर्फ एकतरफा काम करती हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करना आश्चर्यजनक है। इस कांड में दर्जनों गवाहों द्वारा गवाही दिये जाने तथा फॉरेंसिक फोटोग्राफिक्स और अन्य प्रकार के सबूत उपलब्ध होने के बावजूद क्लोजर रिपोर्ट समर्पित किया जाना सीबीआइ की कार्य प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। उन्होंने कहा कि इस सत्य की लड़ाई में हमारा पूरा समर्थन पीड़ित परिवारों के साथ रहेगा। मुझे उम्मीद है कि मामले में आगे भी कानूनी लड़ाई



लड़ी जायेगी और सत्य की जीत होगी। बन्ना ने कहा कि मामले में सीबीआइ द्वारा सिर्फ लीपापोती की गयी है। जब विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करने की बात हो तो सीबीआइ रेस हो जाती है, लेकिन एक फर्जी मुठभेड़ मामले में लगता है कि किसी के दबाव में आकर क्लोजर रिपोर्ट सौंपी गयी है, जो निंदनीय है। न्याय के लिए अंतिम सांस तक ये जंग लड़ी जायेगी। बता दें कि पलामू के बकोरिया में आठ जून 2015 को मुठभेड़ हुई थी। इसमें पुलिस ने 12 नक्सलियों को मार गिराने का दावा किया था। बाद में परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए हाइकोर्ट की शरण ली थी। सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट ने यह मामला सीबीआइ को सौंप दिया था। मारे गये लोगों में दो नाबालिग एवं एक पारा शिक्षक के भी शामिल होने की बात आयी है।






## अतीक अहमद का खौफ उत्तरप्रदेश में ही नहीं झारखंड तक था

# बोकारो थाना में दर्ज है माफिया के खिलाफ एफआइआर

- बोकारो में अतीक ने चलायीं थी ताबड़तोड़ गोलियां
- अब भी पुलिस के पास है अतीक अहमद की पसंदीदा रिवाल्वर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेरमो।** माफिया अतीक अहमद का अंत हो चुका है। प्रयागराज में शनिवार को उसे गोली मार दी गयी। इसके बाद भी अतीक की कहानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। उसकी एक के बाद एक दास्तां लोगों के सामने आ रही हैं। अतीक अहमद का खौफ केवल उत्तर प्रदेश में नहीं, झारखंड में भी था। इस बात की तसदीक बोकारो में दर्ज एफआइआर करती हैं। बोकारो के लोग उसके नाम से डरते थे।

**अतीक समेत पांच पर है एफआइआर :** बोकारो थर्मल थाना में अतीक अहमद समेत पांच आरोपितों पर जारंगडीह बाजार में फायरिंग की प्राथमिकी हुई थी। कोयला कारोबारियों से विवाद के बाद फायरिंग की गयी थी। बाद में साक्ष्य के अभाव में वह बरी हो गया था। यह प्रकरण कांड संख्या 86/91 के तहत अंकित किया गया था। अधिवक्ता वेंकट हरि विश्वनाथन उर्फ बंबी ने बताया कि 80 के दशक में बोकारो थर्मल



का बी प्लांट बन रहा था। तब उत्तर प्रदेश के कई ठेकेदार इस काम में लगे थे। किसी ठेकेदार का संबंध अतीक अहमद से था। ठेकेदार को उस समय कथारा के महलीबांध का दिनेश यादव रंगदारी मांगकर परेशान कर रहा था। तब ठेकेदार ने अतीक अहमद को सूचना दी थी। कुछ दिनों बाद शूटरों ने प्लांट में काम करने वाले ठेकाकर्मी नरेश राम की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

**बोकारो थर्मल थाना में अतीक के नाम केस दर्ज :** घटना के वक्त यह बात चर्चा में रही थी कि अतीक के शूटर दिनेश को मारने आये थे। गलत रेकी के कारण नरेश की हत्या कर दी गयी। इसके बाद 1991 में बोकारो थर्मल प्लांट में कोयला कारोबार को लेकर कुछ लोगों से अतीक की कहासुनी हुई थी। इस घटना के बाद जारंगडीह बाजार में गोली चली थी। उसमें अतीक का नाम आया था। अतीक समेत पांच लोगों पर बोकारो थर्मल थाना में केस हुआ था।

**पुलिस के पास है अतीक का रिवाल्वर :** पुलिस ने जांच के दौरान एक रिवाल्वर व कारतूस जब्त किया था। उस रिवाल्वर को अतीक अहमद का बताया जा रहा था। पांच साल बाद साक्ष्य के अभाव में इस मामले में अतीक बरी हो गया। जब्त रिवाल्वर पुलिस मालखाने में है। अधिवक्ता कहते हैं कि पांच माह पहले अतीक की जब्त रिवाल्वर रिलीज कराने उत्तर प्रदेश से एक युवक आया था। वह अपने को अतीक का पीए बता रहा था, मगर वह ज्यादा दिन नहीं रुका। उस युवक का कहना था कि रिवाल्वर के हत्थे में सोना मढ़ा हुआ है। अतीक को काफी पसंद थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,500 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# आबादी में नंबर वन होने के बाद भारत की बढ़ी चुनौती

## लेकिन आबादी केवल चुनौती नहीं, ताकत भी है : चीन की तरह इस आबादी का प्रबंधन सबसे जरूरी

आबादी में हमेशा नंबर एक पायदान पर विराजे चीन को अब हमने पीछे छोड़ दिया है। सैन्य क्षमता और अर्थव्यवस्था में नंबर एक बनने की चुनौती अब सामने आकर खड़ी हो गयी है। चीन और भारत करीब एक ही समय आजाद हुए थे। उसके बाद साम्यवादी देश चीन ने आबादी में दूसरे पायदान पर बैठे भारत को कोसों पीछे छोड़ दिया था। यह बहस बनती है, तो फिर कांग्रेस और भाजपा शासन और नेतृत्व पर आकर टिकने लगती है। हालांकि बहस का मुद्दा यह है भी और माना जाये तो नहीं भी। बहरहाल अब सबसे बड़ी चुनौती यही है कि तेजी से दौड़ती भारतीय अर्थव्यवस्था कब भारत को दूसरी बड़ी खुशखबरी देगी कि चीन को अब हमने अर्थव्यवस्था में भी पीछे छोड़ दिया है। और उससे भी अहम यह कि सैन्य क्षमता के मामले में भारत चीन के सामने ताल ठोंक कब पटखनी देने का खौफ पैदा कर पायेगा।

**आजाद सिपाही विशेष**

लेकिन सबसे पहले बात तो नंबर वन बनने की ही होगी। संयुक्त राष्ट्र संघ की रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अब चीन नहीं है। इस साल की शुरुआत में ही विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया था कि 2023 में सबसे ज्यादा जनसंख्या भारत में होगी और अब इस पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष ने भी मुहर लगा दी है। भारत आबादी में नंबर वन बनने के साथ ही हर क्षेत्र में नंबर वन बनने की क्षमता रखता है, चाहे अर्थव्यवस्था की बात हो या सैन्य क्षमता की। वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व का नेतृत्व हर क्षेत्र में करेगा। 21वीं सदी भारत की है और हर भारतवासी को हर क्षेत्र में गर्व करने का अवसर देगी, यही विश्वास है। आबादी में नंबर एक के बाद भारत के सामने बढ़ी चुनौतियों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह




विश्व आबादी दिवस पर संयुक्त राष्ट्र ने जो रिपोर्ट पेश की है, वह भारत के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट कहती है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार अब भारत की जनसंख्या चीन से अधिक हो गयी है। भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक चीन की जनसंख्या फिलहाल 142.57 करोड़ है। अगर तुलना करें तो दोनों देशों की जनसंख्या में 29 लाख का अंतर हो गया है।

आबादी के मामले में यह पहला पायदान भारत जैसे देश के लिए बड़ी चुनौती के रूप में दिखता है, क्योंकि हम बड़ी आबादी को देश की सबसे बड़ी समस्या के तौर पर चिन्हित करते आये हैं कि जितनी ज्यादा आबादी, उतनी ज्यादा संसाधनों में हिस्सेदारी। आखिर खाद्य सुरक्षा, शिक्षा की गारंटी, सेहत संबंधी जरूरतों का इंतजाम और रोजगार के अवसर के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नागरिक सुविधाओं का विकास, ये तमाम जिम्मेदारियां सरकार के कंधों पर ही रहेंगी। तदनुसार आवश्यक बजट के लिए राजस्व बढ़ाने की चुनौती से भी सरकार को ही दो-चार होना होगा।

आबादी को बोझ मानने की मानसिकता से अलग बड़ी आबादी को एक अलग नजरिये से देखने-समझने की कोशिश करने पर कई बातें स्पष्ट हो जाती हैं। बड़ी आबादी का मतलब बड़ा मानव संसाधन समूह, यानी बड़ी श्रमशक्ति। इस गणित को और बेहतर समझने के लिए सबसे बड़ी आबादी वाले देश चीन की जनसंख्या और उसके प्रबंधन के साथ उसकी तरक्की के समीकरण पर गौर करना जरूरी है। एकल संतान (सिंगल चाइल्ड) की सख्त नीति के लंबे दौर के बावजूद चीन आज सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इस नीति के चलते पिछले करीब दो दशकों में चीन की जनसंख्या वृद्धि दर में उल्लेखनीय गिरावट आयी। पिछले साल मई में चीन ने अपनी ताजा जनगणना रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत दर्ज हुई थी, जो सर्वाधिक थी। पिछले एक दशक, यानी वर्ष 2011 से 2021 के बीच उसकी आबादी औसतन 0.53 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो पिछले कई दशकों में सबसे कम थी। इसे जनसांख्यिकी विशेषज्ञों ने आसन्न संकट के तौर पर रेखांकित किया था। माना गया कि आने वाले दशक में अगर जनसंख्या वृद्धि दर और कम हुई, तो वहां कामगारों का संकट गहरा सकता है। इसके उलट चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास की वजह से जहां मृत्यु दर में कमी आयी है, लोगों की औसत आयु या यूं कहें कि जीवनकाल बढ़ा है। इस घट-बढ़ ने अनुत्पादक बुजुर्गों के कुनबे का खासा विस्तार किया है। ऐसे में यदि जनसंख्या वृद्धि की दर और कम होती है, तो जाहिर तौर पर देश की श्रमशक्ति में और गिरावट आयेगी। इस संकट की आहट को गंभीरता से लेते हुए वहां सरकार ने अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन देने वाली योजनाएं शुरू कर दी हैं। अधिक बच्चे पैदा करने वालों को अतिरिक्त अवकाश, बेबी बोनस, एकमुश्त धनराशि, टैक्स में छूट और कई अन्य विशेष योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र की कई कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों के लिए ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रेरित करती हैं। यह समस्या उन पश्चिमी देशों में दो दशक से भी ज्यादा पुरानी है, जहां बेहतर रहन-सहन के बीच चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय विस्तार के साथ-साथ जनसंख्या वृद्धि को लेकर ज्यादा संवेदनशीलता दिखायी-अपनायी गयी। इस समस्या को नाम दिया गया 'एजिंग पॉपुलेशन'। उन देशों में काम कर सकने वाले युवाओं की आबादी लगातार घटती चली गयी, जिसने अभूतपूर्व श्रम संकट पैदा कर दिया। पश्चिम में स्पेन, रोमानिया, डेनमार्क और कनाडा से लेकर ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देश श्रम संकट की जद में हैं, तो पूर्व में जापान जैसा छोटा किंतु औद्योगिक विकास की दृष्टि से क्रांतिकारी राष्ट्र भी इसकी चपेट में है। कयास है कि 2030 तक दुनिया का हर छठा आदमी 65 साल की उम्र पार कर चुका होगा और 2050 आते-आते शायद हर तीसरा। अध्ययन में यह संकेत भी मिला है कि 2050 तक चीन की श्रमशक्ति में 20 तो जापान में 40 फीसदी तक कमी आयेगी। अभी तीन साल पहले जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने स्वीकार किया था कि जन्म-दर में भारी गिरावट के कारण वहां श्रम संकट लगातार गहरा रहा है और इससे उबरने के लिए जापान की सरकार अन्य जरूरी उपाय करने के साथ-साथ दूसरे देशों से चार लाख विदेशी कामगार लाना चाहती है।

इन परिस्थितियों के बीच हमारे लिए यह जानना कितना सुखद है कि अपने देश में ऐसे उम्रदराज बुजुर्गों की तादाद हमारी कुल आबादी का मात्र छह प्रतिशत है। जाहिर है, भारत की आबादी का बड़ा हिस्सा युवा है और बड़ी श्रमशक्ति का प्रतीक। यह भी तय माना जाना चाहिए कि जनसंख्या बढ़ने के साथ यह प्रतिशत और नीचे आयेगा और इसके उलट हमारी युवाशक्ति में इजाफा होगा। फिर बड़ी आबादी की चिंता क्यों? हम देश में बढ़ती बेरोजगारी से भयभीत हैं, जबकि बढ़ती बेरोजगारी की वजह आबादी नहीं, बल्कि रोजगार का सापेक्ष सृजन न होना है।

अगर भारत अपनी युवाशक्ति को कुशल श्रमशक्ति में बदल दे, तो रोजगार के लिए आधी दुनिया के दरवाजे खुले मिल सकते हैं, खासकर सेवा क्षेत्र में। ऑस्ट्रेलिया स्थित ग्लोबल बिजनैस एडवाइजर ग्रुप 'सीएक्ससी' ने कम से कम पांच ऐसे उद्योग बताये हैं, जहां आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर कामगारों की सबसे ज्यादा जरूरत पड़ने वाली है। ये हैं विमान परिचालन, चिकित्सा, खानपान, निर्माण और यातायात। ये वही सेवा क्षेत्र हैं, जिनमें हम भारतीयों की दक्षता रही है। अब अगर इन नयी संभावनाओं को ध्यान में रखकर सरकार नयी रोजगार नीति बनाये, तो बढ़ती आबादी की समस्या को अवसर में बदलने में शायद ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। कौशल विकास योजना को संगठित तौर पर थोड़ा व्यापक आधार दिया जाये और अंतरराष्ट्रीय श्रम प्रबंधन में अपनी सशक्त भूमिका सुनिश्चित की जाये, तो यह बेरोजगारी के वध का अभूतपूर्व सुयोग भी हो सकता है।

लेकिन बड़ी आबादी के तमाम सकारात्मक पहलुओं के बावजूद यह एक गंभीर चुनौती तो है ही। इतनी बड़ी आबादी का प्रबंधन, उसके लिए जरूरी सुविधाएं जुटाना और उस आबादी को विश्वस्तरीय श्रमशक्ति में बदलना आसान काम नहीं है। इन चुनौतियों का सामना तभी किया जा सकता है, जब भारत का हर नागरिक अपने कर्तव्य में जुट जाये।

# माओवादी संगठन का 48 घंटे का झारखंड-बिहार बंद शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांच इनामी नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने के विरोध में भाकपा माओवादी संगठन ने दो दिवसीय बिहार-झारखंड बंद का आज पहला दिन है। नक्सलियों के बंद को देखते हुए पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है।

पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के प्रवक्ता प्रतीक ने एक बयान जारी कर 20 और 21 अप्रैल 2023 को 48 घंटे का बिहार-झारखंड बंद की घोषणा की है। बयान में बताया गया कि तीन अप्रैल 2023 को झारखंड राज्य के पलामू चतरा बोर्डर क्षेत्र के लावालौंग थाना अंतर्गत गरहे जंगल में पांच साथियों की निर्ममतापूर्वक हत्या की कड़ी निंदा और भर्त्सना करते हैं। इस घटना के विरोध में पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड में कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) मजदूर किसान, प्रगतिशील बुद्धिजीवियों, छात्रों, नौजवानों, कलाकारों पत्रकारों, जनवाद प्रेमियों, न्याय पसंद लोगों से 20 व 21 अप्रैल 2023 को 48 घंटे बंद को सफल बनाने की अपील करती है। बयान में बंद के दौरान दूध, पानी, पेपर, अस्पताल, एंबुलेंस आदि जरूरी सेवाओं को मुक्त रखने का ऐलान किया है।

नक्सलियों के बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने संबंधित सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है।

### आर्मी जमीन घोटाला मामले में अनुशासनिक कार्रवाई का आदेश जारी

# लैंड स्कैम में गिरफ्तार रिम्स कर्मी अफसर अली निलंबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आर्मी की जमीन अवैध तरीके से बेचे जाने के आरोप में गिरफ्तार रिम्स रेडियोलॉजी विभाग के रेडियोग्राफर मो. अफसर अली को निलंबित कर दिया गया है। उसे 13 अप्रैल की तारीख से निलंबित किया गया है। इडी की ओर से इसी दिन छापेमारी की गयी थी।

वहीं इसी दिन सात आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया था, जिसमें से अफसर अली भी एक था।

**होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई :** रिम्स की ओर से जारी की गयी सूचना में बताया गया है कि रेडियोलॉजी विभाग के रेडियोग्राफर मो. अफसर अली को हिरासत में लिये जाने की तिथि के प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अफसर अली के विरूद्ध आरोप पत्र गठित करते हुए, अनुशासनिक कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है। झारखंड सरकारी सेवक



(वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के कंडिका-9 (2) (क) में निहित प्रावधान के तहत यह निर्देश जारी किया गया है।

**फर्जी डीड बनाने का मास्टरमाइंड है रिम्स कर्मी :** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन बेचने में आसनसोल के प्रदीप बागची को किंग पिन बताया जा रहा है। क्योंकि बंगाल में रजिस्टर्ड अधिकतर जमीन की डीड बागची के पिता प्रफुल्ल बागची के नाम पर है। जमीन का नेचर बदलने, खाता-प्लॉट या क्षेत्रफल बदलवाने से लेकर कोलकाता में फर्जी डीड तैयार करने का असली मास्टरमाइंड रिम्स के थर्ड ग्रेड का कर्मचारी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान है।

**दो साल से की केवल नाइट ड्यूटी :** आर्मी लैंड स्कैम केस में नाम आये अफसर अली रिम्स का स्थायी कर्मचारी है। अफसर अली कहने को तो रिम्स का थर्ड ग्रेड कर्मचारी है, लेकिन इसकी धाक ऐसी है कि करीब दो सालों से रिम्स में उसकी सिर्फ नाइट ड्यूटी लगती थी। कई बार एक महीने की उपस्थिति एक दिन में रजिस्टर में दर्ज कर महीने भर की सैलरी लेता था। रिम्स में भी उसका रवैया अजीब रहा है। रिम्स कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अफसर अली का विवाद कई बार जूनियर डॉक्टरों से भी हो चुका है। डॉक्टरों द्वारा काम करने को कहने पर अक्सर टालमटोल करना, अर्जेंट लिख कर जांच के लिए भेजने के बाद भी मरीजों को वापस लौटा देना उसकी आदत थी।

# कर्नाटक चुनाव : मल्लिकार्जुन खड़गे के गढ़ में कमल खिलाने झारखंड भाजपा के नौ सांसद और विधायक बहा रहे हैं पसीना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में झारखंड भाजपा के नौ सांसद-विधायक पसीना बहा रहे हैं। झारखंड से गये नेताओं को मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गढ़ गुलबर्गा (कलबुर्गी) में किलाबंदी करने की जिम्मेदारी मिली है। झारखंड से सांसद आदित्य साहू, निशिकांत दुबे, सुनील सिंह, विधायक मनीष जयसवाल, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, कोचे मुंडा और नीरा यादव यहां कैंप कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू भी चुनाव प्रचार में हिस्सा ले रहे हैं। झारखंड से गये नेता गुलबर्गा जिले के गुलबर्गा दक्षिण, गुलबर्गा उत्तर, चित्तापुर और सेदम में चुनाव प्रचार, जनसंपर्क, सांगठनिक बैठकों, चुनावी सभाओं में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अलावा अपने-अपने समाज और जाति से जुड़े संगठनों के नेताओं और बुद्धीजीवियों से भी संपर्क कर भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार कर रहे हैं।





**चित्तापुर में आदित्य साहू ने संभाली है कमान :** गुलबर्गा जिला मल्लिकार्जुन खड़गे का गढ़ माना जाता है। वे यहां से 2014 और 2009 में लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं। वहीं उनके पुत्र प्रियंक खड़गे गुलबर्गा के चित्तापुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। इस सीट से मल्लिकार्जुन भी चुनाव जीत चुके हैं। चित्तापुर में 1952 से 2008 तक कांग्रेस 12 बार चुनाव जीत चुकी है। 2009 में एक बार भाजपा ने यहां सेंधमारी की थी। 2013 और 2018 में प्रियंक खड़गे यहां से लगातार दो बार चुनाव जीते हैं। चित्तापुर में झारखंड से राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एक हफ्ते से कमान संभाले हुए हैं। उनके साथ कोचे मुंडा भी चुनाव अभियान में पसीना बहा रहे हैं।

**निशिकांत दुबे गुलबर्गा में बहा रहे पसीना :** सांसद निशिकांत दुबे गुलबर्गा उत्तरी और गुलबर्गा दक्षिणी विधानसभा में लगातार दौरा कर रहे हैं। निशिकांत ब्राम्हण और राजपूत नेताओं और संगठन के लोगों से मिलकर उन्हें भाजपा के पक्ष में लाने की कोशिश कर रहे हैं। गुलबर्गा दक्षिण में 2018, 2013 और 2008 में लगातार तीन बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसलिए भाजपा यहां इस बार भी जीत का परचम लहराने के लिए बेकरार है, लेकिन गुलबर्गा उत्तर में राह आसान नहीं है, क्योंकि यहां 2018, 13 और 08 में लगातार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

**सेदम विधानसभा में सुनील सिंह कर रहे बैठकें :** सांसद सुनील सिंह सेदम विधानसभा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। सेदम में 2018 में भाजपा ने कब्जा किया है। इससे पहले 1999 से 2013 तक लगातार चार बार कांग्रेस ने वहां कब्जा जमाया है। कुल मिलाकर इस सीट पर कांग्रेस अबतक छह बार जीत चुकी है। सुनील सिंह लगातार कार्यकताओं और नेताओं के साथ बैठक कर चुनाव में जीत की रणनीति बना रहे हैं।

**यादगीर, आलंद और यशवंतपुर में भाजपा को फिर से जिताने की चुनौती :** सांसद अनंत ओझा को यादगीर विधानसभा का जिम्मा मिला है। यादगीर में 2018 में भाजपा ने कब्जा जमाया था, लेकिन इससे पहले 1978 से 2013 तक सात बार यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी।

उधर बिरंची नारायण की आलंद विधानसभा में ड्यूटी लगी है। आलंद में फिलहाल भाजपा का कब्जा है। इससे पहले एक बार वहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज किया था। वहीं विधायक मनीष जायसवाल बेंगलुरु जिला का यशवंतपुर विधानसभा क्षेत्र मिला है। 2019 के उपचुनाव में भाजपा यहां से चुनाव जीती है, लेकिन इससे पहले चार बार कांग्रेस यहां से जीत चुकी है।

# हाइकोर्ट ने पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग और परिवहन पर लगी रोक हटायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली है। लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाइकोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगा, यानी ये कंपनियां अपनी माइनिंग गतिविधियां उक्त तीन जिलों में कर सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि उक्त तीनों जिला में कोर्ट के आदेश के से पूर्ण रूप से माइनिंग गतिविधियों, जिनमें कोयला बॉक्साइट आयरन अयस्क आदि भी शामिल है, उनके खनन और परिवहन पर भी रोक लग गयी है। बहुत सारी ऐसी



कंपनियां हैं, जो लीगल रूप से वहां पत्थर, कोयला, बॉक्साइट, लौह अयस्क बालू आदि का माइनिंग कर रही हैं।

उन्हें सरकार की ओर से लीज और खनन के लिए लाइसेंस भी मिला हुआ है। महाधिवक्ता ने कोर्ट को वैध माइनिंग करने वालों कंपनियों की सूची भी सौंपी और वैध रूप से माइनिंग करने वाली कंपनियों को खनन एवं परिवहन की अनुमति देने का आग्रह किया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने उक्त तीनों जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक जिलों में वैध और अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगायें। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गयी है, जिसकी अध्यक्षता आइजी पुलिस सीआइडी कर रहे हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की थी।

दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बतायी गयी है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई, उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था कि पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों रुपये का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
1st Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.0 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.12 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.25 बजे | |



# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर रांची में महाधरना

## सत्याग्रह पर बैठे और नगाड़ा बजा कर शंखनाद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी में गुरुवार को कांग्रेस से निलंबित नाराज गुट के नेताओं ने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान भरी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने बापू वाटिका मोरहाबादी में धरना दिया और सत्याग्रह पर बैठे एवं नगाड़ा बजा कर शंखनाद किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव,गोड्डा जिला कांग्रेस महासचिव मनोज झा सहित संगठन से जुड़े कार्यकर्ता शाम 4 बजे से 7 बजे तक महाधरने पर बैठे और एक स्वर से प्रदेश अध्यक्ष को हटाने की मांग आलाकमान से की। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि प्रभारी अविनाश पांडेय अच्छे आदमी हैं और एनएसयूआइ, युवा कांग्रेस की पृष्ठभूमि से निकल कर राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव बने हैं। संगठन के निष्ठावान और कर्मठ नेता भी हैं, लेकिन ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो निकम्मे और अनुपयोगी अध्यक्ष को ढो रहे हैं। जिस व्यक्ति की न कोई अपनी पकड़ है, ना कोई राजनैतिक हैसियत है और ना पहचान है। चाटुकारिता और गणेश परिक्रमा कर एक व्यक्ति ने आलाकमान को झांसा देकर अध्यक्ष बना दिया, लेकिन कोई भी मानने को तैयार नहीं है। प्रभारी के दौरे से कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार जरुर हुआ है, लेकिन प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री के इर्द-गिर्द ही खड़े होकर फोटो छपाने में लगे रहते हैं। इस महाधरना की सफलता इस बात को प्रमाणित करती है कि अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और अनुशासन के नाम पर अगर डराने धमकाने का प्रयास जारी रहा, तो संगठन के लिए यह नुकसानदायक होगा। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह किया है कि बोर्ड निगम चयन में किये गये कार्यों को तव्वाजो दिया जाये।

वहीं प्रदेश कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया में कार्पोरेट ऑफिस की तर्ज पर साक्षात्कार हुए और जब परिणाम सामने आये, तो जिला अध्यक्षों में एक भी अनुसूचित जाति, एक भी अल्पसंख्यक, एक भी महिलाओं को स्थान नहीं दिया गया। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस ने कोर वोटर का अपमान किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन में भी पार्टी द्वारा तय मानक का उल्लंघन किया गया। कांग्रेस में वैसे कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की गयी, जिन्होंने सदस्यता अभियान के तहत पार्टी में हजारों की संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ा। अगर पारदर्शिता के साथ बोर्ड और निगम के गठन में समर्पित नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ नाइंसाफी हुई, तो पार्टी में बगावत होगी, पार्टी टूटेगी और जब पार्टी में तानाशाही बढ़ेगी, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि दिल्ली द्वारा जो भी कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस को दिये जाते हैं, उसका अनुपालन पार्टी द्वारा नहीं किया जा रहा है। अभी हाल ही में जय भारत सत्याग्रह का आयोजन पूरे प्रदेश में करना था, लेकिन इसका स्वरूप ही बदल दिया गया। जय भारत सत्याग्रह राज्य में माला और भाषण तक ही सीमित रहा। हम लोगों के द्वारा नोटिस में लाने के बाद आनन-फानन में बंदी के दिन समाहरणालय पर प्रदर्शन कर प्रदेश कांग्रेस ने अपनी औपचारिकताएं पूरी की। बार-बार अपनी ही सरकार के कामकाज और विशेष रूप से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों पर सवाल उठाते रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बार-बार मंत्रिपरिषद में फेरबदल की बात करके सरकार और पार्टी दोनों को जनता की नजरों में कमजोर कर रहे हैं। इस दौरान महाधरने के दौरान प्रमोद यादव, अभिषेक साहू, संजीत यादव, प्रवीण अनामिया निप्पू, लाल मोहन बेदिया, एस अंसारी, सुखराम पाहन, घनी नाथ करमाली, जेठू मुंडा, भुवनेश्वर पाहन, अविनाश उरांव, सूरज उरांव, संदीप उरांव, मुकेश उरांव, राजेश नायक, बसंत बेदिया, सतोष कुमार, रंजीत महतो, पप्पू सिंह, सुनील यादव उपस्थित थे।



## संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 24 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** मिड डे मील की करोड़ों रुपये के घोटाले में आरोपित संजय तिवारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 24 अप्रैल को अपना फैसला सुनाएगी। सरेंडर करने के बाद संजय तिवारी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। इससे पूर्व 15 अप्रैल को कोर्ट में तिवारी की ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया था।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक–753006, ओड़िशा, भारत
CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 04/ एसआरएफ/वाईपी–I / 2023-24

भाकृअनुप–राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में 'प्रिसिशियन पर नेटवर्क परियोजना' शीर्षक परियोजना ईएपी–353 के तहत एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) और एक (01) यंग प्रोफेशनल–I (YP-I) के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार क्रमश: दिनांक 08.05.2023 तथा 09.05.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप–एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध है।

Walk-in-interviews will be held on 08.05.2023 and 09.05.2023 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF) and one (01) Young Professional-I (YP-I) respectively at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the Scheme "Network project on precision Agriculture (NePPA)" (EAP-353). The details regarding essential qualifications age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.

प्रधान अन्वेषक / Principal Investigator

## सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 25 को काला बिल्ला लगा कर करेंगे न्यायिक कार्य

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता 25 अप्रैल को काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य करेंगे। यह निर्णय रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। रांची जिला बार संघ के महासचिव संजय विद्रोही ने गुरुवार को बताया कि इस संबंध में रांची सिविल कोर्ट के सभी वकीलों को सूचना दे दी गयी है। रांची सिविल कोर्ट के वकीलों से आग्रह किया गया है कि वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर एकजुटता दिखाने के लिए काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्यों में शामिल हो। उन्होंने कहा कि एक्ट लागू होने के बाद सभी अधिवक्ता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे।

## वकील मनोज झा मर्डर केस के आरोपी इमदाद को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मनोज झा हत्याकांड के आरोपी इमदाद अंसारी को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। इमदाद की ओर से हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता मोख्तार खान ने बहस की। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने इमदाद की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। बता दें कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## झारखंड में कोरोना के 51 नये मरीज मिले, अब कुल एक्टिव केस 264 हुए

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में कोरोना के मरीज दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे में राज्य में 51 नये कोरोना के मरीज मिले हैं। राज्य में कुल एक्टिव केस 264 हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार कोरोना के नये मामलों में रांची में 14, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में आठ- आठ, बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह एवं गोड्डा में एक एक, देवघर में नौ, हजारीबाग में तीन, लातेहार, रामगढ़ पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा में एक-एक मरीज मिले हैं, जबकि राज्य में कोरोना के 13 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में सबसे अधिक 72 केस राजधानी रांची में एक्टिव है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आत्मविश्वास की वृद्धि। नये योजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। गृह और भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष** काफी दिनों से लंबित समस्याओं का समाधान। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सफलता-लाभ मिलेगा।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता। संतोषजनक प्रगति होगी। धन लाभ होगा।

**कर्क** परिवार में मांगलिक कार्य। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता। धन-द्रव्य का लाभ होगा।

**सिंह** नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं बिलंब होगा। वाहन-मकान या भूमि के सौदे अभी स्थगित करें।

**कन्या** प्रेम प्रसंगों में उलझन। नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। विरोधियों से परेशानी संभव।

**तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा।

**वृश्चिक** प्रभावशाली पद प्राप्त होगा। संकल्पित कार्य पूरे होंगे। बकाये रकम की प्राप्ति।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।

**मकर** प्रयास सफल होंगे। हर्षदायक समाचार मिलेंगे। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य में सुधार। जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न। समस्याओं का निराकरण।

## पिछले कुछ वर्षों में पीआइएल अप्रत्याशित बढ़े हैं, हाइकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# झारखंड में हो रहा है पीआइएल का मिसयूज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है। हाइकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में अप्रत्याशित संख्या में पीआइएल (जनहित याचिका) दाखिल किये गये हैं। दरअसल अनुरंजन अशोक द्वारा माओवादियों को लेवी वसूलने के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गयीं थी। जिस पर हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद प्रार्थी ने कोर्ट की अनुमति से जनहित याचिका वापस ले ली। प्रार्थी अनुरंजन अशोक की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद अदालत में उपस्थित हुए। इसी दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जितने पीआइएल झारखंड में होते हैं, उतने शायद ही कहीं और होते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह पीआइएल दायर करने की सुविधा का मिसयूज है।

## हाइकोर्ट ने साइबर क्राइम पर गृह मंत्रालय और ट्राई से मांगा जवाब

**रांची (अजाद सिपाही)।** झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) की ओर से कोर्ट को बताया कि साइबर अपराध उसके क्षेत्राधिकार का विषय नहीं है, यह विषय नीतिगत फैसले से जुड़ा है जो की भारत सरकार के गृह मंत्रालय के क्षेत्राधिकार में आता है। इस पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में ट्राई और भारत सरकार के गृह मंत्रालय को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 जून निर्धारित की।

## मनी लांड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव को जमानत के बाद भी जेल में रहना होगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी और मनी लांड्रिंग के आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुना दिया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद हाइकोर्ट ने बच्चू यादव की बेल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने बच्चू की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हालांकि बच्चू यादव अभी जेल में ही रहेगा। क्योंकि बच्चू पर मनी लांड्रिंग का केस भी चल रहा है। गौरतलब है कि बच्चू यादव के खिलाफ साहेबगंज के मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 91 दर्ज की गयी है। अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने के मामले की जांच इडी कर रही है। इडी ने बच्चू यादव को रांची से गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

# श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने श्रमिकों के प्रति संवदेनशीलता दिखाते हुए ठेका मजदूरों की मजदूरी में जुड़े महंगाई भत्ता में वृद्धि कर दी है। इससे विभिन्न कैटेगरी के मजदूरों की मजदूरी में लगभग सवा दो हजार से लेकर साढ़े तीन हजार रुपये तक की प्रतिमाह में बढ़ोतरी हो गयी है।

राज्य सरकार ने ठेका मजदूर (विनियमन एवं उन्मूलन) नियमावली 1972 के नियम-25 के उपनियम (2) के खंड (श) के उप खंड (बी) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ठेका श्रमिकों की सेवा शर्तों एवं देय मजदूरी का निर्धारण किया है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से एक अप्रैल 2023 की तिथि से अधिसूचित परिवर्तनशील महंगाई भत्ता की दरें तय की गयीं हैं, जो ठेका श्रमिकों को देय होंगी। इसके लिए सरकार ने आदेश निर्गत कर दिया है। इसके तहत वर्ष 2020 के अकुशल श्रमिकों को देय मजदूरी प्रतिमाह 8,571.78 रुपये थी।

अब राज्य सरकार की घोषणा के बाद एक अप्रैल 2023 से बड़े महंगाई भत्ता में 2,220.94 रुपये की वृद्धि हुई है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 10,792.72 रुपये दिये जाएंगे। इसी तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में 8,977.47 रुपये देय था, लेकिन अब महंगाई भत्ता दर में वृद्धि से इनका वेतन 2,326.06 रुपये बढ़ गया है। अब ऐसे श्रमिकों को प्रतिमाह 11,303.53 रुपये मिलेंगे। कुशल श्रमिकों को वर्ष 2020 में देय मजदूरी प्रतिमाह 11,935.06 रुपये थी। महंगाई भत्ता दर बढ़ने से 3,092.37 रुपये की वृद्धि के बाद अब 15,027.43 रुपये प्रतिमाह मजदूरी मिलेगी। इसी तरह अति कुशल श्रमिकों को 13,675.59 रुपये के स्थान पर अब 17,218.93 रुपये मजदूरी प्रतिमाह मिलेगी। इनके वेतन में 3,543.34 रुपये की वृद्धि हो गयी है।

# आरएमसी ने दिया 90 घरों को तोड़ने का आदेश

## भवन मालिक खुद तोड़ लें मकान, निगम तोड़ेगा तो होनेवाले खर्च की वसूली भी करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम के आदेश से 90 घरों के मालिक एक बार फिर सकते में आ गये हैं। रांची नगर निगम ने कांके डैम और बड़ा तालाब के किनारे घर बने घरों और व्यावसायिक भवनों को तोड़ने का आदेश जारी किया है। यह आदेश नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह की ओर से जारी किया गया है। आदेश में साफ लिखा हुआ है कि चिह्नित मकान मालिक अपना मकान खुद की तोड़ लें, अन्यथा निगम सख्ती बरतते हुए तोड़ेगा।

**15 दिनों का दिया है समय :** नगर निगम की ओर से चिह्नित मकान मालिकों को जारी आदेश में 15 दिनों का समय दिया है। इस आदेश में कहा गया है कि सभी मकान मालिक 15 दिनों के भीतर अपना मकान खुद ही तोड़ लें। इस निर्धारित समय के बाद नगर निगम सख्ती बरतते हुए मकान तोड़ देगा। आदेश में यह भी लिखा है कि निगम की ओर से तोड़े जाने पर जो खर्च आयेगा, उसे मकान मालिक से ही वसूला जायेगा। बता दें कि नगर निगम ने कांके डैम के किनारे बने 66 एवं बड़ा तालाब के किनारे बने 24 भवनों को तोड़ने का आदेश दिया है।

**दो साल पहले भी दिया था आदेश :** ऐसा नहीं है कि अवैध निर्माण की बात कह घरों को तोड़ने का आदेश नगर निगम की ओर से पहली बार दिया गया है। इससे पहले नगर आयुक्त कोर्ट से वर्ष 2021 में भी तोड़ने का दिया गया था, तब नगर आयुक्त कोर्ट के आदेश के विरोध में लोग आरआरडीए ट्रिब्यूनल में चले गये थे। यहां निगम के कार्रवाई को सही ठहराते हुए सभी केस को वापस नगर आयुक्त कोर्ट भेज दिया गया।

**हाइकोर्ट के आदेश पर निगम हुआ एक्टिव :** दो साल पहले अवैध निर्माण तोड़ने की बात सरकार स्तर पर हुई थी, तब कहा गया था कि अवैध भवनों को रेगुलराइज करने पर विचार किया जा रहा है। इसके बाद निगम ने कार्रवाई रोक दी। दो दिन पहले हाइकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि नदी, नालों डैम को अतिक्रमणमुक्त किया जाये, तब निगम ने सभी भवन मालिकों को फाइनल नोटिस भेजा है।

**आवासीय और व्यावसायिक दोनों तरह के भवन :** नगर निगम द्वारा जिन घरों को तोड़ने का आदेश दिया गया है, उसमें कांके डैम के अधिकतर घर आवासीय हैं। वहीं बड़ा तालाब के अधिकतर मकान व्यावसायिक हैं। निगम के इस आदेश के संबंध में प्रभावितों ने कहा कि सरकार अवैध भवनों को रेगुलराइज करने के लिए एक्ट ला रही है। वहीं नगर निगम ऐसे भवनों को तोड़ने के लिए नोटिस भेज रहा है।

### कांके डैम के इनके घर तोड़ने का आदेश

निरंजन मेहता, अल्ताफ हुसैन, सकलदेव सिंह, मधुसूदन सिंह, विद्यानंद सिंह, वेंकटेश्वर गुप्ता, नानो किशोर प्रसाद, कन्हैया लाल, सत्य प्रकाश सेठ, सुमंत सिंह, सुषमा पांडेय, उषा किरण-विनिता खन्ना, धर्मेंद्र कुमार, रमेश अग्रवाल, भवन शर्मा, जयनाथ गुप्ता, शिवपूजन शर्मा, कुंदन कुमार, विश्वनाथ ओझा, देवपूजन सिंह, उत्तम गोराय, ओमप्रकाश, सारो देवी, तारकेश्वर तिवारी, राजीव रंजन सिंह, सुमन सिंह, मृत्युंजय लाल, रिंकू देवी, शशि पांडेय, बिंदु देवी, वीना देवी, ममता सिंह, भगत राज, पप्पू कुमार, जोगेंद्र शर्मा, विनोद पंडित, रितू देवी, बीरा उरांव, मनोज चौधरी, नवीन वर्मा, शीला देवी, सुमन देवी, सोनी देवी, सीता देवी, संतोष रवि, संतोष, नरेश प्रसाद, अंजू देवी, पिंकी देवी, जतन देवी, गायत्री देवी, ओमप्रकाश सिंह, इंदू देवी, मिथिलेश प्रसाद, नरेश विश्वकर्मा, गुड्डी शर्मा, संजय सिंह, गौतम सिंह, ज्ञानरंजन सिंह, जोगेंद्र सिंह, पूनम झा, अन्नू गुप्ता, अनिता देवी, अरुण गुप्ता, हैप्पी किंगर, इनफ्रेडेड प्राइवेट लीमिटेड।

### बड़ा तालाब के इनके घरों को तोड़ने का आदेश

बंधु कच्छप एवं अमरजीत कच्छप, लेक व्यू कार वाशिंग सेंटर एव कैपिटल जिम, झारखंड बंगाल रोडवेज, चिकेन रिटेल आउटलेट, अमम्द पॉल्ट्री, राजा पॉल्ट्री, शौकत अली, सना ट्रेडर मंजार मोसूद, वेस्पा अपरीला ऑटो प्लेक्स, यूनिवर्सल इंटरप्राइजेज, शरद कच्छप-ज्ञान कच्छप, फूल कच्छप-शंकर कच्छप, आरुष कच्छप-आरुस होटल, मो इरफान, मो सम्मुद्दीन, मो ताहा, मो शाहनवाज ऑप्टीकल, यतेंद्रनाथ सिंह, विनोद गुप्ता, मंटू कुमारी शर्मा माहिल उद्योग बाजार, अरुण कुमार महादेव टाइल्स, निखिल पोद्दार, प्रीति कुमारी और एमके उरांव।

## सीएम हेमंत सोरेन से पत्रकार रवि प्रकाश ने मुलाकात की

# कैंसर को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने का किया आग्रह

### मुख्यमंत्री की तस्वीरों का एल्बम भेंट किया

### सीएम ने शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश ने गुरुवार को शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने कैंसर की बीमारी के चल रहे उपचार से संबंधित बातें साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से कैंसर की बीमारी को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इससे इस बीमारी से ग्रसित होने वाले हर मरीज और होने वाली मौत का पंजीकरण होने के साथ संपूर्ण आंकड़ा भी सरकार के स्तर पर उपलब्ध होगा। इसके साथ कैंसर बीमारी और उससे ग्रसित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पॉलिसी बनाने में भी सहूलियत होगी।

इस मौके पर उन्होंने खुद के कैमरे से क्लिक की गयी मुख्यमंत्री की तस्वीरों का एल्बम सप्रेम भेंट की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका कुशल क्षेम जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



## अस्पताल में लोगों को आग से बचाव की दी जानकारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड अग्निशमन सेवा के द्वारा 14 से लेकर 20 अप्रैल तक जिले में चलाए जा रहे है अग्निशमन सप्ताह के तहत गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर में आग से सुरक्षा के तरीकों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जिला अग्निशमन पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर, प्रधान अग्नि चालक रामचंद्र महतो व अग्नि चालक रजत कुमार मिंज ने सदर अस्पताल में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों के अलावे सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों को भी आग से बचाव को लेकर जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में अग्निशमन पदाधिकारी शैलेन्द्र किशोर ने आग लगने से लेकर इस पर काबू पाने तक के बारे में बताया। उन्होंने घरेलू आग पर काबू पाने का तरीका बताया साथ ही साथ गैस तथा बिजली से किस प्रकार आग लगने की संभावना उत्पन्न हो सकती है और उससे किस प्रकार बचा जा सकता है यह भी समझाया। मौके पर डॉ शरद कुमार, डॉ प्रशांत उपाध्याय, डॉ गोविंद प्रसाद के अलावा ए एन एम अमृता यादव, हीरालाल, सुनीता कुमारी, अनु कुमारी सहित बड़ी संख्या में अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## युवती ने आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत काराखुट निवासी 21 वर्षीय युवती ममता कुमारी पिता राजेंद्र रजक ने गुरुवार को घरेलू विवाद में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी होने पर युवती के परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवती को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

## एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में निशुल्क एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कोडरमा प्रखंड के बेकोबार और लोहासीकर में कार्यक्रम कर योगाचार्य सुषमा सुमन ने आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चों को योग का महत्व बताया। सुषमा सुमन का कहना है अभी कड़ी मेहनत करना पड रहा है आने वाले दिन में बच्चों का योग के प्रति झुकाव रहेगा। उसके बाद लोहासीकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी योग परामर्श दिया गया। सभी बच्चे खुश हुए। सुषमा सुमन ने खाने पीने पर भी विशेष जानकारी दी। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कड़ी मेहनत की जा रही है। योग शिविर में लोहासीकर के वार्ड पार्षद मुन्ना यादव, स्कूल के शिक्षक तुलसी राणा, मोहम्मद आलम, नुनू यादव, ज्योति देवी, पूजा देवी, आशीष कुमार ने सहयोग किया।

## पश्चिमी सिंहभूम ने कोडरमा को 3 विकेट से हराया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेलें जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच पुलिस लाइन मैदान में कोडरमा और पश्चिमी सिंहभूम के बीच हुआ। टॉस जीतकर कोडरमा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 258 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु ने शानदार 128 रन, आयुष ने 43 रन और अभिजीत ने 27 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए पश्चिमी सिंहभूम की ओर से सत्यम सिंह ने 5 विकेट, पियूष त्यागी ने 2 विकेट और अनीस ने 1 विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी पश्चिमी सिंहभूम की टीम 48.1 गेंद में 7 विकेट खोकर विजय लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कार्तिक कृष्णा ने 76 रन, साकेत ने 28 रन और अर्चित ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु और राहुल ने दो 2 विकेट और मानव कुमार पीयूष और आर्यन ने एक-एक विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच पश्चिमी सिंहभूम के कार्तिक कृष्णा को दिया गया।

## जिला समाहरणालय के समक्ष 25 अप्रैल को धरना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान कोडरमा में पॉलिटेक्निक के वॉइस चेयरमैन प्रभात राय की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में पॉलिटेक्निक स्थानांतरण और इंजीनियरिंग कॉलेज निजीकरण करने पर चर्चा किया गया। प्रभात राय ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज बागीटांड कोडरमा में हम छात्र छात्राओं के लिए सुरक्षित जगह है। सुरक्षा का नजरिया देखा जाए तो पॉलिटेक्निक कॉलेज के कुछ ही दूरी पर सदर अस्पताल, पुलिस स्टेशन आने जाने का सारा सुविधा कोडरमा रेलवे स्टेशन को देखते हुए यह पॉलिटेक्निक संस्थान इसी जगह पर उचित है। पता चला है कि पॉलिटेक्निक संस्थान भी प्राइवेट के हाथों में बेचा गया है जो घोर निंदनीय है। गरीब के बाल बच्चा डिग्री प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान कोडरमा के भवन को झारखंड सरकार सीबी रमन इंस्टीट्यूट के पास सस्ते दर में बेच दिया अब भारी-भरकम फीस लेकर गरीब बच्चों का एडमिशन लेगा और गाड़ी का भाड़ा ट्यूशन फीस वार्षिक फीस लेकर दोहन करेगा। कोडरमा में पढ़ रहे बच्चों को गोहाल मे जबरन धकेल दिया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में झारखंड सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अभिलंब विचार करने की जरूरत है। बैठक में मनीष सिंह, प्रियांशु कुमार, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, शंभू कुमार, नितेश कुमार, अंकित कुमार, सुधीर कुमार आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रियांशु कुमार ने किया।

## ईश्वर में ही सच्चा आनंद है : परमेश्वरी



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जगद्गुरु तम श्री कृपालु जी महाराज की शिष्य सुश्री परमेश्वरी देवी का स्नेह आगमनअड़ी बंगला केंद्र पर हुआ। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने परमेश्वरी देव का स्नेह भरा स्वागत फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया। वही ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने संस्था का परिचय तथा ईश्वरीय सेवाओं से देवी जी को अवगत कराया। उन्होंने कहा परमात्मा का दिव्य कर्तव्य चल रहा है नव सृष्टि सतयुग की स्थापना होने जा रही है। उनका दिव्य अलौकिक जन्म ब्रह्मातन में होता है। जगद्गुरु कृपालुजी महाराज की परम शिष्य सुश्री परमेश्वरी देवी ने अपने विचारों को सबके सम्मुख रखा। कार्यक्रम में बीके संगीता, बीके स्वाति, बीके रजनी, बीके कुसुम, मंजू, उमा, नीलू, सुनील, शंकर, रामेश्वर आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय में नामांकन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय कोडरमा में कक्षा एक में नामांकन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान सर्वप्रथम केंद्रीय विद्यालय कोडरमा के प्रधानाचार्य निशांत कुमार चौबे ने उपायुक्त को पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात नामांकन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया की शुरूआत की गई। ज्ञात हो कि केंद्रीय विद्यालय कोडरमा में कुल 42 सीटों के लिए 178 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें नामांकन हेतु लड़कियों की संख्या 71 एवं लड़को की संख्या 107 थी। लॉटरी का आयोजन ऑनलाइन था। चयनित छात्र-छात्राओं का नामांकन 24 अप्रैल से शुरू होगा। मौके पर मुख्य रूप से गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत कुमार चौबे, केंद्रीय विद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के परिजन उपस्थित रहे।

### रामनवमी के सफल और शांतिपूर्ण समापन के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** हजारीबाग की सुप्रसिद्ध रामनवमी पर्व 2023 के सफल समापन पर जिला प्रशासन के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय पाराडाईज रिजॉर्ट में संपन्न हुए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय और पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे रहे। मौके पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन, सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार एवं प्रशिक्षु आईपीएस प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम के लिए औपचारिक शुरूआत किया।

बुधवार की शाम आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीयों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीयों के लगातार अथक परिश्रम व प्रयासों से शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी सम्पन्न कराने को लेकर उन्हे उपायुक्त के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने पूरे पर्व के दौरान मीडिया की भूमिका को भी अहम माना, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को मीडिया का पूरा सहयोग मिला, सच्ची और पुष्ट खबरों से आमजनमानस को लैस रखा। उपायुक्त उन तमाम मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### शास्त्रीय नृत्य व गीत संगीत से माहौल रहा रूहानी

पाराडाइज रिजार्ट में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त नैंसी सहाय समेत कई अधिकारीयों व डांस ग्रुप्स ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से समां बांध दिया।

उपायुक्त ने दिल है छोटा सा छोटी सी आशा गीत गाकर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। तरंग ग्रुप के बच्चियों द्वारा शास्त्रीय एवं लोक नृत्य की दिलकश प्रस्तुति दी गई। बुधवार की शाम सभी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी व तमाम मिडिया के प्रतिनिधियों ने उत्साहित होकर पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया। मंच संचालन एवं उद्घोषक के रुप में संजय तिवारी और प्रह्लाद सिंह रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, सभी थानों के थाना प्रभारी के आलावा कई मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आर्म्स एक्ट के दो आरोपियों को सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना कांड संख्या 194/2014 में रिवाल्वर की नोक पर टेंपो लूटने के दो आरोपियों सिकंदर यादव पिता रघु यादव, देवी मंडप रोड, तिलैया और प्रदीप मंडल पिता स्वर्गीय दशरथ साव, तीनतारा थाना कोडरमा निवासी को 5-5 साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है। मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने अंडर सेक्शन 25 (1)-(बी) आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए दोनों को सजा सुनाई। साथ ही 5-5 हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं दिए जाने पर आरोपियों को 1-1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वही अंडर सेक्शन 26/ 35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 3-3 साल सश्रम कारावास व 2 हजार जुमार्ना लगाया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह-छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। क्या है मामला कोडरमा थाना गश्ती दल को तिलैया के पैंथर के द्वारा मिली सूचना मिली कि मरकच्चो की ओर से आ रहे एक सवारी टेंपो को हथियार के बल पर कुछ अपराधियों ने लूट लिया है और अपराधी लोकाई स्थित मंदिर में छिपे हुए हैं। गश्ती दल को पैंथर के द्वारा मिली सूचना के आधार गश्ती दल एवं पैंथर के जवानों के द्वारा लोकाई स्थित मंदिर को घेर कर जांच की गई तो वहां पर सोए हुए दो आरोपी पकड़े गए। जांच करने पर दोनों के पास से एक एक देसी कट्टा बरामद हुआ साथ ही कुछ कारतूस भी पाए गए। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। इस दौरान सभी 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मंटू सिंह ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोनो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

# डंडई पुल पर चली गोली, एक की मौत, दूसरा घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिला के इचाक और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सीमाना पर स्थित डंडई पूल पर गुरुवार शाम गोलीबारी हुई, जिसमे एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान लक्ष्मण पांडेय के रूप में हुई है। जिसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, गोली उसको पेट में लगी थी। जबकि घायल महेंद्र कुमार उम्र 23 वर्ष को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। इस गोली बारी में कई राउंड गोली चलने की सूचना है, जिसमे पुलिस ने घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलीबारी से पूर्व पूल पर आपसी झड़प भी हुआ था। लक्ष्मण और महेंद्र दोनो दोस्त है। घटना आपसी रंजिश में बताया जा रहा है, मगर घटना का खुलासा नहीं हो सका था। घटना की जानकारी पाकर इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह घटना स्थल पहुंच मामले की जांच में जुट गए। मौके से पर जिंदा कारतूस 1 और खोखा पांच बरामद किया गया और 1 आपची बाइक जेएच 01 सी क्यूं 3525 बरामद किया गया।

# स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को हजारीबाग जलसहिया संघ ने मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रांची के प्रधान सचिव को हजारीबाग जलसहिया संघ द्वारा 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। उक्त मांग पत्र जिला जलसहिया संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सचिव का हजारीबाग आगमन के दौरान सौंपा गया है। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि हम सभी जलसहिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों को ग्राम स्तर पर विगत 10 -12 वर्षों से संपादित कर रहे हैं। इस दौरान कई प्रकार की समस्याएं और चुनौतियां का सामना करना पढ़ रहा है। इन समस्याओं एवं चुनौतियों को मद्देनजर जलसहिया संघ द्वारा विभाग से विश्व जल दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदि कार्यक्रमों में हम सब जलसहिया को प्रोत्साहित करने, जल जीवन मिशन के तहत प्रति गांव 5 महिलाओं को अविलंब प्रशिक्षण देने, जल सहिया का पंचायत स्तर प्रखंड स्तर और जिला स्तर पर बैठक में भाग लेने पर जलपान, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता अविलंब लागू करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत जलसहिया के योगदान से पूरे गांव ओडीएफ घोषित की तरह जल जीवन मिशन का कार्य संवेदक से ना करा कर जलसहिया के माध्यम से कराने, झार जल माध्यम से की गई कार्य के एवज में अविलंब भुगतान करने, घरेलू शौचालय की बकाया निर्धारित प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान करने, ऑनलाइन कार्य करने के लिए मोबाइल एवं इंटरनेट का खर्च उपलब्ध कराने, सभी जल सहिया का 4 वर्ष का बकाया मानदेय भुगतान कराने एवं शौचालय निर्माण कार्य के एवज में जलसहिया को 150 रुपैया प्रोत्साहन राशि भुगतान करने आदि मांग शामिल है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने एक अलग आवेदन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता विभाग हजारीबाग के जिला समन्वयक विश्वनाथ सोनी पर कई प्रकार का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। मांग पत्र में जिला समन्वयक पर जल सहिया से नियुक्ति प्रमाण पत्र मांगने, अभद्र व्यवहार करने, मुखिया से मिलकर जल सहिया को हटाने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाया गया है। मांग पत्र में चौपारण के जलसहिया के साथ अभद्र व्यवहार करने का गवाह चौपारण के सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, प्रमुख पंचायत के मुखिया के साथ बैठक में दुर्व्यवहार करने का आरोप लगायी गयी है। उक्त मांग पत्र सौंपते समय प्रधान सचिव ने जल सहिया प्रतिनिधिमंडल को बहुत जल्द पूरा करने और जिला समन्वयक पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

### तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता न करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय कक्ष में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएमएफटी सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्वीकृत आधारभूत संरचना एवं निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा ज़िला हजारीबाग में लोककल्याण से संबंधित कई योजनाओं को डीएमएफटी मद से स्कीम स्वीकृत योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता न करें। योजना समय पर एवं गुणवत्ता सही रहे इसके लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता स्कीम के साइट पर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्यपालक अभियंता को अपने स्तर से अपने अपने विभागीय स्कीम और डीएमएफटी से स्वीकृत व संचालित योजनाओं में डुप्लीकेसी न हो इसके लिए सजग रहने एवं डीएमएफटी को अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए धरातल पर काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया साथ ही चालू परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल देते हुए नियमित निगरानी कर अड़चनों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सभी अभियंताओ को निर्देशित किया। जेठ की गर्मी और उत्पन्न पेयजल समस्या के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता पेयजल को कंट्रोल रूम को सक्रिय कर हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित समस्या समाधान के लिए एई, जेई सहित पूरी टीम को तैनात कर समस्या का संवेदनशीलता, तत्परता के साथ समस्या का समाधान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीएमएफटी, पेयजल, भवन, पथ, सिंचाई, विशेष प्रमंडल, ज़िला परिषद द्वारा संचालित परियोजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक की लापरवाही, भूमि की अनुपलब्धता, अतिक्रमण, विद्युत कनेक्शन, रोड़, वन भूमि एनओसी, विधि व्यवस्था, अन्य स्थानीय अड़चनों को दूर करने के लिए अपने स्तर से विभागीय, अंतर्विभागीय, जिला प्रशासन स्तर पर पहल कर समय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

## रमजान शरीफ अलविदा की नमाज अदा की जायेगी

**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू प्रखंड सहित कोयलांचल व बारह गांव में रमजान शरीफ अलविदा का नमाज आज अदा किया जाएगा। नमाजे अलविदा के बाद दुआओं में अपने देश मे रह रहे तमाम लोगों के लिए अमन व खुशहाली के लिए दूआ किया जाएगा। रमजान शरीफ महिने का तीन हिस्सों में बांटा गया है पहला दश दिन का रहमत दुसरा दश दिन का बरकत व तिसरा दश दिन का मगफेरत में बांटा गया है। इसी अंतिम अशरा में इतिकाफ के लिए मस्जिद में कम से कम एक आदमी को बेठना जरूरी समझा गया है मगफेरत के अंतिम जुम्मा को अलविदा का नमाज अदा किया जाता है। इस मुबारक महिने में रोजा रखना कुरान शरीफ का तिलावत करने में बहुत सवाब मिलता है इस मुबारक महिने में सदका खैरात फितरा के रूप में गरिब व मिस्कीन को रूपय दिया जाता है ताकि रमजान के मांह में उनके यहा भी खुशी खुशी ईद मना सके।

## विष्णुगढ़ में युवक की मौत

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चानो निवासी सुरेंद्र महतो का 17 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार महतो 11वीं का छात्र सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक प्रदीप हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहा था। मौत की खबर पाकर उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना का कारण पता नही चल पाया है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता मदन लाल की हुई मौत



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा बाजार निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सह समाजसेवी मदन लाल जी का आकस्मिक निधन बुधवार की रात हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव शोक संतप्त परिवार जनों से मिले व गहरी शोक संवेदना प्रकट किए। पूर्व विधायक यादव ने कहा कि मदन लाल जी सरल स्वभाव के मृदुभाषी और व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। बरकट्ठा ने आज अपना एक राजनैतिक धरोहर को खो दिया। भगवान उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ज्ञात हो कि मृतक मदन लाल अपने पुत्र मिथलेश भारती, रतन लाल सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मौके पर संजय गुप्ता, दुर्गा नन्द झा, राजकुमार नायक, दिलीप दास, राहुल गुप्ता, त्रिवेणी यादव, सुनील गुप्ता, धीरज गुप्ता, भूनेश्वर मोदी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में मां काली पूजा की धूम

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** चेडरा पंचायत स्थित मेन रोड स्थित बरमसिया काली मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक काली पूजा बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हुई। इस सम्बंध में बताया जाता है कि पूजा विगत 2003 से यानी बीस वर्षो से यह पूजा किया जा रहा है। संस्थापक स्व0 संतोषी वैध अपने पिता के पुण्य स्मृति पर मंदिर की स्थापना की गई। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पूजा करने यहां पर आते हैं। बुधवार मध्य रात्रि में पूजा, हवन, महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ। यह बारहमासिया वार्षिक मां काली पूजा शुक्रवार को पूजा, आरती, प्रसाद वितरण के बाद समापन हो जायेगा। पूजा को संपन्न कराने आचार्य डॉ0 महेंद्र वैद्य, महादेव वैद्य, ओमप्रकाश वैद्य, उमाशंकर वैद्य, विकास वैद्य, बंटी मिश्रा, विशाल पांडेय, धन्नू महतो, धीरेंन कसेरा, रामेश्वर सिंह, त्रिवेणी प्रसाद, किशोर कुमार मण्डल, सन्तोष कुमार, उमेश पांडेय, अनीश सिंह, आनन्द राम, सुनील अकेला, अजय बरनवाल, संदीप बरनवाल आदि जुटे हुए हैं।

## बंद खदान के गहरे पानी में डूबा युवक



**पदमा/इचाक (आजाद सिपाही)।** पदमा और इचाक के सीमाना पर स्थित चमेली खदान में दोस्तो संग नहाने गए युवक इचाक थाना क्षेत्र के भूसाई टोला पारतांड निवासी संजय मेहता के पुत्र प्रिंस कुमार गहरे पानी में डूब गया। घटना गुरुवार 11 बजे के आसपास की है। चमेली खदान कई वर्षो से बंद पड़ा हुआ था। बंद चमेली खदान को चमेली फॉल का रूप दे कर दूर दूर से यहां लोग घूमने आते हैं। घूमने के उद्देश्य से ही सात लडको का समूह चमेली खदान आए और तेज धूप के कारण गर्मी को देखते हुए नहाने के उद्देश्य से पानी में छलांग लगाए, जिसमे से एक युवक प्रिंस कुमार पिता संजय मेहता गहरा पानी में डूबकर गुम हो गया। उसके साथ आए उसके साथियों ने युवक के घर में जाकर जानकारी दी, तब प्रिंस के परिजन और गांव वाले चमेली पहुंच कर खोजबीन करने लगे। जानकारी पाते ही पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह के द्वारा गोताखोर टीम को बुलाकर लगातार पानी में खोज कराया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक उक्त युवक का कोई पता नहीं लगा। इस मौके पर घटनास्थल पर पदमा अंचलाधिकारी मुजाहिद अंसारी, पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह ,पदमा जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सगागढ़ा के जंगल में महिला का शव बरामद

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस ने मलडी सगागढ़ा जंगल से लगभग 45 वर्षीय एक अज्ञात महिला की शव बरामद की है। उक्त मामले को लेकर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि महिला लाल रंग का ब्लाउज एवं गुलाबी रंग की साड़ी पहनी हुई है। शव को देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की मौत शायद दो-चार दिन पूर्व में हो चुकी है। हालांकि शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर हॉस्पिटल भेज दिया गया है। उक्त शव चारवाहा द्वारा देखा गया। तत्पश्चात पुलिस की सूचना दी गई जिस पर पुलिस ने शव स्थल पर पहुंचकर बरामद करते हुए पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## बड़कागांव में बूथ सशक्तिकरण अभियान




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा अधिकृत प्रो. संजय सिंह, विजय जयसवाल एवम् वसुध तिवारी ने बड़कागांव पश्चिमी मंडल में प्रवास किया। प्रवास के दौरान बुथ अध्यक्ष एवम् सचिव से मिल कर बुथ शक्ति करण के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकताओं को मार्गदर्शन मिला। बड़कागांव में कुल 67 बुथ है, जिसमें लगभग 60 बुथ में अध्यक्ष, सचिव एवम् पन्ना प्रमुख बन चुके है।मौके पर प्रदेश से आए अतिथियों को मंडल महामंत्री के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री नार्शिग प्रसाद, युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ.शिबू मेहता, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य उदय मेहता, बुथ अध्यक्ष नीरज मालाकार, बुथ अध्यक्ष संदीप सिंह, एवम् अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी की मिली उपाधि



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** ग्राम कलहाबाद, बरकट्ठा निवासी विनय कुमार गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान किया है। गुप्ता वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज जमशेदपुर में राजनीति विज्ञान के लेक्चरर हैं। इन्होंने फरवरी 2023 में आयोजित डॉक्टर ऑफ फिलासफी की परीक्षा पास की है। हजारीबाग जिला के विशेष संदर्भ में महिला राजनीतिक सशक्तिकरण झारखंड पंचायत राज के संदर्भ में अपना थेसिस प्रस्तुत किया था। गुप्ता ने इस कार्य में सहयोग करने वाले सभी गुरुजनों, मित्रों और बंधु-बांधवों को धन्यवाद देते आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी उनके बडे भाई राशि भूषण प्रसाद, अध्यक्ष, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बरकट्ठा ने दिया है।

## खतियानी सभा को संबोधीत करेंगे जयराम महतो



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर स्थित ग्राम महटिकरा के मैदान में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत 2:00 बजे अपराहन होगी। इसके मुख्य अतिथि जयराम महतो शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के अध्यक्ष रामचरित्र प्रसाद, टेकलाल कुमार एवं मिथिलेश कुमार ने दी। रामचरित्र प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम में भाषा, खतियान, जल जंगल, जमीन, नियोजन नीति, उद्योग, विस्थापन नीति लागू करवाने के विचार-विमर्श होगी।

# करमा में युवक ने लगायी फांसी




**परिजनों का आरोप राजकुमार का किया गया हत्या, जांच में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** गुरुवार की सुबह करमा नारायणपुर में एक युवक का शव कुए के फंदे से झूलता हुआ कुजू पुलिस ने बरामद किया। युवक की शिनाख्त नारायणपुर निवासी इंटर छात्र राजकुमार ( 20 वर्ष) पिता गणपत महतो के रूप में हुई। सूचना के बाद कुजू ओपी के सअनि हीरालाल मुंडू घटनास्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, मृतक के पिता व परिजनों ने हत्या का आंशका जताया है। जबकि पुलिस ने प्रथम दृष्टया में आत्महत्या का मामला बताया। वही, पुलिस आत्महत्या और हत्या के दोनों मामले को लेकर गहन जांच पड़ताल कर रही है। इधर, राजकुमार द्वारा एक युवती की फोटो को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए जाने पर बढ़ा विवाद की चर्चा जोरों पर है।

**हत्या का आरोप लगाते हुए पिता ने ओपी में दिया आवेदन**

मृतक के पिता धनपत महतो ने कुजू ओपी में पुत्र राजकुमार की हत्या कर और शव को कुए में लटकाने का आरोप लगाते हुए को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि गत 18 अप्रैल को दिन के 11 बजे सुरेंद्र महतो पिता सुरेश महतो, छोटन महतो पिता जगदेव महतो व दीपक महतो पिता शूटर महतो तीनो बूढ़ाखाप करमा निवासी मेरे घर आए और पुत्र राजकुमार को जबरन उठाकर ले गए। बाद में उन लोगों ने बूढ़ाखाप में हेमलाल महतो के घर के समक्ष लगे बिजली पोल से रस्सी लगाकर बांध दिया। साथ ही, आरती देवी पति नारायण महतो, नारायण महतो और गोविंद महतो पिता दोनों हेमलाल महतो, सुरेश महतो व नरेश महतो पिता स्व बुचा महतो, रमेश महतो, सुनील महतो पिता नामालूम इन सभी लोगों ने युवक का मोबाइल छीनते हुए बेरहमी से मारपीट की। कड़ी धूप में घंटो बांधकर रखा। यहां तक कि उन लोगों ने युवक को उठक बैठक कराया। जब इसकी सूचना हम परिजनों को हुई तो घटनास्थल पहुंचकर उसे छुड़ाकर घर लाया और इलाज कराया। लेकिन मारपीट के कारण खाने पीने में असमर्थ रहा। 19 की रात्रि में करीब 3 बजे घर से शौच के लिए बाहर निकला। काफी देर तक घर नहीं आया तो खोजबीन करने लगा। अंततः देखा कि घर के पास के कुएं में लगे बिजली के पोल के सहारे उसका शव झूल रहा है। साथ ही उसके हाथ व पैर बंधे पड़े हैं। इससे साफ तौर पर स्पष्ट हो रहा है कि कहीं न कहीं उक्त लोगों ने इसकी हत्या की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

**युवती की फोटो को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए जाने पर बढ़ा विवाद**

मिली जानकारी के अनुसार, जिन लोगों के खिलाफ मारपीट एवं हत्या के आरोप लगाए गए हैं। उसी परिवार की एक युवती ने अपनी फेसबुक पर अपनी फोटो अपडेट कर रखा था। इसी दौरान राजकुमार ने युवती के फोटो को एडिट कर अश्लील गाने के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया, जिसे देखने के बाद युवती के परिजनों ने युवक के साथ मारपीट की घटनाक्रम को देखते हुए लोगों में युवक द्वारा डिप्रेशन के चलते आत्महत्या कर लेने की चर्चा जोरों पर है। लेकिन पुलिस हत्या व आत्महत्या के सभी बिंदुओं पर गहन छानबीन में जुटी है। इधर, पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या बताया।

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की

# क्राइम कंट्रोल पर फोकस करें अधिकारी अपराधियों को भेजें जेल : पीयूष पांडेय

**सोशल जागरूकता को लेकर स्कूल-कॉलेजों में लगाया जाएगा कैंप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** एसपी पियूष पांडेय ने गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित एसपी कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर कई दिशा निर्देश दिया। बैठक में एसपी ने ओपी और थानावार अधिकारियों से कई जानकारियां हासिल किया।





**सोशल गतिविधि के लिए लगेगा कैंप**

**एसपी ने कहा कि सोशल गतिविधि एवं यातायात जानकारी के लिए स्कूल कॉलेजों में कैंप लगाकर छात्र छात्राओं को अधिकारी जागरूक करेंगे सोशल मीडिया का उपयोग और वाहन चलाने के तरीकों से अवगत कराएंगे।**

**अपराध और अपराधियों पर रखें नजर, करें कड़ी कार्रवाई**

बैठक में एसपी पियूष पांडेय ने क्राइम कंट्रोल पर विशेष चर्चा किया। उन्होंने हाल के दिनों में शहर के अलावे अन्य क्षेत्रों में घटित घटनाओं पर लंबी बातचीत की। अधिकारियों को कहा कि घटित घटनाओं का उद्भेदन जल्द करें। साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि सभी थाना व ओपी प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दे। संदिग्ध व्यक्तियों पर तुरंत कार्रवाई करें। किसी भी सूचना पर तत्काल एक्शन ले। ताकि अपराधियों का मंसूबा विफल हो सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हाल में हम अपराध स्वीकार नहीं करेंगे। इसके लिए अधिकारी सचेत हो जाए। अन्यथा उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

**लंबित कांडों का करें निष्पादन**

एसपी ने विभिन्न थाना व ओपी में लंबित कांडों का अविलंब निष्पादन करने का निर्देश दिया है। साथ ही फरार वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया है।

**कौन-कौन थे उपस्थित**

अपराध समीक्षा बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर सुशील कुमार सिंह, मांडू सर्किल इंस्पेक्टर विपिन कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, गोला थाना प्रभारी सिद्धांत, बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, कुजू ओपी से सैनिक समद, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# स्कूल में ईद समारोह का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल नया नगर बरकाकाना ने सर्वधर्म संभाव में विश्वास जताते हुए ईद समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में वर्ग एलकेजी से वर्ग द्वादश तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान यूकेजी से वर्ग प्रथम तक के बच्चों ने परंपरागत परिधान में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वर्ग तृतीय से अष्टम तक के बच्चों ने ख्वजा अली ख्वाजा अली बोल वाली मनमोहक और कर्णप्रिय कव्वाली प्रस्तुत की। वर्ग नवम की प्रसिद्धि झा ने ईद पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्नताओं से परिपूर्ण है, यहां का हर व्यक्ति अपनी मान्यता के अनुसार धर्म को मानता है, छोटे बच्चे ईद को सेवइयों से जानते हैं। हमारा यह कर्तव्य है कि हम बच्चों को ईद के महत्वपूर्ण उद्देश्य सेवा भाव से अवगत करायें और जकात जैसी महत्वपूर्ण परंपरा क्या होती है? उसके बारे में बताएं। अपने लिए तो सभी जीते है दूसरों के लिए बच्चों को जीना सीखाएं।

# पतरातू में आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया गैस कनेक्शन



**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित पतरातू पंचायत सचिवालय में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 18 आंगनवाड़ी केंद्रों को कुकिंग गैस का कनेक्शन दिया गया। इस मौके पर पतरातू सीओ शिव शंकर पांडे और बीडीओ हरी नाथ महतो ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से कहा कि राज्य सरकार के द्वारा आप सभी को कोयले और लकड़ी के धुएं निजात देने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में कुकिंग गैस का कनेक्शन दिया जा रहा है। मौके पर पतरातू मुखिया गिरजेश कुमार, परमानंद राजीव, गैस कंपनी के तकनीशियन ईश्वरी साहू, कलीम अहमद सहित आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाएं शामिल थी।

# भुरकुंडा में झामुमो की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के बीच में गुरूवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया सहित प्रखंड प्रमुख सीताराम बेदिया, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत, चरेंद्र बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित थें। बैठक में मोर्चा की मजबुती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान को ले विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तत्पश्चात झारखंड मुक्ति मोर्चा बीचा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया, सचिव नरेश मुंडा, कोषाध्यक्ष सुकर बेदिया, उपाध्यक्ष सुरेंद्र बेदिया, सुखदेव मुंडा, रतन देवी व दिनेश तुरी, सहसचिव बिंदेश्वर बेदिया, बीरेंद्र बेदिया, भुनेश्वर बेदिया व संजय मुंडा, संगठन सचिव पिंटू बेदिया, राजु बेदिया व गोवेर्धन बेदिया चुने गये। वहीं कार्यकारणी सदस्यों में सुष्मिता देवी, फूलन देवी, देवंती देवी सहित 31 लोग शामिल हैं। सभी नये सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा झामुमो का उद्देश्य ही समस्याओं का समाधान करना है। झामुमो ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सबों को एक समान मान–सम्मान दिया जाता है। बैठक की अध्यक्षता मनोज गंझू व संचालन शिबु गंझू ने किया। मौके पर झलकू बेदिया, शिवनाथ बेदिया, महावीर मुंडा, मनसा बेदिया, मनोज मुंडा, सुकर बेदिया, बिरसा तुरी, रामसेवक बेदिया, विश्वनाथ बेदिया, जय प्रकाश बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, सुष्मिता देवी, फूलन देवी, हीरामणि देवी, चानो देवी, मोनिका देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, सोनी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# एस्पायर कोचिंग सेंटर के पांच छात्रों का रेलवे में चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** एस्पायर कोचिंग के पांच छात्रों ने रेलवे में सफलता का परचम लहराकर अपने संस्थान, क्षेत्र व माता-पिता का नाम रोशन किया है। छात्रों की सफलता पर गुरुवार को संस्था में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने पांचों विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर निदेशक रत्नेश कुमार ने बताया कि पटेलनगर भुरकुंडा निवासी टिकेश्वर यादव के पुत्र जसवंत यादव का रेलवे बोर्ड सिकंदराबाद में ट्रैक मेंटेनेंस के पद पर चयन हुआ है। जबकि कुरसे निवासी भुनेश्वर प्रजापति के पुत्र नीरज प्रजापति का दक्षिण पश्चिम रेलवे, डिवीजन बैंगलोर में असिस्टेंट ट्रैक मेंटेनेंस पद पर, गिद्दी निवासी राज कुमार राय के पुत्र दीपक कुमार का पटना बोर्ड में ट्रैक मेंटेनेंस पद पर, भुरकुंडा शिवनगर निवासी सुनील साव के पुत्र धीरज कुमार का चेन्नई बोर्ड में अस्सिटेंट मैकेनिक हेल्पर पद पर और रीवर साइड भुरकुंडा निवासी नाजिर हुसैन के पुत्र आमिर हुसैन का दक्षिण पूर्व रेलवे डिवीजन रांची में अंतिम रूप से चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास से ही सफलता मिलती है। छात्रों की सफलता पर निदेशक रत्नेश कुमार सहित शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, चंदन गुप्ता, आकाश कुमार, अभिषेक मिश्रा, सचिन कुमार, अमित कुमार, रोहित, राहुल, शुभम, विक्रांत, जयंत, रोशन सहित दर्जनों विद्यार्थियों व कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# सुरक्षा को ले झामुमो नेता ने सहायक विद्युत अभियंता को सौंपा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सुरक्षा को लेकर झामुमो नेता ने बुधवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को पत्र सौंपा है। पत्र में योगेंद्र यादव ने कहा है की पतरातू प्रखंड के किनी ग्राउंड के बहुत नजदीक से बीचो-बीच 11000 वोल्ट का तार गुजरा है। जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इस ग्राउंड में सैकड़ों लोग प्रतिदिन व्यायाम, खेलकूद करते हैं। साथ ही इस मैदान में हर वर्ष सोहराय डायर जतरा मेला का आयोजन हजारों लोगों की उपस्थिति में किया जाता है। लेकिन उक्त 11000 वोल्ट के तार के कारण लोगों में हमेशा दहशत और डर का माहौल बना रहता है। क्योंकि यहां कभी भी बड़ी घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। इस गांव के लिए मात्र एक यही ग्राउण्ड है। उन्होंने सुरक्षा को देखते हुए 11000 वोल्ट के तार को साईड से ले जाने की मांग की है ताकि डर और भय का माहौल खत्म हो सके। पत्र के माध्यम से आग्रह पूर्वक कहा गया है की हमारी मांगों पर जल्द पहल किया जाये ताकि किसी तरह का जान-माल का नुकसान ना हो।

# शहर में अंडरग्राउंड होगा ड्रेनेज सिस्टम, एक महीने में बन जायेगा डीपीआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ड्रेनेज सिस्टम जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। रामगढ़ में नालियों के जल निकासी के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों ने अपनी पहल की है। गुरुवार को ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने को लेकर छावनी परिषद के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी, नगर परिषद के अधिकारी, मास कंसल्टेंट कंपनी के साथ-साथ थाईलैंड और श्रीलंका के भी प्रतिनिधियों ने शिरकत किया। इस संबंध में एसडीओ सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मो जावेद हुसैन बताया कि उस बैठक में जुडको, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कंपनी के प्रतिनिधि के साथ कुल 24 लोगों ने शिरकत किया है। इस बैठक में रामगढ़ का शहर का गंदा पानी बेहतर तरीके से कैसे बाहर निकाला जाएगा इस बार विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ड्रेनेज सिस्टम को बनाने के लिए एशियन डेवलपमेंट बैंक अपना पूरा पैसा लगाएगी।



**कृषि कार्य और स्टोर करने के काम में आयेगा साफ पानी**

**एसडीओ सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने बताया कि रामगढ़ शहर और छावनी परिषद क्षेत्र दोनों का ही कायाकल्प हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र और छावनी परिषद क्षेत्र के हर घर से निकलने वाला गंदा पानी पाईप के जरिए पहले ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचेगा। उसके बाद वहां घर निकलने वाली गंदगी को अलग कर जल को साफ किया जाएगा। उस साफ साथ जल का उपयोग कृषि कार्य या उसे अलग तरीके से स्टोर करने के काम में आएगा। अगर उस पानी का कोई उपयोग नहीं हो पाया तो उसे नदियों में बहा दिया जाएगा।**

**एक महीने में बन जाएगा डीपीआर**

एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन ने बताया कि मास कंसल्टेंट कंपनी इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार कर रही है। डीपीआर तैयार होते ही नगर परिषद क्षेत्रीय और छावनी परिषद क्षेत्र में निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। हालांकि इस प्रोडक्ट को तैयार होने में 3 वर्षों से अधिक समय लगने की संभावना जताई गई है।

# सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ-भारतीय मजदूर संघ क्षेत्रीय कमेटी का पुनर्गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बरका–सयाल क्षेत्र के सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ/भारतीय मजदूर संघ की क्षेत्रीय कमेटी पुनर्गठन को ले गुरूवार को सौंदा डी शाखा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गयझं बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में बरका–सयाल के केंद्रीय प्रभारी सह संगठन मंत्री मदन प्रसाद, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशी भूषण सिंह व रामविनय त्रिपाठी मुख्य रूप से मौजूद थें। बैठक की शुरूआत दत्तोपंत ठेंगड़ी, भगवान विश्वकर्मा व भारत माता के तस्वीर माल्यार्पण एवं पूजा–अर्चना कर की गयी। स्वागत कार्य के बाद सचिव ने अपने विगत दो वर्षों में किये गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वहीं कोषाध्यक्ष ने दो वर्षों का कोष वृत पेश किया। जिसे सर्वसम्मति से सदन द्वारा पास किया गया। इस दौरान अध्यक्ष ने पुरानी कमेटी को भंग कर दिया। तत्पश्चात प्रभारी ने सलाह–मशविरा कर नई कमेटी की घोषणा की। नई कमेटी में हरिनाथ महतो अध्यक्ष, शंभू प्रसाद सिंह सचिव व श्रीकांत गुप्ता कोषाध्यक्ष चयनित किये गए। मौके पर मदन कुमार, शशि भूषण सिंह, रामविनय त्रिपाठी, शंभु प्रसाद सिंह, जेपी अग्रवाल, आरएन पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, प्रह्लाद गोप, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश यादव, दिनेश मुंडा, सुखचैन सिंह, जलेश्वर दांगी, महेश प्रजापति, कार्तिक मांझी, श्रीकांत गुप्ता, राजकुमार आदि मौजूद थें।

## गोला में सूरज आग बरसा रहा, 41 डिग्री पारा चढ़ा

# अभी गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, तापमान में और बढ़ोत्तरी की संभावना

अंजनी कुमार

**गोला।** मौसम का मिजाज और तल्ख हो गया है। गोला क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में है। सूरज आग बरसा रहा है। सूरज की तपिश इतनी बढ़ गई है कि सुबह 9-10 बजे से ही धूप झुलसाने लगती है। दिन चढ़ने के साथ-साथ लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। बदन झुलसा देने वाली तीखी धूप और गर्म हवा के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार पड़ रही गर्मी के साथ बिजली की अघोषित कटौती और पेयजल संकट ने आमजन का जीवन और अधिक प्रभावित कर दिया है। अभी नही मिलेगी गर्मी से राहत प्रखंड में लगातार तीखी धूप के साथ बेतहाशा गर्मी पड़ रही है। आलम यह है कि लोगों को चेहरे पर कपड़ा बांधकर व छाता लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से जन जीवन प्रभावित है। गुरुवार को गोला में हीट वेव रहा। दिन का तापमान एक दिन पहले के 42.2 डिग्री की तुलना में और बढ़कर 42.7 डिग्री पहुंच गया। साथ में चली तेज पछुआ हवा ने परेशानी और बढ़ा दी। हालत यह थी कि घर के दरवाजे या खिड़की से धूप की ओर देखने पर भी आंखों में जलन महसूस हो रही थी। तापमान में वृद्धि बनी रहने की संभावना है। अप्रैल के अंत मे तापमान में कमी आने के आसार हैं। फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है।



**शहर में बोरिंग हो रही फेल प्याऊ और चापाकल भी प्यासे**

पारा लगातार चढ़ रहा है। जलस्तर तेजी के साथ नीचे जा रहा है। ऐसे में पुराने चापाकल सूख गए हैं और उससे पानी नहीं आ रहा है। अब तक नए चापाकल लग जाने चाहिए। लेकिन अब भी योजना फाइलों में ही घूम रही है। इसमें सबसे ज्यादा जरूरत स्कूल और सुखाड़ प्रभावित पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों पर और जहां 80 फीट से अधिक जलस्तर वाले क्षेत्रों में चापाकल की जरूरत है।

**लू से बचाव के लिए ये करें उपाय**

धूप में निकलने से पहले सिर को ढंककर निकलें, ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं, आंखों पर सनग्लासेस लगाएं, सफेद या हल्के रंग के कॉटन के कपड़े ही पहनें, अचानक ठंडी जगह से एकदम गर्म जगह पर ना जाएं, गर्मी के दिनों में हल्का व शीघ्र पचने वाला भोजन का सेवन करें, गर्मी में ठंडाई और मौसमी फल का सेवन नियमित करें।

# फायर ब्रिगेड टीम ने दी आग लगने पर बचने की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आपके घर में अगर आग लगती है तो आप अपने जान माल रक्षा कैसे करेंगे, इस मुद्दे को लेकर फायर ब्रिगेड की टीम ने स्कूल में जाकर इस बात की जानकारी दी। रामगढ़ शहर के गुरुनानक पब्लिक स्कूल में गुरुवार को झारखंड अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि कैसे कड़ी सुरक्षा से हम अपनी जान बचा सकते हैं तथा भारी नुकसान से बच सकते हैं। ऑफिसर महेंद्र सिंह तथा उनके साथ आए अन्य कर्मचारियों ने अनेक प्रकार के सुरक्षा नियमों के द्वारा बच्चों को अनेक जानकारियां दी। विद्यालय के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम को देखा तथा बहुत कुछ सीखा। रेत, पानी या कंबल, रेत, मिट्टी या बाल्टी से आग के ऊपर पानी डालकर आग को कैसे फैलने से रोका जा सकता है। कपड़ों में आग लगे हुए व्यक्ति को जमीन पर लिटाने का प्रयास करें। विद्यालय में बच्चों के साथ-साथ शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी सीखा कि विपरीत परिस्थिति में स्वयं को कैसे बचाया जा सकता है। ये थे उपस्थित कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक संपन्न



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न तकनीकी विभाग यथा ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल समेत अन्य तकनीकी विभागों के अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल चतरा के अंतर्गत किये जा रहे कार्य यथा प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना (मरम्मति कार्य सहित). मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिला खनिज फाउंडेशन डीएमएफटी, विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनाबद्ध योजना मद से क्रियान्वित विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीआरडीए निदेशक ने हर घर नल योजना के लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान, पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला समेत सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

**LOST-FOUND**

I, Akshit Parashar have Lost my Original Class 10th Marksheet. Marksheet Year -2021, Roll No.-22105386 CBSE Board, School-Jawahar Vidya Mandir Shyamali. if found Contact No.: 9931129327.

# समलैंगिक शादी पर सुनवाई शुरू

आखिरकार समलैंगिक शादी से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार से सुनवाई शुरू कर दी। याचिकाकर्ताओं की सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त है कि चूंकि अब देश में दो वयस्क लोगों का स्वेच्छा से आपस में समलैंगिक संबंध बनाना और एक साथ रहना अपराध नहीं है, इसलिए वे एक कपल के रूप में रह तो सकते हैं, लेकिन चाह कर भी अपने रिश्ते को शादी का नाम नहीं दे सकते, क्योंकि शादी से जुड़े मौजूदा कानून जेंडर न्यूट्रल नहीं हैं। इनके मुताबिक शादी पुरुष और महिला के बीच ही हो सकती है। साफ है कि न केवल एलजीबीटीक्यू समुदायों से जुड़े लोग बल्कि कई मानवाधिकार कार्यकर्ता भी इसे समानता के अधिकार से जुड़े मसले के रूप में देख और समझ रहे हैं। उनके मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में दायर ये याचिकाएं कानून में निहित असमानता को दूर करने की एक कोशिश है, जिसे पॉजिटिव रूप में लेना चाहिए। मामला थोड़ा जटिल तब हो गया, जब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि शादियों से जुड़े इस मसले पर कानून बनाने का अधिकार सिर्फ संसद को है। इसलिए कोर्ट को इस मामले की सुनवाई ही नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। केंद्र की दलील थी कि शादियों का यह विषय समवर्ती सूची में आता है। इसके अलावा विभिन्न धर्मों के पर्सनल लॉ भी इससे जुड़े हैं। जाहिर है, इसमें स्टेकहोल्डर्स का दायरा काफी व्यापक है। इसलिए कोर्ट को इसमें नहीं पड़ना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए केंद्र की इस दलील को आंशिक रूप से स्वीकार किया कि इसका दायरा काफी बड़ा है। उसने यह भी साफ कर दिया कि उसे अपनी सीमाओं का पूरा अहसास है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने पर्सनल लॉ से जुड़े पहलुओं को इस सुनवाई से अलग कर दिया। जाहिर है, अब मामला स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों को जेंडर न्यूट्रल करने की बहस तक सीमित हो गया है। हालांकि इसके बाद केंद्र सरकार ने बुधवार को कोर्ट में एक और आवेदन दाखिल कर कहा कि उसने समलैंगिक शादी के मुद्दे पर तमाम राज्यों और केंद्र शासित इकाइयों से बातचीत और विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसलिए इस केस में राज्यों को भी पार्टी बनाया जाये और केंद्र को यह मौका दिया जाये कि वह विचार-विमर्श की इस प्रक्रिया को पूरा कर सके। देखना होगा कि यह केस आगे क्या रूप लेता है और सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता दिलाने की ओर बढ़ता है या नहीं। लेकिन आधुनिक मूल्यों वाले एक खुले समाज के रूप में यह हमारी जरूरत है कि समाज के सभी वर्गों को समानता और गरिमा से युक्त जीवन सुनिश्चित करने का संकल्प कमजोर न होने दिया जाये।

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि शादियों से जुड़े इस मसले पर कानून बनाने का अधिकार सिर्फ संसद को है। इसलिए कोर्ट को इस मामले की सुनवाई ही नहीं करनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सरदार पटेल ने 1947 में नव गठित भारतीय प्रशासनिक सेवा की शुरुआत की, पूरी तरह से भारतीय अधिकारी के साथ और पूरी तरह से भारतीय नियंत्रण के अधीन... अतीत की परंपराओं और कुप्रभावों के बिना, राष्ट्रीय सेवा की अपनी वास्तविक भूमिका को अपनाने के लिए स्वतंत्र। उन्होंने एक मूलमंत्र दिया, जो प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी को प्रेरित कर सकता है: हमें भारत में प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी जिम्मेदारी के पद पर क्यों न हो।**

# एक 'राष्ट्रीय' सिविल सेवा की ओर - 'भावना वृक्ष'



**श्रीनिवास कटिकिथला**

सिविल सेवा दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 21 अप्रैल को मनाया जाता है, राष्ट्रीय सिविल सेवा के विचार का एक उत्सव है। मणिबेन पटेल ने अपनी डायरी में लिखा, बापू ने दिल्ली में नये सेवा भर्ती स्कूल का उद्घाटन किया। यह एक मर्मस्पर्शी क्षण था। सरदार पटेल ने 1947 में नव गठित भारतीय प्रशासनिक सेवा की शुरुआत की, पूरी तरह से भारतीय अधिकारी के साथ और पूरी तरह से भारतीय नियंत्रण के अधीन... अतीत की परंपराओं और कुप्रभावों के बिना, राष्ट्रीय सेवा की अपनी वास्तविक भूमिका को अपनाने के लिए स्वतंत्र। उन्होंने एक मूलमंत्र दिया, जो प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी को प्रेरित कर सकता है: हमें भारत में प्रत्येक सिविल सेवा अधिकारी से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी जिम्मेदारी के पद पर क्यों न हो। यह आपके लिए नहीं है कि आप अपने कार्य को विशुद्ध रूप से किसी अन्य दृष्टिकोण से या पूरी तरह से स्वार्थ से वशीभूत होकर करें, चाहे वह अधिकारी कितना भी प्रबुद्ध क्यों न हो। आपका सर्वप्रथम विचार यह होना चाहिए कि समग्र रूप से भारत के कल्याण में कैसे योगदान दिया जाए। इसलिए, सरदार पटेल के वाक्यांश 'स्टील फ्रेम' को एक कठोर, प्रतिबंधात्मक और नियम-बद्ध औपनिवेशिक नौकरशाही के नकारात्मक अर्थ से जोड़ना हास्यास्पद है।

**'भावना वृक्ष' के लोकाचार की याद में सेवा का मार्ग है, जिसे अकादमी के प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स स्क्वायर के चारों ओर बनाया गया है।**

1921 के कॉमन्स डिबेट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड लॉयड जॉर्ज द्वारा इंपीरियल सिविल सर्विस (आईसीएस) के वर्णन के दौरान 'स्टील फ्रेम' को सिविल सेवा की लोकप्रिय संस्कृति और स्व-परिकल्पना दोनों को परिभाषित करने के लिए प्रयुक्त किया गया था। इसलिए, राष्ट्रीय लोकाचार में निहित एक सिविल सेवा को तैयार करने की शुरूआती सरकारों की चिंताएं, ध्यान-केंद्र से विचलित हो गयीं, क्योंकि वह देश-विभाजन का अशांत दौर था। यह काम अधूरा रह गया।



'भावना वृक्ष' के लोकाचार की याद में सेवा का मार्ग है, जिसे अकादमी के प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स स्क्वायर के चारों ओर बनाया गया है। मार्ग कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित, भली-भांति बंद समय कैप्सूल की एक श्रृंखला है, जिनमें 2021 में शुरू होने और 2047 में समाप्त होने वाले सिविल सेवा प्रशिक्षुओं के क्रमिक बैचों के उद्देश्य के बयानों को समाहित किया जा रहा है।

सिविल सेवा के लिए एक भारतीय लोकाचार को परिभाषित करने का कार्य भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने भारत को 'अमृत महोत्सव' से 'अमृत काल' की ओर ले जाने के लिए, देश की दृष्टि और 'पंच प्रण'- पांच संकल्प - की व्याख्या की। दूसरा संकल्प अर्थात औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करने के लिए स्व-परिकल्पना के पुनरीक्षण और सिविल सेवाओं से जुड़ी औपनिवेशिक कार्य-संस्कृति को हटाने की जरूरत है। एक प्रतिबिम्ब की शक्ति और सकारात्मक दृष्टि, दोनों मुक्तिदायक हैं और सुधार करने में सक्षम हैं। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) ने सिविल सेवा को एक जीवित इकाई झ पीपल वृक्ष - जिसने प्राचीन काल से हमारी सभ्यतागत दृष्टि को अनुप्राणित किया है, के रूप प्रस्तुत किया। सिविल सेवा, 'भावना वृक्ष' के रूप में, सेवा और सहानुभूति का एक वृक्ष है। इस प्रकार, यह आत्म-आश्वासन और उपनिवेशवाद की भावना से मुक्ति की सकारात्मक पुनर्पुष्टि है।

नागरिकों के कल्याण में स्वर्ग-तुल्य आराम की तलाश के लिए प्रेरक कुलदेवता, शक्तिशाली स्वगारोहिणी की अग्रभूमि में स्थापित अकादमी, भावना वृक्ष की एक प्रतीक के रूप में परिकल्पना करती है, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्य के प्रति समर्पण के कालातीत गुणों का प्रतिनिधित्व करता है।

अमृत काल के लिए एक आदर्श सिविल सेवा अधिकारी की विशेषताओं और अवधारणा को पहली बार 31 अक्टूबर 2019 को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित किया गया था। ये हैं - (1) सक्रिय और विनम्र (2) पेशेवर और प्रगतिशील (3) ऊर्जावान और सक्षम (4) पारदर्शी और तकनीक-सक्षम (5) रचनात्मक और सकारात्मक (6) कल्पनाशील और अभिनव। भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा के विचार में समग्रता है। एक पूरी सरकार और मिलकर काम करने का दृष्टिकोण, भविष्य का अंदाज लगाना, कार्य-प्रणाली में सहयोगी, संवाद व कार्यों के प्रति भागीदारी की भावना तथा स्वभाव से अभिनव। दूर-दराज के क्षेत्रों में लोगों की सेवा करने वाले 'भावना वृक्ष' की यही प्रकृति है।

पूर्व औपनिवेशिक मानसिकता को समाप्त करना, भारतीय मूल्यों के प्रति गर्व की भावना को साझा करना और राष्ट्र-प्रथम दृष्टिकोण के साथ कर्तव्य-बद्ध सिविल अधिकारियों का समूह, सिविल अधिकारियों की नई नैतिकता है, जो इसके पवित्र दरवाजे से, ₹मसूरी वाला कर्मयोगीह्व के रूप में बाहर निकलते हैं। अकादमी गीत के रिंगिंग नोट्स, हाओ धमेर्ते धीर, हाओ करोमेते बीर, हाओ उन्नतो शिर-नहीं भाय, कार्य करने के लिए उनका आध्यात्मिक आह्वान है।

'भावना वृक्ष' के लोकाचार की याद में सेवा का मार्ग है, जिसे अकादमी के प्रतिष्ठित डायरेक्टर्स स्क्वायर के चारों ओर बनाया गया है। मार्ग कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित, भली-भांति बंद समय कैप्सूल की एक श्रृंखला है, जिनमें 2021 में शुरू होने और 2047 में समाप्त होने वाले सिविल सेवा प्रशिक्षुओं के क्रमिक बैचों के उद्देश्य के बयानों को समाहित किया जा रहा है। इन प्रतिबद्धता बयानों को विकसित भारत के तहत 15 अगस्त, 2047 को, भारतीय सदी की सुबह में अनावरण के लिए संरक्षित किया जा रहा है। 'भावना वृक्ष' के लिए - अपने स्वामी, अर्थात भारत के लोगों के एक सक्षम सेवक के रूप में खुद को मुक्त करने का दिन।

इस प्रकार, पूर्ववर्ती औपनिवेशिक 'स्टील फ्रेम' प्रतिमान को दरकिनार करते हुए और सरदार के आह्वान को साकार करते हुए, ₹...अब, आप अपने ही लोगों की सेवा कर रहे हैं। तो अब, आप अपने दिल, दिमाग और आत्मा के साथ सेवा कर सकते हैं... आप अपने लोगों की सेवा करके वास्तव में भारतीय होंगे।

**(लेखक : एलबीएसएनएए के निदेशक हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### टाटा स्टील यूआइएसएल ने अग्निशमन सेवा सप्ताह का किया समापन

# सुरक्षा पर दिया गया जोर, किया गया प्रशिक्षित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (यूआइएसएल) ने फायर सर्विस सप्ताह का समापन किया। अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व के बारे में शिक्षित करने और संगठन के कर्मचारी के बीच जागरूकता फैलाने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न सुरक्षा संबंधित कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चलने वाले अभियान में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र, निकासी अभ्यास, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, अग्नि सुरक्षा ऑडिट, और अग्नि सुरक्षा वीडियो दिखाने जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं। कर्मचारियों को आग से संबंधित आपात स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने और स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन अग्निशमन सलाहकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जीवन और संपत्ति की रक्षा में अग्निशमन सेवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए किया गया था। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थितियों में उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाए के बारे में जानकारी दी गयी। अग्निशमन सेवाओं, एंबुलेंस आदि जैसी विभिन्न सेवाओं के बीच समन्वय प्रोटोकॉल की भी जांच की गई. टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने कर्मचारियों को संबोधित किया और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने अग्निशमन सेवा सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने और इसे सफल बनाने के लिए कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और ऊर्जा सराहनीय थी। कुल मिलाकर, फायर सर्विस वीक टाटा स्टील यूआइएसएल के लिए अपने कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों और जीवन और संपत्ति की सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। संगठन ने सुरक्षा उपायों में निवेश करने और अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। टाटा स्टील यूआइएसएल अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में सुरक्षा उपायों को बढ़ावा देने और सुरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की उम्मीद करता है।

### सरायकेला में बन रहे सरकारी अस्पताल की साइट पर पहुंचे पांच अपराधी

# तीन कर्मचारियों की कर दी पिटाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला के संजय ग्राम में 52.86 करोड़ की लागत से बन रहे सरकार के महत्वाकांक्षी एक सौ बेड के सरकारी अस्पताल पर अपराधियों की कुदृष्टि लग रही है। गुरुवार की शाम एक बोलेरो से पहुंचे 5 की संख्या में अपराधकर्मियों साइट पर तीन कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की। और साप्ताहिक मजदूरी भुगतान के लिए रखे गये लगभग 10 लाख रुपये की लूटपाट कर चलते बने। इस दौरान अपराधकर्मियों द्वारा साइट के स्टोर इंचार्ज हिमांशु कुमार, सुपरवाइजर रामचंद्र पंडित और साइट इंजीनियर सिद्धू के साथ मारपीट की गई। बाद में सभी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। वैसे पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है इधर घटना की सूचना मिलते ही सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ साइट पर पहुंचे। और सूचना के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद साइट पर पहुंचे साइट इंचार्ज भूषण कुमार राय ने बताया कि अपराधकर्मियों में एक श्यामलाल शामिल था। जिसकी पहचान साइट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की गई है। श्यामलाल द्वारा साइट पर ट्रैक्टर इत्यादि सप्लाई का कार्य भी किया गया है। बावजूद इसके पूर्व में भी उसके द्वारा धमकी चमकी की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। उन्होंने कहा है कि घटना में घायल हुए कर्मियों से जानकारी लेने के बाद इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना में करने के साथ-साथ विभाग को भी की जायेगी। बताया जा रहा है कि अपराधकर्मी बनकर आए श्यामलाल का पूर्व में अपराधिक इतिहास रहा है। और वह इससे पूर्व तीन बार जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि अपराध कर्मी श्यामलाल को सफेदपोश नेताओं का भी संरक्षण प्राप्त है।

# जमशेदपुर में ईद के दौरान 22 अप्रैल को रहेगी नो इंट्री

**जमशेदपुर (आजद सिपाही)।** ईंद को देखते हुए जमशेदपुर में 22 अप्रैल को नो इंट्री रहेगी। सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक नो इंट्री लागू की गयी है। इस दौरान किसी भी तरह के भारी वाहनों का परिचालन नहीं होने दिया जायेगा। सिर्फ बसों का परिचालन हो सकेगा। इसको लेकर जमशेदपुर की डीसी विजया जाधव, एसएसपी प्रभात कुमर, डीएसपी ट्राफिक कमल किशोर की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। रात 12 बजे के बाद सामान्य तौर पर भारी वाहन जा सकेगा। इस आदेश में यह भी लिखा गया है कि चांद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार नो इंट्री की तिथि में परिवर्तन भी हो सकता है।




### चाइबासा मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण का रास्ता साफ, विधायक दीपक बिरुआ की पहल पर ग्रामीणों से बातचीत में बनी सहमति

**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** चाइबासा प्रखंड के उलीझारी गांव में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का कार्य अब सुचारू रूप से चलेगा। क्षेत्र के विधायक दीपक बिरुआ की पहल पर निर्माण कार्य से संबंधित बकाया मजदूरी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विरोध का समाधान किया गया।

बकाया रखनेवाली एजेंसी सिम्पलेक्स को हटाते हुए री टेंडर प्रक्रिया के जरिये केएमवी प्राइवेट लिमिटेड को निर्माण कार्य पूरा करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी। इस बाबत गुरुवार को विधायक दीपक बिरुआ, पुलिस प्रशासन, स्थानीय ग्रामीणों एवं वर्तमान कार्यकारी एजेंसी की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। इसमें सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकारी एजेंसी केएमवी प्राइवेट लिमिटेड ने बकाया मजदूरी भुगतान करना स्वीकार किया, वहीं मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की बात भी कही। विधायक दीपक बिरुआ ने मेडिकल कॉलेज भवन का गुणवत्तापूर्वक निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस काम में स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार देने की हिदायत दी। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी शशींद्र बड़ाइक, सदर एसडीपीओ दिलीप खलखो, जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी, मुफस्सिल थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक समेत स्थानीय ग्रामीण मुंडा व ग्रामीण भी उपस्थित थे।

### ईद को लेकर आदित्यपुर थाना में शांति समिति की बैठक

# पानी के साथ साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक मेयर विनोद श्रीवास्तव की नेतृत में आयोजित की गई। गुरुवार को आयोजित बैठक में मुस्लिम बस्ती के सदर मो. यूनुस अब्दुल मजीद समेत अन्य लोगों ने बस्ती के एचजे और आयी रोड में पानी की आपूर्ति नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया यदि शुक्रवार को चांद दिखा तो शनिवार को ईद मनाई जायेगी। सुबह 8:15 बजे ईद की नमाज सामुहिक रूप से बस्ती के ईदगाह में अदा की जायेगी। शांति समिति की बैठक में पानी के साथ सफाई, स्ट्रीट लाइट व अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठेक ने लोगो ने बताया डीप बोरिंग भी चलायमान नहीं है, काफी दिनों से बंद पड़ा है। जलापूर्ति की समस्या पर मेयर विनोद श्रीवास्तव ने कहा बस्ती में बोरिंग की योजना पास हो चुकी है। लेकिन बस्ती में जगह नहीं दिया गया एक साल से वह फंड पड़ा हुआ है। उन्होंने ईद के मौके पर टैंकर से जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी राजन कुमार सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका में वन अधिकार कानून पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मजदूर किसान यूनियन के तत्वावधान में रंका आदिवासी खरवार छात्रावास के प्रांगण में गुरुवार को उच्चतम न्यायालय दिल्ली के अधिवक्ता आदिकेश्वन जी की अध्यक्षता में वन अधिकार कानून पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंका अनुमंडल के रंका, रमकंडा, बड़गड़, भंडारिया एवं चिनियां प्रखंड के हजारों की संख्या में आदिम जनजाति के महिला पुरुषों ने भाग लिया। इस अवसर पर रमकंडा प्रखंड के मंगराही गांव की दुष्कर्म पीड़िता आदिवासी लड़की बिकिनी कुमारी के द्वारा डटकर मुकाबला करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजने के लिए उसे पगड़ी पोसी कर तथा तीर धनुष प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रंका अनुमंडल क्षेत्र के पांचों प्रखंडों दर्जनों लोगों ने वन भूमि पट्टा से संबंधित सरकारी कार्यालयों अंचल, अनुमंडल, जिला एवं राज्य स्तर पर लंबित वाद विवाद मामलों से संबंधित कागजात प्रस्तुत किए और इसका निपटारा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आदिम जनजाति समाज के हक अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले लोगों एवं अतिथियों को पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अख्तर अंसारी, पीपुल इंक्वायरी कमीशन के उमेश बाबू, वरिष्ठ पत्रकार तरुण कांति बोस, आलोका जमैक, अखिल भारतीय वन श्रमजीवी यूनियन के सुकालो देवी व राजकुमारी देवी, अधिवक्ता निषाद खान, ग्राम सभा के कमोदा देवी, भारतीय जन नाट्य संघ के प्रेम प्रकाश, प्रेम विश्वकर्मा, महताब खान, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह खरवार सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### ईद का त्योहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना प्रभारी ने किया विचार-विमर्श



**रंका (आजाद सिपाही)।** रमजान ए पाक के अंतिम दिनों की तैयारी चल रही है। ईद का त्यौहार संभवतः 22 या 23 तारीख को मनाया जाएगा। ईद का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने अंजुमन कमेटी अनुमंडल इकाई रंका के लोगों से मुलाकात कर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर शोएब खलीफा, हाजी फरूदीन खलीफा, मोहम्मद शमीयुनिद्दीन खलीफा, डॉ इकरामुद्दीन तथा अंजुमन कमेटी के काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मझिआंव में सर्पदंश से महिला की मौत

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बुढ़ीखांड़ गांव निवासी राजेश्वर यादव की 50 वर्षीय पत्नी शीला देवी की जहरीला सांप के डंसने से मौत हो गई। समाचार के अनुसार शीला देवी बुधवार की रात्रि अपने घर में चारपाई पर सोयी थी। जिसका हाथ नीचे लटका हुआ था। उसी दौरान जहरीला सांप ने डंस लिया। उसके पश्चात परिजनों के द्वारा आनन-फानन में गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं गुरुवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को झांसा देकर शादी करने एवं उसे भगाकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि अब्दुल कलाम अंसारी, पिता अकबर अंसारी ग्राम बेलाबर थाना भवनाथपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसके विरुद्ध धुरकी थाने में खुटिया गांव से एक नाबालिग लड़की को झांसा देकर शादी करने एवं उसे भगाकर ले जाने का मामला दर्ज था। नाबालिक के परिजनों ने धुरकी थाने में इसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया था।

### मुखिया के पिता के निधन पर शोक व्यक्त

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कधवन पंचायत के मुखिया फिरदौस अंसारी के पिता बुलाकी शेख (65) का निधन बुधवार की रात लगभग 10 बजे हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात अचानक उनके पेट मे दर्द हुई, परिजन आनन फानन में गढ़वा अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी उनका निधन हो गया। गुरुवार को परिजनों द्वारा कधवन ग्राम स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। निधन की सूचना पर लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, लाल बाबू खान, तस्लीम खान, हाजी नेजाम खान,मौलाना अशरफ आलम,नरही पंचायत के मुखिया मनोज ठाकुर,मुन्ना अंसारी,पूर्व मुखिया मुस्ताक अहमद शेख, अलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**रमजान :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, कहा

# मुस्लिम समुदाय के लिए काफी महत्वपूर्ण है रमजान का महीना

**गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में मंत्री ने रोजेदारों को भोजन करा कर रोजा खुलवाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा जिला कमेटी के तत्वावधान में पवित्र रमजान के मुबारक मौके पर गुरुवार की संध्या गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मंत्री ने रोजेदारों को भोजन करा कर रोजा खुलवाया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारा देश गंगा, जमुनी तहजीब का मिसाल है। इस प्रकार के आयोजन से आपसी एकता, भाईचारा एवं सद्भावना मजबूत होती है। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी भाई भाई हैं। देश की एकता, अखंडता अक्षुण्ण बना रहे इसी उद्देश्य के साथ इस प्रकार का आयोजन किया जाता है। मंत्री ने कहा कि हमारा देश एक था, एक है और एक रहेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रमजान का महीना मुस्लिम समुदाय के लिए काफी महत्व रखता है। इसमें लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में अल्लाह की इबादत करने से लोगों के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इफ्तार स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में एक महत्वपूर्ण भोजन है। इसका आध्यात्मिक अर्थ और महत्व भी है। इफ्तार के समय, अल्लाह उन लोगों के लिए विशेष दया और प्रेम दिखाता है जो उपवास कर रहे हैं, और विशेष रूप से उन लोगों के लिए जिन्होंने इफ्तार के समय दूसरों के लिए भोजन उपलब्ध कराया है। पैगंबर ने कहा था जो कोई भी उपवास तोड़ने वाले को खिलाता है, वह उपवास करने वाले के इनाम से कुछ भी कम किए बिना उसके समान इनाम अर्जित करेगा।

मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, एसडीओ राज महेश्वरम, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, सीओ मयंक भूषण, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, मदनी खान, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, शरीफ अंसारी, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, दिलीप गुप्ता, नीलू खान, कंचन साहू, जिप अध्यक्ष शांति देवी, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त, रेखा चौबे, ओबैदुलाह हक अंसारी, अरविंद तूफानी, डा. यासीन अंसारी, डा. असजद, ताहिर अंसारी, फरीद खान, विनोद चंद्रवंशी, सनी चंद्रवंशी पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, सचिव सानू सिद्दीकी सहित काफी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

## पथ निर्माण में घटिया कार्य के विरोध में ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**भवनाथपुर सीओ ने पथ निर्माण स्थल पर जांच के बाद तत्काल कार्य बंद करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** ग्रामीण विकास विभाग के तहत करीब दो करोड़ रुपये की लागत से मुसकैनी मुख्य पथ से लेकर सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता के घर तक हो रहे पीसीसी पथ निर्माण कार्य में घटिया बालू और कम ढलाई किये जाने से आक्रोशित होकर ग्रामीण भड़क उठे और गुरुवार को उक्त पथ निर्माण कार्य के दौरान खुलकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने यह कदम तब उठाया जब उनकी शिकायतों पर न तो संवेदक ने ध्यान दिया और ना ही जनप्रतिनिधि की ओर से ही हस्तक्षेप किया गया। संवेदक कार्य में गुणवत्ता लाने की बजाए उल्टे गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने में लगे हुए हैं। इससे उग्र होकर ग्रामीणों ने बुधवार की रात दूरभाष पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही से संवेदक द्वारा घटिया पथ निर्माण कार्य कराये जाने की शिकायत की। साथ ही ग्रामीणों ने सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीण सुदेश्वर प्रसाद गुप्ता, वशी अंसारी, विष्णु चंद्रवंशी, ओस्ताज अंसारी, सुदामा पाल, अनवर अंसारी, ताज मोहम्मद अंसारी, दीपक चंद्रवंशी आदि ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक द्वारा सड़क के उपर से बिना मिट्टी और गोबर हटाये ही उसी पर पीसीसी ढलाई कराया जा रहा है, जबकि यह योजना पथ नवनिर्माण का है।

ग्रामीणों ने कहा कि पीसीसी की ढलाई प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो रहा है, कहीं दो इंच तो कहीं चार या पांच इंच ही पीसीसी की ढलाई की जा रही है। आसपास की नदियों से उत्खनित किये गए मिट्टीयुक्त दोयम दर्जे के बालू से पीसीसी की ढलाई कर संवेदक सड़क की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बताया कि जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं, तो संवेदक द्वारा कहा जाता है कि आपलोग चिंता क्यों कर रहे हैं, इस पथ निर्माण के तुरंत छह महीने बाद पीडब्लूडी से इसका कालीकरण कर चमकती हुई सड़क यहां बनेगी। जबकि पथ निर्माण के मुंशी विनोद दूबे ने भी ग्रामीणों के समक्ष पथ निर्माण में गड़बड़ी की बात स्वीकार करते हुए कहा कि सभी मैटेरियल अच्छा प्रयोग हो रहा है, सिर्फ बालू ही घटिया है।

उधर भवनाथपुर सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव ने गुरुवार को पथ निर्माण स्थल पर पहुंचकर गिट्टी और बालू का चालान दिखाने को कहा कि जिस पर मुंशी द्वारा गिट्टी का तो चालान दिखाया गया, जबकि बालू का चालान देख संदेह होने पर सीओ ने तत्काल निर्माण कार्य बंद करने का निर्देश दिया।

## स्व. रामदेनी साह एवं यमुना कुंवर की पुण्यस्मृति में शुरू की गयी पनशाला



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)** राम प्रसाद जर्दा मर्चेंट एवं हृदयानंद कमलापुरी की ओर से स्व. रामदेनी साह एवं यमुना कुंवर की पुण्य स्मृति में बुधवार को यहां चेचरिया पुल के निकट पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का शुभारंभ एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने फीता काटकर एवं राहगीरों को बताशा पानी पिलाकर किया। इस मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि चिलचिलाती धूप में राहगीरों को पानी पिलाना पुनीत कार्य है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिये आयोजन कताओं को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व राम प्रसाद एवं हृदयानंद कमलापुरी ने एसडीपीओ को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, कृष्ण प्रताप देव, राम प्रसाद, रवि प्रकाश, जनार्दन प्रसाद, सुदर्शन प्रसाद, संतोष कुमार, मुखदेव सिंह, अजीत चौबे, अनिल अग्रवाल, लालहेमेन्द्र चौबे, कामता प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, अशोक जायसवाल, अजय प्रसाद, गोपाल जायसवाल, अनूप निराला, विनय प्रसाद, वीरेन्द्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, शैलेश अग्रवाल, अनिल कमलापुरी, महमूद आलम, रजनीकांत प्रताप देव, आनंद कमलापुरी, हृदयानंद कमलापुरी, संतोष कमलापुरी, विद्याभाष्कर, सीताराम जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

**भवन निर्माण :** लोगों के सपनों का घर धरातल पर उतार रहे हैं गढ़वा के आर्किटेक्ट इजी अख्तर

# गढ़वा के लोगों की बाहरी आर्किटेक्चर पर निर्भरता हुई खत्म : मुर्शीद रजा

**गढ़वा जिला के जाने माने आर्किटेक्चर की जोड़ी खूबसूरत एवं डिजाइन युक्त घर का सपना देखने वाले लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** गढ़वा जिला सहित पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ के कई शहरों में अपनी बेहतर आर्किटेक्चर के माध्यम से सैकड़ों लोगों के सपनों के घरों को बखूबी जीवंत करने वाले गढ़वा जिला के जाने माने आर्किटेक्चर ई. जी अख्तर एवं आर्किटेक्ट मुर्शीद रजा की जोड़ी खूबसूरत एवं डिजाइन युक्त घर का सपना देखने वाले लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच रहे हैं। पिछले 15 वर्षों से डिजाइन अपडेट इमारत ग्रुप के बैनर तले सेवा देने वाले आर्किटेक्चर की इस जोड़ी ने अपने बेहतर कला कौशल से शहर के कई बड़े मॉल्स, स्कूल, अस्पताल एवं विशाल भवन के अलावे छोटे-छोटे घरों का निर्माण कर सभी दर्जे के लोगों के घर के सपनों को साकार किया है। यही कारण है कि अब बड़े शहरों की ओर रुख करने वाले घर का नक्शा बनवाने वाले लोगों का सपना इनके पास आकर ही साकार हो रहा है। आर्किटेक्चर जी अख्तर एवं मुर्शीद रजा बताते हैं कि वे क्लाईंट के रिक्वायरमेंट के हिसाब से घर का नक्शा बनाते हैं। वे कहते हैं कि कम खर्च में डिजाइनयुक्त बेहतर से बेहतर मकान बने यही उनका प्रयास रहता है। वे बताते हैं कि बिल्डिंग का सरकुलेशन, उसका कॉन्सेप्ट तथा बिल्डिंग लाईव दिखे यानी जीवंत दिखे यही उनका प्रयास रहता है। ताकि लोग संतुष्ट रहें। वे बताते हैं कि कम खर्च में बेहतर एवं सुंदर मकाने बनाने के अलावा भवन निर्माण में वास्तु शास्त्र. एवं भूकंप रोधी भवन निर्माण का भी ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा कम जगह में बेहतर भवन निर्माण हो इस पर खास फोकस रहता है। जिसमें आर्किटेक्चरल डिजाईन, इंटेरियर डिजाईनिंग एवं लैंडस्केप डिजाईन को प्राथमिकता दी जाती है। जिसमें रेसिडेंसियल एवं कॉमर्सियल भवन निर्माण को अलग-अलग सांचें से मापा जाता है। वे कहते हैं कि गढ़वा जिले के लोगों की निर्भरता अब बाहर के आर्किटेक्चरों पर लगभग खत्म हो गयी है। वे ये भी दावा करते हैं कि वे जिले के प्रथम आर्किटेक्चर हैं। पिछले 15 वर्षों से सेवा देते आ रहें हैं। वे बताते हैं कंपनी का हेड ऑफिस लखनऊ है जो कि इमारत ग्रुप के नाम से जाना जाता है।

ई. जी. अख्तर एवं मुर्शीद रजा बताते हैं कि उनके बैनर तले गढ़वा के अलावे लखनऊ, वाराणसी एवं पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में भी कई बड़े मॉल एवं अर्पाटमेंट बनाये गये हैं।

### फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी व लूटकांड में शामिल फरार रायमल पासवान के घर एवं अन्य कई स्थानों पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गुरुवार को इश्तहार चिपकाया गया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि 22 नवंबर 2022 को अपने सेंटर से पैसा संग्रह कर लौट रही भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एसएम प्रभा कुमारी से टंडवा गांव में ही मोटरसाइकिल सवार दो अपराधियों द्वारा लूटकांड को अंजाम दिया गया था। इस घटना में अपराधियों द्वारा प्रभा कुमारी से पैसा का बैग व टैब सहित अन्य सामग्री को लूट लिया गया था। जिसमें शामिल टंडवा निवासी महेंद्र कुमार गुप्ता को 16 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। लेकिन एक अन्य आरोपी रायमल पासवान अभी तक फरार है। जिसके घर व अन्य स्थानों पर इश्तहार चिपका गया है।

## चिकित्सक प्रतिनियुक्त कार्यालय में ही बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करायें : डीसी

**किसी भी परिस्थिति में मूल कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिनियुक्त चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मियों को रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त कार्यालय में ही अनिवार्य रूप से अपना बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त शेखर जमुआर के क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़गड़ एवं रमकंडा प्रखंड के ग्रामीणों से संवाद के क्रम में उन्हें जानकारी मिली कि बड़गड़ एवं रमकण्डा प्रखंड में प्रतिनियुक्त चिकित्सक रोस्टर के अनुसार निर्धारित तिथि को बड़गड़ एवं रमकंडा में नहीं आते हैं जिस कारण वहां के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रहना पड़ता है। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि सूदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा में लापरवाही बरतना अत्यंत ही खेदजनक है। स्पष्ट है कि असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के द्वारा अनुश्रवण नहीं किया जा रहा है जिसपर अप्रसन्नता सूचित किया जाता है। उपायुक्त ने असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा को निर्देश दिया है कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र में रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त चिकित्सक, चिकित्साकर्मी प्रतिनियुक्त कार्यालय में ही बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करायें। किसी भी परिस्थिति में मूल कार्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं किया जाएगा। सबका बायोमैट्रिक उपस्थिति के सत्यापन के उपरांत ही उनके वेतन मानदेय का भुगतान करेंगे, इसे सुनिश्चित करने की सम्पूर्ण जबाबदेही मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की होगी।

साथ ही एसडीओ, बीडीओ, सीओ अपने क्षेत्रान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्वास्थ्य उप केन्द्रों का सतत रूप से औचक निरीक्षण करेंगे। यदि रोस्टर के अनुसार प्रतिनियुक्त चिकित्सक, चिकित्साकर्मी अनुपस्थित पाये जाते हैं तो तत्काल प्रतिवेदित करेंगे।

### गढ़वा जिला निवासी शैलेंद्र पाठक भारतीय साइकिलिंग महासंघ के संयुक्त सचिव बने



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला निवासी शैलेंद्र पाठक भारतीय साइकिलिंग महासंघ के संयुक्त सचिव बनाये गये। विदित हो कि 23.4. 2023 को भारतीय साइकिलिंग महासंघ का एजीएम उत्तराखंड राज्य के नैनीताल में आयोजित होना है। जिसमें अधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की जाएगी। परंतु आज महासंघ द्वारा जारी नई कमेटी की सूची में निर्वाचन के अंतिम समय में किसी ने भी शैलेंद्र पाठक के विरुद्ध नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया। जिससे श्री पाठक महासंघ में निर्विरोध रूप से संयुक्त सचिव निर्वाचित हो गए हैं। श्री पाठक झारखंड राज्य के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। अभी तक साइकिलिंग महासंघ के केंद्रीय कमेटी में किसी ने भी यह सफलता हासिल नहीं की है। यह झारखंड राज्य एवं गढ़वा जिले के लिए बहुत ही गौरव व हर्ष का विषय है। श्री पाठक के संयुक्त सचिव चुने जाने पर झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मधु कांत पाठक, कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, संदीप खन्ना, पप्पू जी, सुरजीत कुमार, अमलान कुशुम सिन्हा, गढ़वा से उदय नारायण तिवारी, आलोक मिश्रा, अनिल पांडे, उमेश सहाय, विजय केसरी, अमृत शुक्ला, राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, अरविंद दुबे, ओम प्रकाश तिवारी, नवीन पाठक, सतेंदर यादव, धर्मेंद्र पाल, अरविंद कुमार, जगन्नाथ राम, कमलेश दुबे, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, जुल्फिकार अली, मोहम्मद शमशाद खान, अजय गुप्ता, सुशील तिवारी, रामाशंकर सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, लालन पहलवान, प्रीतम गॉड, मनीष केसरी, पंकज केसरी, राम प्रवेश तिवारी, राजकमल तिवारी, राघवेंद्र नारायण सिंह, राजन केसरी, राजेश कुमार चंद्रवंशी, कमलेश पांडे, प्रोफेसर मनोज पाठक इत्यादि सभी खेल संघ के सभी लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी गढ़वा जिला साइक्लिंग संघ के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने दी।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **डालटनगंज** के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **330/2022-23/RWD/DALTONGANJ,** दिनांक– **31.03.2023**, PR No.- **294203** द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या– **RWD/ DALTONGANJ/30/2022-23** कार्य का नाम **"एन0एच0–75 चियांकी रोड से बैगा टोला, चन्द्रिका सिंह के घर एवं दशगात्र मण्डप होते हुए अमरेश यादव के घर तक पथ निर्माण (लं– 2.030 कि0मी0)"** कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

**PR 295605 Rural Work Department(23-24)#D**

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**कार्यालय**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार**
**दूरभाष सं0– 8987736366 ईमेल-dlsalatehar@gmail.co.**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार द्वारा दिनांक 3.4. 2023 को स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवाएँ हेतू बाह्य स्त्रोतों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अपरिहार्य कारणोंवश विज्ञापन को अग्रीम आदेश तक स्थगित किया जाता है।

एतद् द्वारा दिनांक 3.4.2023 के विज्ञापन को तत्काल प्रभाव से उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए।

आदेशानुसार
(स्वाति विजय उपाध्याय)
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR.NO.295549 Law(23-24):D

## लोहरदगा में कोरोना के 12 नये संक्रमित मरीज मिले, मरीजों की संख्या बढ़ कर हुई 27

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। चालू अप्रैल माह में कोरोना संक्रमण ने लोहरदगा रफ्तार पकड़ ली है । सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में किया गया कोरोना जांच में गुरुवार को 12 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गयी है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 27 हो गया है। प्रतिदिन कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होते हुए पॉजिटिव मामले की संख्या बढ़ती जा रही है। उपरोक्त की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है। सीएस ने कहा कोरोना को लेकर लोग घबराए नहीं, सदर अस्पताल समेत प्रखंडों के सीएचसी में कोरोना से निबटने के लिए ठोस प्रबंध किया गया है। सदर अस्पताल और चिरी कोविड हॉस्पिटल में पीएसए प्लांट स्थापित कर इसे चालू कर दिया गया है। हाई फ्लो ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था ठोस है। 26 वेंटिलेटर तैयार हैं। दवा, ऑक्सीजन, एक्सपर्ट डॉक्टर और नर्स को एलर्ट मोड पर रखा गया है। फिलहाल, कोरोना के बढ़ते रफ्तार ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दिया है।

## कुडू में भू मापक अमीन प्रशिक्षण का समापन 133 छात्रों को मिला प्रमाण पत्र



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड में नव भारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 133 छात्रों ने भाग लिया था। जिसमे सात अभार्थियों ने टॉप किया। टॉप करने वाले छात्रों में सहाबुल रॉय, धनेश राम, हेमनाथ कुमार महतो, सचिस कुमार, राजेश महतो, निक्की कुमारी, प्रतिभा उरांव शामिल है। शेष 126 अभार्थियों ने भी अच्छे नंबर से पास किया। सभी को उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला अफ्जायी किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। ऐनुल अंसारी ने कहा कि भू मापक अमीन प्रशिक्षण रोजगार का एक बढ़िया अवसर है। भू मापक अमीन की काफी कमी थी। समय पर लोगो को अमीन नहीं मिलता था जिसके कारण लोगो को जमीन नापी से संबंधित कार्य हेतु काफी दिक्कत होती थी। 133 अभार्थियों को प्रमाण को प्रमाण पत्र महिला प्रखंड क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर प्रशिक्षक साहेब रॉव शर्मा, पंचायत सचिव विनोद कुमार दुबे, डालसा के हफीजुल अंसारी, रोजगार सेवक रजनी सहित अभ्यर्थी युवा और ग्रामीण मौजूद थे।

## लोहरदगा सदर थाना परिसर में ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। रमजान का पवित्र महीना पूरा होने वाला है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय के लोग ईद मनाने की तैयारी कर रहे हैं। पर्व दौरान शहर में किसी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए लोहरदगा सदर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में ईद को लेकर कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीसी और एसपी के द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो पर विचार विमर्श किया गया। थाना प्रभारी अनिल उरांव ने कहा कि भाई चारे के साथ ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सामाजिक सौहार्द और सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है और ईद भाईचारे का त्यौहार है और हमें इसी भाईचारे के आचरण को पेश करना हैं। और उन्होंने कहा पर्व के दौरान लोहरदगा जिले के अलग-अलग इलाकों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किया जाएगा साथ ही साथ सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी इसके साथ ही सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी, जो भी लोग सोशल मीडिया पर फेक मैसेज फैलाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बच्चे की तालाब में डूबने से हुई मौत



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत स्थित तोड़ार ग्राम के कुसुम चौरा में तालाब में नहाने के दौरान नाबालिक बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। मृत बच्चा की पहचान तोड़ार निवासी राजेश जयसवाल के 10 वर्षीय पुत्र गणेश जयसवाल के रूप में किया गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही दलबल के साथ तोड़ार ग्राम पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पतला भेजा। बताया जाता है कि गांव के ही अन्य बच्चों के साथ गणेश जायसवाल नहाने तालाब गया था। नहाने के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। वही घटना की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही मृतक के घर पहुंच घटना का जायजा लेते हुए घटना स्थल का अवलोकन कर जायजा लिया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथमा दृष्टया तालाब के पानी मे डूबने से बच्चे का मौत होना प्रतीत हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा इस घटना को लेकर सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा जांचोपरांत पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद की जाएगी।

## कुएं में डूबने से वृद्ध की हुई मौत

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड बस्ती के नवडीहा चौक के समीप एक कुंवे से पुलिस ने 64 वर्षीय एक बृद्ध का शव बरामद किया है । शव की पहचान कसपुर नवा टोली गांव निवासी स्व विजय उरांव के 64 वर्षीय पुत्र बन्दे उरांव के रूप मे हुई है । पुलिस ने शव को ग्रामीण की मदद से कुआं से बाहर निकाल कर पोस्टमाटम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया है । जानकारी के अनुसार भंडरा निवासी रामवृक्ष उरांव के कुआं से गुरुवार को ग्रामीण पानी लेने गये थे इसी दौरान कुआं मे अज्ञात शव तैरता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना भंडरा मुखिया इंद्रदेव उरांव व भंडरा थाने को दी । सूचना पर घटना स्थल पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुंवे से बाहर निकाला । शव को लोहरदगा सदर भेज दिया। जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल भंडरा पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर मृतक के परिजनों ने बताया की बन्दे बिना किसी को कुछ बताये बुधवार की सुबह 4 बजे घर से निकला था। गुरुवार की सुबह शव भंडरा के कुंवे से मिला। हत्या का अंदेशा लगाया जा रहा है।

## कुडू में तालाब में तैरता मिला नवजात का शव

कुडू-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड क्षेत्र के बढकी चापी गांव के बढकी चापी छठ तालाब में एक नवजात शिशु का तैरता शव पाया गया। नवजात का शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जन्म के बाद ऐसे तालाब में फेंक दिया गया हो। नवजात का शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष छठ तालाब पहुंच गए। सूचना पर एएसआई रविन्द्र भगत, हवलदार आरपी साहू ने पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और जरूरी कारवाई के बाद जितिया टंगरा स्थित शमशान में दफन करवा दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल पुलिस लेकर पहुंची अस्पताल, कराया इलाज

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ भगत सिंह चौक के समीप मोटरसाइकिल सवार आर्मी का जवान कजरी निवासी कुंदन कुमार गुप्ता सड़क दुर्घटना का हुआ शिकार पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसके बाद स्थानीय पुलिस टीम के द्वारा अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह लाया गया। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन साजदा बीबी, रीमा कुमारी, डॉ आशीष रंजन, दीपक सिंह, राजेश चंद्र उर्फ बबलू,की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया।और छ:टाके लगाये गये। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक अपने किसी रिश्तेदार के यहां कजरी से बरवाडीह आ रहा था। इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया। उधर हालात खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### ईद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# शांति और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता में ईद-2023 को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों से जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। उपायुक्त ने कहा कि कि बीते माह लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार काफी सौहार्द्रपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये गये जिसमें शांति समिति की पूरी टीम का योगदान रहा। सभी कार्यक्रम अच्छी तरह संपन्न हुए। प्रत्येक त्यौहार में लोहरदगा जिला ने एक मिसाल कायम किया। ईद शांति का पैगाम देने वाला त्यौहार है। इस त्यौहार को भी शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाएं। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि बीते एक वर्ष से लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाये गये जिसके सभी बधाई के पात्र हैं। आप सभी ने एक-दूसरे का विश्वास हासिल किया और प्रशासन का भी। छोटी-छोटी सूचनाएं सही समय पर सभी जगह से मिलती रहीं जिसके कारण सभी चीजें ठीक रहीं। ईद खुशियों का त्यौहार है। सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर आप सभी नियंत्रण रखें। जिला प्रशासन हमेशा आपके सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने ईद की सभी को बधाई दी और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बीते माह त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके मनाये जाने के लिए सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया और ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की। पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्डों में फ्लैग मार्च कराये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी के साथ-साथ अंजुमन इस्लामिया, महावीर मंडल के सदस्य, प्रखण्ड स्तरीय शांति समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।



**सदस्यों ने रखी अपनी बात:** सभी प्रखंडों से आये शांति समिति के सदस्यों ने बैठक में अपने-अपने प्रखंडों की बात रखी। इस दौरान सभी के द्वारा आश्वस्त किया गया कि ईद-2023 शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायी जाएगी। सभी के द्वारा विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या से अवगत कराया गया और शिकायत निवारण की मांग की गई। उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि शिकायत प्राप्त करने के लिए सभी प्रखंडों में बेहतर मैकेनिज्म डेवलप किया जाय ताकि आमजनों की शिकायतें सही मंच तक आ सकें। सेन्हा में 'द रियल इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम' के नाम पर अमुख व्यक्ति द्वारा से लोगों रुपये लिए जाने के बिंदु पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सेन्हा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया। बैठक में अंजुमन इस्लामिया, लोहरदगा की ओर से बताया गया कि जिला में ईद की नमाज ईद के दिन सुबह 7.30 बजे से 8.30 के बीच विभिन्न मस्जिदों पढ़ी जाएगी।

## गराडीह ईदगाह मे 7:30 बजे प्रातः पढ़ी जायेगी ईद-उल-फित्र की नमाजः मौलाना हामिद रजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत आगामी त्योहार ईद-उल-फित्र को लेकर प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे मुस्लिम समाज के लोगो के बीच देखा जा रहा है खासा उत्साह,वही इस त्योहार के निमित्त अपनी आवश्कता की चीजो को जुटाने में लोग दिखाई पड़ रहे हैं व्यस्त,हाट बाजारों के दुकानो मे भी देखी जा रही है भीड़।

बाजारों और दुकानों में अच्छे किस्म की सेवँईयाँ, खजूर, बादाम, अखरोट और फलों एवं कपड़ो की खरीद्दारी करते लोग व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। इस अवसर पर कैरो प्रखंड क्षेत्र के गराडीह अन्जुमन इस्लामिया के सदर नेसार खान व सेक्रेटरी नसीम अंसारी,नाईफ सदर अमानत अंसारी, और नाईफ सेक्रेटरी अंसुर अंसारी के द्वारा गराडीह ईदगाह को साफ सफाई करके नमाज अदा करने हेतू व्यव्स्था ईदगाह मे चाक चौबंध की जा रही है। विदित है कि गराडीह ईदगाह मे गराडीह, पचागांई, अम्बवा, के नमाजी 01 महीने रोजा रखकर ईद के दिन ईदगाह मे नमाज अदा कर अल्लाह ताला से आम अवाम के लिये अमन-चैन,सुख शांति की दुवाएं आम अवाम के लीये माँगी जाती है। वही इस अवसर पर गराडीह बड़ी मस्जिद के इमाम हामिद रजा रजवी ने पत्रकारों को बताया कि कैलेन्डर व जन्त्रि मे 22 अप्रैल को ईद का त्योहार दिखाया गया है,यदि 21 अप्रैल को शाम को चांद देख लिया जाता है, तो 22 को वेशक ईद-उल-फित्र की त्योहार भाई चारगी के साथ उत्साह व उमंग से मनायी जायेगी। इस अवसर पर ईदगाह साफ सफाई मे यूनुस अंसारी रजेबुल खान मंजूर खान आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## महुआडांड़ से केदारनाथ के लिए जत्था हुआ रवाना



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत चटकपुर और महुआडांड़ से चार धाम यात्रा का पहला जत्था गुरुवार को ग्राम चटकपुर से हिंदू महासभा के अध्यक्ष श्री शत्रुघ्न प्रसाद एवं सविता देवी ग्राम महुआडांड़ से श्री वीरेंद्र प्रसाद एवं श्रीमती चंचला देवी श्री भजन प्रसाद एवं श्रीमती सुमिता देवी एवम् अन्य लोगों ने केदारनाथ, बाबा बद्री विशाल, गंगोत्री यमुनोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार के दर्शन के लिए प्रस्थान किये।

## कृमि मुक्त बच्चों का होता है समग्र विकासः सीएस संजय

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर शहरी क्षेत्र के थाना रोड स्थित राजकीय बालिका मध्य विद्यालय में गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने स्कूली बालिकाओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान की शुरूआत किया। बच्चों को प्रेरित करने के लिए सिविल सर्जन ने स्वयं पहले अल्बेंडाजोल का खुराक लिया। बालिका मध्य विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 418 बालिकाओं को कृमि की खुराक दी गयी। इसके साथ ही लोहरदगा, किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी विद्यालय, आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिकाओं को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध ने कहा कि तीन सीएचसी के 4 प्रखंडों में 1 लाख 96 हजार 559 स्कूली बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर उन्हें कृमि मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि, कृमि से मुक्त बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे। इससे स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ेगी। स्कूली बालिकाओं को कृमि के प्रति जानकारी देते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि, पेट में बच्चों को चार प्रकार के कृमि होते हैं। पेट में गर्मी होने से खून की कमी होना, पेट दर्द ,उल्टी ,जी मिचलाना, सुस्ती, दस्त आना आदि लक्षण दिखते हैं। कृमि से ग्रसित बच्चा का विकास रुक जाता है। बच्चों को प्रति छ माह में अल्बेंडाजोल की गोली खानी चाहिए। इस मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ शंकर प्रसाद, क्षेत्रीय समन्वयक राजेश कुमार शर्मा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार, सीआरपी नीलू गोयल,ओडील मिंज, कमला लकड़ा, नुजहत प्रवीण समेत अन्य मौजूद थे।



### जल नल योजना के तहत 20 घरों में दिया गया था कनेक्शन, नहीं मिला पानी

# पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान

राहुल कुमार पांडे

**लातेहार।** जिले में इन दिनों कड़कती गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है आसपास के छोटे मोटे तालाब सूखने लगे हैं जिससे आदमी तो आदमी जानवरो को भी पानी पीने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में आपको बता दें कि लातेहार जिले के सभी पंचायतों में पिछले कई महीनों से जल नल योजना के तहत बोरिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन लातेहार सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के समीप कोरवाई ग्राम स्थित बिचला टोला एक ऐसा गांव है जहां जल नल योजना के तहत बोरिंग का निर्माण कराया गया। 20 घरों में कनेक्शन देकर पानी पहुंचाने का कार्य भी गया है। लेकिन ठेकेदारों ने अपनी चंद फायदे को लेकर जैसे तैसे बोरिंग कर पैसे की बंदरबांट कर ली जा रही है। जिस कारण आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है उस गांव के 20 घरों में नल तो जरूर है। लेकिन पानी की एक भी बूंद उस नल से नहीं गिर रही है। जिसका खामियाजा वहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है । जिस कारण वहा के ग्रामीण मजबूर होकर अपनी प्यास बुझाने के लिए आधा किलोमीटर का सफर तय कर चापाकल से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

गुजराम सिंह गोला सिंह सेवक सिंह जगदेव सिंह शिवनाथ सिंह राजेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह धर्मनाथ सिंह नंद किशोर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जब इस गांव में बोरिंग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो हमने सोचा कि इस गांव से पानी की समस्या खत्म हो जाएगी और हम लोगों को घर में ही पानी उपलब्ध होगा मगर क्या पता था कि ठेकेदार अपनी चंद फायदा के लिए जैसे तैसे यहां बोरिंग का निर्माण कार्य कर यहां से चले गए। आगे उन्होंने कहा कि हम लोगों के घरों में नल तो जरूर लगाया गया है लेकिन आज उस नल से एक भी बूंद पानी नहीं गिर रही है जिससे हम लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । हमे क्या पता था कि जिस खुशी के लिए हम इंतजार कर रहे हैं उस खुशी को ही ठेकेदार अपनी फायदे का इस्तेमाल कर रही है और हम लोगों को पानी से ही वंचित करने का काम कर रही है आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई है कि हम लोगों को पानी के लिए आधा किलो मीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है आगे ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगायी है।

### क्या कहते उप प्रमुख

इस विषय में पूछे जाने पर उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद ने बताया कि इस समस्या को लेकर हमने पदाधिकारी को भी अवगत कराया है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की मौत, बोलेरो चालक गिरफ्तार



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही) । सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप बुधवार देर शाम बाइक तथा बोलोरो में टक्कर हो गया था। जिसमे 12 वर्षीय नाबालिक बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसको प्रशासन व ग्रामीणों के पहल से इलाज हेतु अस्पताल भेजते हुए बोलेरो जे एच 01ए वाई 3709 को पुलिस द्वारा जब्त करते हुए बोलोरो चालक को गिरफ्तार किया गया था। जानकारी के अनुसार लातेहार जिला व थाना निवासी वीरेन्द्र यादव अपनी पत्नी धनेश्वरी देवी पुत्र अंकित कुमार को बाइक से लेकर गुमला जिला के घाघरा की ओर से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में कंडरा चौक के समीप बोलोरो के चालक तेज व लापरवाही से गाड़ी चलाते आ रहा था। बाइक में धक्का मार दिया। जिसमें अंकित कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया था। वही बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल से रांची रिम्स ले जाने के क्रम में बच्चे की मौत रास्ते में हो गया। मामले में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बताया कि घटना के उपरांत सेन्हा थाना कांड संख्या 45/23 दर्ज कर धारा 304 ए 279,337,338,427 आईपीसी के तहत कारवाई कर बोलोरो चालक गिरफ्तार किया गया है। वहीं अनुसंधान पदाधिकारी स0आ0नि0 जमशेद खान ने बताया कि गिरफ्तार चालक कैरो थाना क्षेत्र के गराडीह निवासी नसीर अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी है। जो झखरा कि ओर से बोलोरो को लेकर आ रहा था कि कंडरा चौक में बाइक जे एच 19 डी 6376 को टक्कर मार दिया। जिसमें 12 वर्षीय बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान रांची जाने के दौरान मौत हो गई। गिरफ्तार चालक के विरुद्ध नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत लोहरदगा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## लोहरदगा में अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। बालू के अवैध उत्खनन और दोहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सदर थाना की पुलिस ने गुरुवार दोपहर कुजरा नदी घाट से बालू लोड कर रहे हैं दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर और चालक को पुलिस थाना ला कर कार्रवाई शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना की पुलिस पदाधिकारी नोमीता महतो सशस्त्र बलों के साथ शहर की गश्ती कर रही थी। इस दौरान उन्हें बालू के अवैध खनन की सूचना मिलने पर फौरी कार्रवाई करते हुए बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि, खनन विभाग समेत पुलिस प्रशासन के दबिश बढ़ाने के बावजूद बालू का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है। रात होते ही अवैध बालू लदे ट्रैक्टर शहर की विभिन्न सड़कों पर तेजी से दौड़ते हैं। स्थानीय शहरी और ग्रामीण इलाकों के बालू घाटों से बड़ी संख्या में प्रतिदिन रात्रि को बालू की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। यह अलग पहलू है कि, समय-समय पर एक दो अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस के हत्थे चढ़ जाता है।

## घर में आग लगने से घर और सभी सामान जलकर हुए नष्ट, दाने-दाने को मोहताज पीड़ित

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत के कोरवामड़ई गांव में रामकिशुन भुइयां पिता स्व:गुना भुइयां के घर में बुधवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई।जिससे घर व घर मे रखे सारा सामान जल कर राख हो गया।भुक्तभोगी रामकिशुन भुइंया के अनुसार हम सभी घर के सदस्य महुआ चुनने जंगल गये हुऐ थे इसी बीच अज्ञात कारणों से घर में आग लग गई।जिससे घर पूरी तरह राख हो गया वही घर में रखा चावल, आटा, कपड़ा, सहित सभी सामान जल कर राख हो गयी। भुक्तभोगी के अनुसार महुआ चुनने के बाद जब हम सभी जंगल से लौटे तो घर में लगी आग की धुआं देखकर शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हुए और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सभी समान जलकर नष्ट हो गया था। भुक्तभोगी के अनुसार उसका एकमात्र यह घर रहने का सहारा था। घर में आग लगने से वह पूरी तरह बेघर हो गया। भुक्तभोगी के अनुसार आग लगने से पचास हजार से अधिक का नुकसान हुआ है राम किशन भुइंया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय समेत जिला के अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। वही आग लगने की सूचना पर गुरुवार को पंचायत के मुखिया बलदेव परहीया ने पीड़ितों के परिजन से मिलकर आग लगने के कारणों की जानकारी लिया। वही मुखिया ने प्रखंड द्वारा मिलने वाला सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित को प्रखण्ड प्रसाशन या जिला प्रसाशन के द्वारा किसी प्रकार की सहायता नही की गयी है।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय ने तीन दिवसीय मध्य पर ट्रैकिंग, सर्वेक्षण और वन भ्रमण का किया आयोजन



महुआडांड़ लातेहार(आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड के नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में 18/4/2023 दिन मंगलवार से 20/4/2023 दिन गुरुवार तक तीन दिवसीय मध्य पर ट्रैकिंग सर्वेक्षण एवं वन भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्रों शिक्षक प्रशिक्षक कार्यालय कर्मी एवं चतुर्थवर्गीय कर्मी ने भाग लिया। सुबह 5:30 बजे विद्यालय के ओवल मैदान से लगभग 21 किलोमीटर पठार के नीचे अवस्थित बनारी कोयल नदी के तट पर कैंप शिविर के लिए पैदल जंगल के रास्ते सभी रवाना हुए इस बीच जंगल के बीच उबर-खाबर मार्ग पर अपना रास्ता बनाते हुए प्राकृतिक के सौंदर्य को निहारते और मार्ग पर आने वाले चुनौतियों और जोखिम को पार करते हुए गंतव्य तक पहुंचे। इस दौरान दुर्गम मार्ग पर कठिनाइयों का सामना करते हुए जीवन जी रहे आदिम जनजाति की जीवन शैली को देखा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने रंगोली सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक समूह नृत्य एवं गायन आदि भी प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया की 7 सालों के बाद इस तरह का कार्यक्रम विद्यालय के द्वारा किया जा रहा है ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में समायोजित समायोजन परस्पर सहयोग का गुण का विकास होता है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र श्री अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक, परिचार्य जंगल वार फेयर स्कूल नेतरहाट का भरपूर सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में छात्रों के साथ-साथ उप संरक्षक डॉ प्रसाद पासवान, पर्यवेक्षक समन्वयक श्री अंशुमन चटर्जी, अनुशासन प्रभारी डॉ अभिषेक मिश्र, स्वयंसेवक एवं मार्गदर्शक प्रभारी श्री मारुति प्रसाद सिंह, भोजन प्रबंधक प्रभारी श्री रवि प्रकाश सिंह, ग्राम भ्रमण एवं सर्वेक्षण प्रभारी श्री उदय मरांडी, आवास व्यवस्था प्रभारी श्री विद्युत शेखर देव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ सौरभ, फोटोग्राफी प्रभारी श्री अतुल रंजन, सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं चिकित्सा कर्मियों के दल ने सकुशल शिविर स्थल तक की यात्रा पूरी की।

## पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को महुआडांड़ पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी ने दीपाटोली, महुआडांड़ रामपुर स्कूल का निरीक्षण किया। वही दीपाटोली के स्कूल में शिक्षक ने बताया कि माध्यम भोजन के लिए किचन काफी ज्यादा जर्जर हो गया है जिसे अगर बन जाता तो दिक्कत नहीं रहती कभी भी घट सकती है बड़ी घटना इस संबंध में नीलम देवी ने बताया कि जल्द से जल्द कर दिया जाएगा। वही महुआडांड़ अनुमंडल में स्थित विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे पहला क्लास से 8 क्लास तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। इस संबंध में नीलम देवी ने कहा कि शिक्षा विभाग को आवेदन देकर जल्द से जल्द स्कूल में शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी जिसे बच्चे की भविष्य बन सके। वही नीलम देवी ने बच्चों से मध्यान भोजन एवं पढ़ाई के बारे में भी बातचीत की जिससे एक ही समस्या उभर कर आती है वह शिक्षक शिक्षा की कमी से आज कई विद्यालय खेल रहे हैं। शिक्षा विभाग को भी सोचना चाहिए कि बच्चे का भविष्य कहीं न कहीं खराब हो रही है।

## गुमला चेंबर के संस्थापक अध्यक्ष सीताराम फोगला की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स गुमला के संस्थापक अध्यक्ष स्व. सीताराम फोगला का आज गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में छठी पुण्यतिथि मनायी गयी। उपरोक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दामोदर कसेरा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गुमला में चेंबर की स्थापना सन् 1993 में फोगला जी की अध्यक्षता में की गई। जो लगातार पांच वर्षों तक अध्यक्ष का दायित्व निभाये। उनके कार्यकाल में चेंबर ने एक अलग पहचान बनाई। वे सिर्फ चेंबर ही नहीं अपितु गुमला में वार्ड पार्षद के पद पर भी कई वर्षों तक सुशोभित रहे। इसके अलावे श्री बड़ा दुर्गा मंदिर, केंद्रीय महावीर मंडल समिति, शांति समिति, मारवाड़ी पंचायत आदि कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों में भी अपने जीवनकाल में सक्रिय रहे। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने कहा कि चेंबर की स्थापना जिस सोच के साथ फोगला जी ने की थी वह आज वट वृक्ष का रूप लेकर एक नयी ऊंचाई को छू रहा है। वे समाज के लिए हमेशा एक अच्छी सोच के साथ अपने कार्यो में लगे रहते थे। मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केशरी, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद, रमेश चीनी, अशोक जायसवाल, दिलीप मंत्री, विनोद केशरी, अमित मंत्री, मुन्नीलाल साहू, अभिजीत जायसवाल, ज्योति कुमारी, विकास मंत्री, नीरज गुप्ता, काजल कुमार, मिनी, राजेश लोहानी, सब्बू महेश लाल, अमित माहेश्वरी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## गुमला चेंबर ने पत्रकार रमेश कुमार पांडेय के निधन पर किया शोक प्रकट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में कार्यरत रहे जाने-माने लोकप्रिय और गुमला वासियों के हर दिल अजीज पत्रकार रमेश कुमार पांडेय के निधन पर चेंबर ऑफ कामर्स ने शोक प्रकट किया है। रमेश कुमार पांडेय जिन्हें प्यार से लोग बाबा कहते थे। वे कई वर्षों तक गुमला में दैनिक जागरण के पत्रकार एवं फिर कुछ दिनों तक आजाद सिपाही के संवाददाता रहे। विगत कुछ दिनों से तबीयत खराब होने के कारण वह अपने पैतृक गांव में ही निवास कर रहे थे। बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। चेंबर अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि पांडे जी जैसे पत्रकार बहुत कम ही देखने को मिलते हैं। उनका स्वभाव उनकी कार्यशैली हमेशा याद रहेगी। उनके निधन पर गुमला चेंबर परिवार शोक प्रकट करता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है। पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने पांडेय जी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि पांडे जी गुमला में पत्रकारिता के क्षेत्र में हमेशा याद किए जाएंगे। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। शोक प्रकट करने वालों में चेंबर अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल के साथ चेंबर उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, गुन्नू शर्मा, सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष विकास मंत्री, पीआरओ मुन्नी लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार महेश्वरी, दामोदर कसेरा, पवन अग्रवाल, सरजू प्रसाद, दीपक गुप्ता, महेश कुमार लाल, हिमांशु केसरी, अमित पोद्दार, अशोक जयसवाल, पदम साबू, मो. सब्बू, कार्यकारिणी के राजेश लोहानी, नीरज गुप्ता, अभिजीत जयसवाल, आदित्य कुमार, प्रणय साहू, ज्योति कुमारी, अमित मंत्री, राहुल केसरी, अमित गोलू, राजेश सिंह, काजल कुमार, मोहम्मद इम्तियाज, राजीव रंजन सुमित साबू, प्रदीप सोनी, नितेश कुमार आदि शामिल हैं।

## जिला भाजपा ने पत्रकार रमेश कुमार पांडेय के निधन पर जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में लंबे समय तक ब्यूरो प्रमुख रह चुके पत्रकार रमेश पांडे के आकस्मिक निधन पर भाजपा परिवार गुमला जिला शोक संवेदना प्रकट कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि रमेश पांडेय सरल व्यक्तित्व के धनी एवं पत्रकारिता जगत में लंबे समय तक अनेकों लोगों के मार्गदर्शक रहे। गुमला वासी को उनकी कमी सदैव रहेगी। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, महेश पोद्दार, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, डॉक्टर अरुण उरांव, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाईक, कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव, भिखारी भगत, मुनेश्वर साहू, भूपन साहू, शिव प्रसाद साहू, मंगल सिंह भोक्ता, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल सुबोध कुमार लाल, विजय कुमार मिश्रा, सविंदर सिंह, महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिशीर कुजूर, अवधेश प्रताप शाहदेव, किरण बाड़ा, जिला उपाध्यक्ष लाल मोहन साहू, यशवंत सिंह,गायत्री देवी,जिप संयुक्ता देवी संजय सिंह प्रदीप प्रसाद ,सुजीत नंदा, जगनारायण सिंह जिला मंत्री संजय साहू,भोला चोधरी, प्रतिमा देवी, गोरी किडो कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा, संतोष सिंह, मनीष सिंह लायन, बालकेश्वर सिंह, सौरभ पांडे ,चित्तरंजन मिश्रा, संजय गुप्ता, राधेश्याम कुशवाहा, रविंद्र सिन्हा, मोहम्मद मुख्तार आलम, दिनेश्वर प्रसाद,विनोद कुमार, गोपाल निधि, आफताब आलम लाडले, शिवदयाल गोप, संजय वर्मा, संदीप प्रसाद, दामोदर कसेरा, कौशलेंद्र जमुआर, कुमार रवि, विपिन बिहारी सिंह, राम अवध साहू, निरंजन सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, विपिन सिंह, अमरमणि उरांव,सुधीर नंद, कंचन लाल, सावित्री मेहता, राजकुमार दीनबंधु, हरिशंकर त्रिपाठी, देवदत्त भारती, हरिहर कुमार, अजीत कुमार, शम्भु सिंह,दिनेश सिंह, इन्द्रदेव साहु, कौशल साहू, राजेश सिंह, विकास सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हैं।

### दौरा : कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने किया कई गावों का दौरा

# लोगों की समस्या जानकर उनके निराकरण का दिया आश्वासन

कहा- उपायुक्त और राज्य सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सामने बात रख कर समस्या का निराकरण किया जाएगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने रायडीह प्रखंड के पंचायत रायडीह खिराखाड़, भलमंडा, डोबडोभी, कुलमुंडा आदि गांवों का दौरा किया। वहीं गुमला सदर में गांधीनगर, आजाद बस्ती, चांदनी चौक, घाटों बगीचा, शांति नगर के लोगों से मुलाकात की। यहां से निकल कर खरका पंचायत के पाकरटोली, बड़ाडांड़ टोली, टोटो, पंचायत बसुवा के सर्वरिया, पंसगा, डिपाटोली, फोरी के ग्रामीणों से मिले। लोगों ने अपनी समस्याएं जिला अध्यक्ष के सामने रखीं। चैतु उरांव ने कहा कि हरसंभव आप लोगों की मदद की जाएगी। लोगों की समस्याओं से उपायुक्त एवं संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। साथ ही राज्य सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के सामने बात रख कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ अंजनी माता में माथा टेक सभी के मंगल की कामना की। साथ ही समाचार पत्रों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़का खटंगा डाड़टोली जाकर ग्रामीणों से मिले। मौके पर जिला सचिव राजू रंजन महतो, जिला सचिव हंदु भगत, रामनिवास प्रसाद, तरुण गोप, रायडीह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर, पंचायत अध्यक्ष शिकोय, संतोष कुजूर, त्रिवेणी सिंह, डेमचक्रर सिंह, खिरोधर सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र गोप, चंदन गोप, रिसा उरांव एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस ओबीसी विभाग के राज्य समन्वयक राजू रंजन, सह समन्वयक फिरोज और जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर बनाये गये



गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने बिंदेश्वर साहू को ओबीसी विभाग का जिला अध्यक्ष नामित किया है। वहीं राज्य समन्वयक राजू रंजन महतो और राज्य सह समन्वयक फिरोज आलम को बनाया गया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू ने कहा कि उन्हें गुमला जिला ओबीसी विभाग का जिला अध्यक्ष बनाया गया है ये उनके लिए प्रोत्साहन की बात है। वे इस पद का बखूबी व पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निर्वाह करेंगे। वे गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतू उरांव से समन्वय बनाकर जिला में वर्षों से काम करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कमेटी विस्तार करते हुए जुझारू कार्यकर्ता को जिला कमेटी एवं प्रखंड अध्यक्ष बहुत जल्द बनाने का कार्य करेंगे। ओबीसी विभाग के जिलाअध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वाले में राजू रंजन महतो, मोहम्मद खालिद, मानिक चंद साहू, रामनिवास प्रसाद, कलाम आलम, अरुण पांडे, कृष्णा लोहरा, मुख्तार आलम, अल्बर्ट तिगा, डॉक्टर अशरफ इबरार अंसारी, अनुरंजन कुजुर, फिरोज आलम, अनुपम नाग शाहिद वारसी के नाम शामिल हैं।

## मिशन बदलाव का प्रयास लाया रंग, खराब पड़े चापानल बनना शुरू

मिशन बदलाव प्रतिनिधि मंडल ने शहरों के खराब पड़े चपानलों को बनाने को लेकर विभाग को दिया था आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव का वार्ड का सवाल वार्ड की सरकार अभियान के तहत नगर सचिब बिनय गोप, महिला नगर सचिब ज्योति ग्लोरिया कुजूर एवं चंदकला टोप्पो लखन गोप के नेतृत्व में वार्ड नंम्बर 1 के दुंदुरिया सोसो मोड़ कदमटोली में मोहल्लेवासियों के साथ बैठक की थी। मोहल्लेवासियों ने बताया था कि हमारे मुहल्ले में दो चपाकल हैं और दोनों चापाकल खराब हैं, इसको लेकर विभाग एवं वार्ड पार्षद को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ था। आज विभाग के द्वारा मिस्त्री भेजकर चपानल बनवाया गया एवं अब पीने के पानी के लिये परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। मोहल्ले के लोंगो ने बताया है कि बिजली पोल खूंटा की बहुत आवश्यकता है और बरसात के दिनों में लकड़ियों वाले पोल खूंटा से बहुत परेशानी एवं टूटने और करंट लगने का डर बना रहता है और पोल खूंटा नहीं रहने की वजह से कई घरों में लकड़ियों के सहारे बिजली पहुंच रही है। इसको लेकर भी विभाग को मिशन बदलाव के द्वारा अवगत कराया गया है।

## झानद की हालत बदलो संदेश यात्रा को सफल बनाने को लेकर की गयी चर्चा

पत्रकार रमेश पांडेय और पार्टी कार्यकर्ता जितिया पहान के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** भाकपा ( माले ) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल, सिसई विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को लेकर सिसई स्थित कुम्हार मोड़ में पार्टी नेता मंगरा उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व गुमला के वरिष्ठ पत्रकार रमेश कुमार पांडेय व ओशो पुसो एकंबा के पार्टी कार्यकर्ता जितिया पहान के निधन पर शोक प्रकट करते हुए एक मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झानद के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, पलायन व मानव तस्करी जैसी समस्या को रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। गांव से लेकर शहर तक के हालात बद से बदतर हैं। स्थानीय सांसद व विधायक जनसमस्याओं व सरकारी महकमों में मची लूट के प्रति मूकदर्शक बने हुए हैं। ऐसी स्थिति में जनता के प्रति जवाबदेह माले व झानद जैसी पार्टी को मजबूत बनाने की अपील करते हुए हालात बदलो यात्रा का संदेश को गांव-गांव में ले जाने की जरूरत बतायी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता जागरूक व संगठित होगी तभी स्थिति में बदलाव आएगा। बैठक में 1 मई को मजदूर दिवस मनाने, गुमला जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 18 मई 2023 को रहम करो कार्यक्रम में भाग लेने, हुल दिवस 30 जून 2023 को गुमला में लोहरदगा लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी सिसई विधानसभा क्षेत्र में जोर-शोर से करने, स्थानीय जन समस्याओं को लेकर हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत सिसई विस क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंडों में बैठक, धरना प्रदर्शन, नुक्कड़ सभा, इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में शिवप्रसाद साहू, धर्मपाल उरांव, सोमा उरांव, भूषण उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, मनी उरांव, सीता देवी, यशोदा देवी, पवंती उरांव, बिनको तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

### तैयारी : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज बिशुनपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

# कार्यक्रम की तैयारी और सुरक्षा को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर

राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल एवं विभिन्न स्थान जहां पर वे जाएंगे प्रत्येक जगह की बारीकी से की जा रही है जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन बाय रोड आज बिशुनपुर आएंगे जहां 4 घंटा 45 मिनट तक रुकेंगे इस दौरान विकास भारती द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं जिला प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन तक हाई अलर्ट में है। कार्यक्रम की तैयारी एवं सुरक्षा में कहीं चूक ना हो जिसको लेकर प्रशासन का मोमेंट बढ़ा हुआ है।



### इन कार्यक्रमों में राज्यपाल होंगे शामिल

राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन 11:30 बजे विकास भारती बिशुनपुर पहुंचेंगे 12:05 बजे बलातू स्थित प्रधानमंत्री कौशल केंद्र एक्सीलेंट सेंटर के भवन का शिलान्यास करेंगे 12:25 बजे कृषि विज्ञान केंद्र फार्म सालम मे वृक्षारोपण एवं अवलोकन 12:40 बजे जतरा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण 12:45 बजे जतरा टाना भगत विद्या मंदिर के बच्चों से मिलेंगे 1:05 बजे ज्ञान निकेतन पहुंचेंगे जहां आदिम जनजाति बच्चों से होंगे मुखातिब 1:25 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचकर लोगों को करेंगे संबोधित एवं कुशल कारीगरों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण।

राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल एवं विभिन्न स्थान जहां पर वे जाएंगे प्रत्येक जगह की बारीकी से जांच की जा रही है एवं काफी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। पुलिस के द्वारा लगातार सड़क एवं पुल पुलिया की जांच प्रशिक्षित डॉग एवं विभिन्न उपकरणों से की जा रही है।

**इनकी होगी गरिमामय उपस्थिति :** एन.एस.डी.सी विकास भारती बिशुनपुर की संयुक्त पहल पर आयोजित सिगनी दई वनविज्ञान बहुआयामी प्रशिक्षण भवन का शिलान्यास एवं कुशल कारीगरों के कौशल उन्नयन प्रमाण पत्र वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित होंगे। वहीं प्रस्तावना पद्मश्री अशोक भगत एवं धन्यवाद ज्ञापन राज्य सभा सांसद समीर उरांव के द्वारा किया जाएगा।

### अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का लिया जायजा

पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब, पुलिस उप अधीक्षक अभियान मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, धनंजय पाठक, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, एसडीओ संजय पीएम कुजूर, बसिया एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कुमार, सदानंद सिंह सहित जिला से पहुंचे अन्य पदाधिकारियों ने गुरुवार को कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों की बिंदुवार जानकारी विकास भारती संयुक्त सचिव महेंद्र भगत से ली एवं कार्यक्रम स्थलों का दौरा किया। जिसके उपरांत प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक कर संबंधित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को कार्यभार सौंपा गया एवं बिंदुवार आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### 600 पुलिसकर्मी रखेंगे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में पैनी नजर

राज्यपाल के आगमन को लेकर सीआरपीएफ, जैप, सैट, आईआरबी, जिला बल सहित अन्य बलों के लगभग 600 पुलिस बल प्रखंड में प्रतिनियुक्त किए गए हैं जिनके द्वारा हरे की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जरूरत के अनुसार फोर्स तैनात की जाएगी।

कार्यक्रम स्थलों पर सादे पोशाक में भी महिला और पुरूष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अलविदा जुम्मा और ईद के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना परिसर में अलविदा जुम्मा एवं ईद उल फितर त्यौहार को लेकर बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में हिन्दू-मुस्लिम दोनों वर्ग के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार पांडेय ने दोनों समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि ईद पर्व को मिल-जुलकर भाईचारा एवं प्रेम से मनायें। बैठक में ईद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि ईद पर्व शांति सौहार्द से मनाया जाये। शांति सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया में किसी भी तरह के फेलने वाले अफवाहों से बचें ना ही गलत पोस्ट करें और ना ही फॉरवर्ड करें। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि ईद के लिए नमाज पढ़ने के लिए आने-जाने वालों की सुविधाओं का ख्याल रखा जाए। यह प्रयास रहे कि ईदगाह में आने जाने वालों के रास्ते की रुकावट को हटाया जाए। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से भी ईद मनाने वालों की सुविधाओं का ख्याल रखने की अपील की गई। बैठक में एसआई आरपी यादव, सब्जी लाल साहू, मकबूल आलम, अख्तर अली खान, अनिल ताम्रकर, समुल्ला आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री नवचंडी महायज्ञ शुरू



**सिसई (आजाद सिपाही)।** छारदा गांव में पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री नवचंडी महायज्ञ का गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। वृन्दावन, देवघर व बक्सर से पहुंचे 13 विद्वानों, यज्ञाधीश सतीश कुमार पांडेय, यज्ञाचार्य पंडित भैरव शास्त्री, वैदिक मुकेश शास्त्री, अरुण शास्त्री, अभिषेक, श्रवण, आशीष, रामसेवक, सहित अन्य विद्वानों के सान्निध्य में पांच दिवसीय नवचंडी यज्ञ पूजन, हवन व भागवत कथा वाचन संपन्न कराई जाएगी। वहीं शुक्रवार प्रातः यज्ञ वेदी में अग्नि प्रज्जवल के साथ हवन प्रारंभ होगा और सोमवार 24 अप्रैल को यज्ञ पुणार्हुति, भव्य भंडारा व विदाई के साथ संपन्न होगा। मौके पर छारदा मुखिया पार्वती देवी, पंसस मीरा उरांव, पंसस सांजो उरांव, किशोर महली, सुमित महली, नीलकंठ केशरी, नन्दकिशोर लाल, दीपक अधिकारी, रोहित शर्मा, अर्जुन पुरी, मनोज गिरि, अरुण केशरी, बिहारी केशरी, मंगला साहू, जीतू कांदु, नारायण गिरि, विरन साहू, देवेन्द्र उरांव, दिलीप पहान, विकास महली, रघु साहू, सुरेश साहू, सुबोध साहू, उमेश साहू, गंगा उरांव, ब्रजेश साहू, कुलदीप केशरी, किशोर केशरी, नीतेश साहू, मोहन साहू, रंजना देवी, देवंती देवी, रेणु देवी, बबीता देवी, कमला देवी, फुलेश्वरी देवी, राधा देवी, वीणा देवी, कल्पना देवी, अनिता देवी, ललिता देवी, मालती, जानकी देवी, रिया कुमारी, प्रिया कुमारी, रिमी कुमारी, ममता कुमारी, खुशी कुमारी ने कलश यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

## बसिया के खटखुरा में नागपुर परगना खड़िया डोकलो का वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खटखुरा में नागपुर परगना खड़िया डोकलो का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल खडिया महाडोकलो के महासोहोर पी कुलकांत केरकेट्टा और जिला परिषद सदस्य बसंतीडुंगडुंग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खड़िया समाज के एकता एवं संगठन पर जोर दिया। वक्ताओं द्वारा समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक उत्थान पर भी जोर दिया। वार्षिक सम्मेलन में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा भी विचार व्यक्त किया गया और धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से नागपुर परगना सोहोर सिलास टेटे, फादर सिप्रियन कुल्लू,राहुल केरकेट्टा, मुखिया अनिमा डुंगडुंग,कुलभूषण डुंगडुंग समेत समाज के सैकड़ो गणमान्य महिला पुरुष उपस्थित थे।

## विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव ने सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के भैया बहनों को दिया सफलता का मंत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में आज दिनांक 20/4/2022 विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी तथा गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार का आगमन हुआ। उनके आगमन से आचार्यों के बीच हर्षोल्लास का माहौल देखा गया प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने वंदना सभा में पदाधिकारियों का स्वागत किया। विद्यालय के सभागार में भैया बहनों को प्रदेश सचिव द्वारा आशीर्वचन के रूप में जीवन मार्ग में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की सीख दी तथा अनुशासित समय सारणी अपनाकर जीवन लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा अंग्रेजी अवश्य सीखें परंतु अपने जीवन में अंग्रेजियत को हावी होने ना दें। जीवन निर्माण में प्रातः उठने का महत्व और धार्मिक ग्रंथों की विशेषताओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारा धार्मिक ग्रंथ एक विज्ञान है इसलिए प्रत्येक भैया बहनों को इसका अध्ययन करना चाहिए। कक्षा षष्ठ के भैया वैभव कुमार के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और आशीर्वाद प्रदेश सचिव के द्वारा प्राप्त हुआ।

## गुमला जिला आजसू के केंद्रीय सचिव की माता के निधन पर शोक व्यक्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला के आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह की माता जी का मध्य रात्रि में देहांत हो गया। माता जी का पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं था। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं। आजसू के जिला महासचिव आनंद गुप्ता ने कहा कि इस दुख की घड़ी में बड़े भैया गोपीनाथ सिंह एवं उनके पूरे परिवार को इस दुख को सहन करने की सहन शक्ति प्रदान करें एवं माता जी की आत्मा को शांति मिले। शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, प्रधान सचिव आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, फगुआ साहू, विक्की अग्रवाल, गोलू श्रीवास्तव, सानू कुमार, पंकज साहू, उत्तम साहू, धीरज साहू, देवेंद्र खैरवार, दिनेश यादव, दीपक साहू, लक्ष्मी साहू, किरण सिंह, आमिर खान, अजय भगत मोती, रामू गोप, देवेंद्र साहू, रवि राम, मनदीप महली, छोटू साहू, राजकुमार खड़िया, विनोद उरांव इत्यादि के नाम शामिल हैं।

**सुविधा : ईद के अवसर पर हर मस्जिद के बाहर लगेंगे पानी के टैंकर**

# मुस्लिम बस्तियों में आज-कल मिलेगा अतिरिक्त पानी : महापौर

**मुस्लिम क्षेत्रों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश**

आजाद सिपाही संपाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े पर्व ईद को ध्यान में रखते हुए हर मुस्लिम आबादी वाले वार्ड में पूर्व में मिल रहे पांच पांच टैंकर पानी के अतिरिक्त शुक्रवार और शनिवार को दो-दो टैंकर अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। महापौर ने कहा कि ईद के दिन निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी मस्जिदों के बाहर निगम की ओर से पीने योग स्वच्छ पानी का टैंकर सुबह लगा दिया जाएगा। लाथ ही हर मस्जिद के बाहर विशेष सफाई की भी व्यवस्था की जाए। महापौर ने गुरुवार को मुस्लिम वार्ड का दौरा भी किया और टैंकर से दिए जा रहे हैं पानी की व्यवस्था को भी देखा। महापौर ने बताया कि वे लगातार कोशिश कर रही हैं कि यथासंभव पानी हर वार्ड में दिया जाए। चूंकि ईद मुसलमानों का सबसे बड़ा पर्व है और काफी लोग बाहर से अपने घर वापस ईद पर आते हैं। ऐसे में पानी की खपत बढ़ जाती है। इसलिए मैंने पानी बढ़ाने का निर्देश दिया है ताकि इस पाक त्योहार को हमारे मुस्लिम भाई स्वच्छता से मना सके।



मुस्लिम बस्तियों का निरीक्षण करती महापौर अरुणा शंकर।

### दिशा की बैठक में महापौर ने उठायी कोयल में पांच फिट बांध और फ्लाईओवर की बात

**वहीं, दिशा की बैठक में महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर कोयल में 5 फीट बांध बांधने की बात मजबूती से उठाई है। महापौर ने कहा कि शहर में पानी का लेयर बहुत नीचे जा रहा है। इस पर काबू पाने का एकमात्र विकल्प मिनी बांध है जिसमें पानी स्टोरेज होने के चलते पूरे शहर में पानी का लेयर आ जाएगा। महापौर ने ट्रैफिक समस्या के निदान के लिए विमेंस कॉलेज रोड में मिनी फ्लाईओवर की मांग की है जिसे अध्यक्ष ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।**

## दो अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**नौडीहा बाजार/पलामू।** जिले के नौडीहा बाजार पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसमें दो गौ तस्कर भी शामिल है। उनकी पहचान खुर्शीद आलम और मकसूद अंसारी के रूप में हुई है। दोनों छतरपुर थाना क्षेत्र के मुरुमदाग गांव के रहने वाले हैं। उन्हें नौडीहा बाजार थाना के एसआई शंकर टोप्पो ने मड़वा स्थित चिंटू सिंह के भट्ठा के नजदीक से गिरफ्तार किया। दोनों गौ तस्कर मवेशी को बुरी तरह मारते-पिटते लेकर जा रहे थे। पर रास्ते में पुलिस को देखते ही वे लोग मवेशी छोड़कर भागने लगे। पर पुलिस के सतर्क जवानों ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। उनके पास से 17 मवेशियों को जब्त कर सुरक्षित रखा गया हैं। वहीं तस्करों को जेल भेज दिया गया। दूसरी ओर, विगत दिनों देशी पिस्टल के साथ एक युवक की तस्वीर वायरल हुई थी। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कउवल गांव निवासी गौतम कुमार को देसी पिस्टल के साथ फोटो वायरल करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने इसमें शामिल दो आरोपितों को पकड़ कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि कउवल गांव का निवासी गौतम कुमार की फोटो पिस्टल हाथ में लिए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। गौतम कुमार को कउवल से गिरफ्तार कर पिस्टल के संबंध में पूछताछ की गई। गौतम ने बताया कि फोटो में दिख रहा देसी पिस्टल डॉ चितरंजन कुमार का है। वायरल तस्वीर डॉ चितरंजन के क्लीनिक में खींची गई है। इसके बाद पुलिस गौतम को लेकर डॉ चितरंजन के क्लिनिक पहुंच गई। वहां डॉ चितरंजन को पकड़कर पूछताछ की तो चिकित्सक ने बताया कि उक्त देसी पिस्टल उसके मैगरा निवासी दोस्त अरुण राम की हैं जो बाहर कमाने जाने के दौरान उसके पास रख दिया था। डॉ चितरंजन यादव ने बताया कि पिस्टल को मननदोहर जितेंद्र यादव के घर के पिछे झाडी में छिपा कर रखा है। चितरंजन यादव की निशानदेही पर पुलिस ने जितेंद्र यादव के घर के पीछे से प्लास्टिक में लपेट कर रखे देसी पिस्टल को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गौतम कुमार, चितरंजन यादव, अरुण राम पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## जनहित से जुड़ी योजनाओं में तेजी लायें अधिकारी: डीसी



**दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। ऐसे सभी अधिकारियों को डीसी ने संबंधित विषय पर तेज गति से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्वला योजना व फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को लेकर अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर उन्होंने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क, पुल-पुलिया, कब्रिस्तान की चारदीवारी एवं अन्य तरह के योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास की जानकारी विभाग द्वारा नहीं दिये जाने का मामला भी उठाया। इसी कड़ी में पांकी विधायक ने भी उपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ऐसे ही कुल 18 योजनाओं का संचालन बगैर उनके शिलान्यास/उद्घाटन करने का मामला उठाया। वहीं, बैठक में अध्यक्ष ने गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने बारालोटा जलापूर्ति योजना से रेगुलर जलापूर्ति हो इस पर बल दिया। जबकि पांकी विधायक ने नीलांबर-पिताम्बरपुर व पांकी में भी जलापूर्ति नहीं किये जाने का मामला उठाया। इस पर जवाब देते हुए पेयजल के कार्यपालक अभियंता ने बोरिंग सुख जाने के कारण जलापूर्ति बाधित होने की बात कही। इसपर डीसी ने कार्यपालक अभियंता को दोनों ही स्थानों पर डीप बोरिंग कर जलापूर्ति को नियमित करने की बात कही। वहीं, बिजली विभाग से संबंधित फर्जी बिल, दो-दो कनेक्शन व अधिक बिल से संबंधित मामला भी उठा। पलामू सांसद ने कहा कि ऐसी शिकायतें सभी जगह से मिल रही हैं। इस पर डीसी ने कार्यपालक अभियंता को प्रत्येक प्रखंडों में समस्याओं के निराकरण के लिए सुविधा केंद्र खोलने की बात कही।

## विश्रामपुर के टोना गांव में अधेड़ की हत्या

### गांव के किनारे नाला से बरामद हुआ शव, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत भंडार पंचायत के टोना गांव में 52 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान रामसेवक पांडेय के रूप में हुई है। गुरुवार की सुबह उसका शव गांव के किराने एक नाले से बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएचसीएच भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामसेवक पांडेय बुधवार की अहले सुबह घर से महुआ चुनने के लिए निकला था, उसके बाद से घर वापस नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह गांव किनारे बरवा नाला के पास शव देखा गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। उधर, खबर मिलते ही पुलिस निरीक्षक अजय कुमार व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

#### मई माह में होने वाली है मृतक के बेटी की शादी

मृतक का एक बेटा और दो बेटी है। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी बेटी की शादी भी तय हो गई थी। आगामी 19 मई को तिलकोत्सव था। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। इसी बीच राम सेवक पांडेय की हत्या हो गई। जिससे खुशी का माहौल मातम में बदल गया।

#### डॉग स्क्वायड से भी नहीं मिला कोई सुराग

पुलिस ने घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड भी मंगवाया था। लेकिन इससे भी कुछ हासिल नहीं हो पाया। अभी तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। हत्या के कारणों का भी पता नहीं चल सका है।

## पांकी में अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार



**चोरी की 18 बाईक बरामद, मुख्य सरगना गोल्डन फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के अलग-अगल जगहों से अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफास करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर विभिन्न क्षेत्रों से चोकी कर बेचने के लिए रखी गई 18 बाइक भी बरामद की गई। यह जानकारी सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने दी। वे गुरुवार को आयोजि संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार, पलामू व चतरा क्षेत्र से बाइक चोरी कर पांकी व मनिका थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र में बेचा-खरीदा जा रहा है। इसमें रतनपुर के सुनिल विश्वकर्मा, अमित साव, चांपी कला के मिन्हाज अंसारी, डंडार कला के संदीप कुमार रवि उर्फ मोनू रंगाई का मंटू यादव, पकरिया कला का रामजीत कुमार उर्फ रंजीत, बचदोहर तेतराई का पिंटू रविदास व मियां करार का गोल्डन अंसारी सक्रिय है। थाना प्रभारी ने इस संबंध में सन्हा दर्ज कर एसपी के निर्देश पर एक टीम गठित कर मंटू यादव, मिन्हाज अंसारी, सुनिल विश्वकर्मा व मंदीप कुमार मोनू को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके निशानदेही पर 18 चोरी का बाइक बरामद कर लिया गया। दूसरी ओर मनिका थाना पुलिस द्वारा किए गए कार्रवाई में रंजीत उर्फ रामजीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर लातेहार पुलिस ने चोरी की 8 बाइक बरामद की है। एएसपी ऋषभ ने बताया कि पूरे गिरोह का किंगपिन गोल्डन अंसारी अभी भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। पुलिस के समक्ष आरोपितों ने अन्य 20 से 25 चोरी की बाइक गिरोह के पास होने की बात स्वीकार की है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव, पुअनि कुंदन कुमार पासवान, भोला राम, महताब आलम आदि शामिल थी।

#### 5 से 10 हजार में बेचते थे बाइक

पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपितों ने बताया कि वे दूसरे जगहों से बाइकचोरी कर जंगल व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पांच से 10 हजार में बेच देते थे। एएसपी ने जब्त बाइक में लगे नंबर प्लेट के भी फर्जी होने की संभावना जताई है। बताया कि चेचिस नंबर के आधार पर इसकी जांच की जाएगी।

## बालू की समस्या को लेकर कर्नल संजय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात कर बालू की समस्या और पलामू में प्रशासन की मिली भगत से हो रहे बालू की तस्करी से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में मनोज शर्मा, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, अजय सिंह, सुधीर सिंह पूर्व सैनिक, लालधन ठाकुर, सत्यनारायण यादव शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल से गुहार लगाया कि पलामू जिला अंतर्गत हजारों प्रधानमंत्री योजना के लाभुक उक्त योजना का पैसा लेने के बाद भी अपने आवास का निर्माण कार्य बालू के अभाव में नहीं कर पा रहे है। क्षेत्र में सभी सरकारी विकास कार्य जैसे सड़क और भवन निर्माण आदि भी अधूरे पड़े हैं। यदि हो भी रहा हैं तो निम्न स्तरीय बालू का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता कमजोर हो रही है। दो वर्ष पूर्व तक इस क्षेत्र का बालू विभिन्न माध्यम द्वारा बाहर भेजा गया है पर अभी एकाएक इस पर रोक लगाने की वजह से एक तरफ जहां लाभुक चार गुना ज्यादा कीमत पर प्रशासन के सहयोग से की गई तस्करी का बालू खरीदने को मजबूर हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने से लाभुकों को आवास के लिए दी गई राशि ब्याज के साथ वसूलने के साथ ही प्राथमिकी दर्ज कराने की भी धमकी दी जा रही है। इसपर राज्यपाल ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि स्थानीय लोगों के लिए बहुत जल्द बालू की उपलब्धता को लेकर सरकार को निर्देशित करेंगे।

### कृमि मुक्ति दिवस पर दरुआ स्कूल में बच्चों को दी गयी एल्बेंडाजोल की दवा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय दरुआ के सभी छात्र-छात्राओं को गुरुवार को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की खुराक दी गई। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने कृमि नाशक अल्बेण्डाजोल के लाभ-हानी से बच्चों को अवगत कराया। बताया कि पेट में परजीवी कीड़े कई प्रकार के होते हैं जिनके प्रभाव से बच्चों में कई प्रकार की गंभीर बीमारियां होती है। कृमि नाशक दवा की खुराक लेने से बच्चे स्वस्थ रहते हुए सकारात्मक बौद्धिक विकास करेंगे। इस मौके पर सहायक शिक्षिका कुमारी रेणु पांडेय आदि मौजूद थे।**

### हरिहरगंज में नक्सली बंद का दिखा मिलजुला असर



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिहार की सीमा से सटे पलामू जिले के सुदूरवर्ती हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में भाकपा माओवादी के बंद का मिलाजुला असर देखा गया। इस दौरान शहर की ज्यादातर दुकान-प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं एनएच 98 सड़क पर वाहनों का परिचालन अन्य दिनों की अपेक्षा सामान्य रहा। जबकि बाजार में साग सब्जी, फल व मिठाई की ज्यादातर फुटपाथी दुकानें खुली रही। बंद का असर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भी देखा गया। जहां विभिन्न कार्यों से आने वाले लोगों की संख्या नगण्य थी। वहीं विभिन्न बैंकों में भी बंद का प्रभाव दिखा।

**स्पोर्ट्स**



**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को चंडीगढ़ में खेले गए आइपीएल के 27नें मुकाबले में पंचाब किंग्स को 24 रनो से रहा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोहली-प्लेसिस की बदौलत 174 रन बना। पर पंजाब 150 रन ही बना सकी**

### हासिल की सीजन की तीसरी जीत, प्लेसिस-कोहली की फिफ्टी के बाद सिराज की दमदार गेंदबाजी

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को 24 रन से हराया, सिराज ने झटके चार विकेट

एजेंसी



**चंडीगढ़।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के 27वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 24 रनों से हरा दिया है। इस मैच में विराट कोहली बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे थे। आरसीबी ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार शुरूआत की थी। कोहली और प्लेसिस ने 137 रन की साझेदारी की। दोनों के अर्धशतकों के चलते आरसीबी ने चार विकेट खोकर 174 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 150 रन ही बना सकी और मैच 24 रन से हार गई। पंजाब के लिए सबसे ज्यादा प्रभसिमरन सिंह ने बनाए। वहीं, जीतेश शर्मा ने 41 रन की पारी खेली। पंजाब के लिए हरप्रीत बराड़ ने दो और अर्शदीप, नाथन एलिस ने एक-एक विकेट लिए। आरसीबी के लिए सिराज ने चार विकेट लेकर कमाल किया। हसरंगा को दो, वेन पार्नेल और हर्षल पटेल को एक-एक विकेट मिला।

#### लगातार विकेट गंवाए, गेंदबाज भी नाकाम रहे

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु की ओर से फाफ डु प्लेसिस (84 रन) और विराट कोहली (59 रन) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। शेष बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। हरप्रीत बरार को दो, अर्शदीप सिंह और नाथर्न एलिस को एक-एक विकेट मिले। जवाब में पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन सिंह सबसे ज्यादा 46 रन बनाए, जबकि जितेश शर्मा ने 41 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को नहीं जिता सके। मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट लिए।

#### कोहली-प्लेसिस के अर्धशतक

चंडीगढ़ के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाए। विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने 137 रन की ओपनिंग साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत तो दिलाई, लेकिन स्कोर को 200 पार नहीं पहुंचा सके। फाफ डुप्लेसिस ने 84 रन और कप्तान विराट कोहली ने 59 रन बनाए। शेष कोई भी बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका।

#### कोहली ने जमाया 48वां अर्धशतक

556 दिन बाद बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे विराट कोहली ने लीग में 48वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 40 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। विराट ने सीजन का चौथा अर्धशतक जमाया है। 47 बॉल पर 125.53 के स्ट्राइक रेट से 59 रन बनाए। जिसमें 5 चौके और एक सिक्स शामिल था। उनके आइपीएल में 600 चौके भी पूरे हो गए।

### खेल की दुनिया में प्रतिभा को प्लेटफॉर्म मिले तो बच्चे देश का परचम लहरा देंगे : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रोलर स्केटिंग फेडरेशन आंफ इंडिया के तत्वाधान में पहली बार ढ़ेलपुर मोहाली, पंजाब में 27 अप्रैल से दो मई तक आयोजित पहले नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2023 में संत मरियम स्कूल के छात्रों ने पलामू जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पीड क्यूट 11 से 14 साल ग्रुप में विवेक टोप्पो और प्रियांशु कुमार का पलामू जिला से चयनित किया गया था। विवेक टोप्पो का बेहतरीन प्रदर्शन देखते हुए तीन रेस में भाग लेने का अवसर दिया गया है, जबकि प्रियांशु को दो रेस में भाग लेने का मौका दिया गया। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झारखंड माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि भविष्य में बच्चे और बेहतर कर सकें इसके लिए हम सरकारी स्तर पर संसाधन के लिए मांग रखेंगे। बच्चों की दबी प्रतिभा को निखारने व मंच देने का हर संभव कोशिश करेंगे। कहा कि वर्तमान में खेल कैरियर का उचित माध्यम है। बच्चों से अपील है कि बेहतर करें और राज्य-देश का नाम रोशन करें।

# करमाटांड़ भोक्ता मेला में चाट-छोला खाने से 200 से अधिक लोग बीमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर के करमाटांड़ पंचायत स्थित हुचुकटांड़ गांव में बुधवार को चड़क पूजा के अवसर पर आयोजित भोक्ता मेले में लगे खाने-पीने के स्टॉल जैसे गुपचुप, चाट व छोला भटूरा खाकर सैकड़ों लोग बीमार पड़ गये हैं। जिसमें बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है।

फूड प्वाइजनिंग की शिकायत लेकर सभी को एसएनएमएमसीएच धनबाद के अलावा अन्य निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। इस घटना के बाद प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की एक टीम हुचुकटांड़ गांव पहुंच गई। वहां शिविर लगाकर बीमार लोगों की खोज खबर ली।








## अस्पताल में दिखा व्यवस्था का अभाव, जहां मिली जगह वहीं हुआ इलाज

अचानक से बड़ी संख्या में मरीजों के आने से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गयी। जिसको जहां जगह मिला वहीं इलाज हुआ। इमरजेंसी में तो पैर रखने की तब की जगह नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक इमरजेंसी में जगह कम पड़ने पर अस्पताल प्रबंधन ने इन्हें इएनटी, सर्जरी व पीडियाट्रिक विभाग में शिफ्ट किया। इन वार्डों में बेड कम पड़ने की वजह से एक बेड पर दो से तीन मरीजों को लिटा कर इलाज किया गया। इनके इलाज में मेडिकल स्टूडेंट्स के साथ-साथ सभी जूनियर रेंजिडेंट डॉक्टर व पारा मेडिकल स्टॉफ को लगा दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम देर रात हुचुक टांड़ गांव पहुंची। गांव में टीम कैंप कर बीमार लोगों की खोज-खबर लेती रही। बताया जा रहा है कि देर रात ही इमरजेंसी खाली करा दिया गया था। वहीं, रात 12 बजे धनबाद विधायक राज सिन्हा एसएनएमएमसीएच पहुंचे और मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और बेहतर इलाज का निर्देश भी दिया। बीमार लोगों में करमाटांड़, हुचुकटांड़, बढ़ई टोला, आदिवासी टोला, बीसीसीएल कॉलोनी, धोकरा, ढांगी आदि गांव के लोग शामिल हैं।

**मचा हाहाकारः** जानकारी के मुताबिक बुधवार को हुचूकटांड़ टोला के शिव मंदिर के पास भोक्ता मेले में शामिल होने आसपास के गांवों से हजारों ग्रामीण पहुंचे थे। शाम 4 से 6 बजे के बीच किसी एक ठेले पर गुपचुप, चाट और छोला भटूरा खाने वाल वाले लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। पेट दर्द, उल्टी और दस्त होने लगा। देखते ही देखते कोहराम मच गया। इसके बाद आनन फानन में रात 8.30 बजे से मरीजों को गाड़ियों में भर-भर कर एसएनएमएमसीएच ले जाने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा।

**इनका अब भी चल रहा इलाजः** शंकर कुमार, पलक देवी, आशा कुमारी, लखी कुमारी, नेहा कुमारी, सविता देवी, महेश प्रसाद, सजनी देवी, अंजली, अनुभव देवी, रजनी देवी, अंजली, भानु देवी, श्रवण प्रसाद, शकुंतला देवी, पायल, नीतू कुमारी, राधा देवी, धन्वंतरी देवी, निशा कुमारी, रेखा देवी, शीतल कुमारी, सूरज रवानी, तुलसी कुमारी, शांति देवी, करण कुमार, धर्मेंद्र चौहान, अंजली प्रमाणिक, आकाश, अरुण रवानी, अविनाश रवानी, सुजल रवानी, सूरज रवानी, शीतल कुमारी, हाकिम रवानी, अंजली देवी, महेंश्वर रवानी, शांति कुमारी, पायल कुमारी, पिंकी कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, बुधन रवानी, संजना देवी, किरन कुमारी, संध्या कुमारी, तुलसी रवानी, नीलम कुमारी, सानु देवी, सुमित रवानी, महेश प्रसाद,रेनु कुमारी, खुशी कुमारी, पलक कुमारी, आशीष कुमार, आकाश कुमार, पिहू कुमारी, रिता कुमारी, हेमा कुमारी, प्रीति कुमारी, पूर्णिमा देवी, कविता देवी, पूजा, सविता, मनीषा, ज्योति देवी, रेखा देवी, रिना देवा, पुष्पा कुमार, रामरती देवी, गीता देवी, अंजना देवी, हेमलाल रवानी, नुनूलाल का इलाज चल रहा है।

## मुरलीडीह आंगनबाड़ी में खसरा व रुबेला टीकाकरण के दौरान गिरा छत का प्लास्टर, मचा हड़कंप

महुदा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्धारित कार्यक्रम खसरा एवं रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत ॅमुरलीडीह आंगनबाड़ी-3 में आयोजित शिविर के दौरान छत का प्लास्टर गिर गया। इससे टीकाकरण कैंप में शामिल सीएचओ बजरंग लाल सैनी, एएनएम सुनीता देवी बाल बाल बच गई। टीकाकरण के दौरान शिविर में स्वास्थ्य उपकेंद्र कुमारडीह के सीएचओ बजरंग लाल सैनी एवं एएनएम,सहिया साथी हलिमा एजाज सहिया आरती देवी, किरण देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला महतो, गायत्री देवी के साथ साथ दर्जनों लोग मौजूद थे। छत का टुकड़ा गिरने से आंगनबाड़ी में मौजूद सभी दहशत में आ गए। बच्चे रोने लगे। आए दिन इस आंगनबाड़ी केंद्र में सामाजिक बैठक कार्यक्रम होते रहता है।

### डीसी ने की जिला शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक, डीइओ-डीएसइ को दिया आवश्यक निर्देश

# कस्तूरबा विद्यालयों में इडब्ल्यूएस को आरक्षण देते हुए हो नयी बहाली : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को डीसी कुलदीप चौधरी की अगुवाई में जिला शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें डीडीसी कीर्तीश्री भी उपस्थित थीं। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत लेखापाल सह कप्यूटर आपरेटरों/बीआरपी-सीआरपी जो वर्षों से एक ही प्रखंड/संकूल में पदस्थापित है, उनके स्थानांतरण को लेकर चर्चा हुई। डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ऐसे कर्मियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। सूची में कर्मियों के नाम के साथ, गृह प्रखंड एवं वर्तमान स्थान पर पदस्थापन तिथि की विवरणी स्पष्ट रूप से अंकित करने को कहा है। वहीं, जिले में चल रहें कुछ शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया/रिक्त पद आदि से संबंधित विषयों पर क्रमवार जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीईओ-डीएसई से जानकारी प्राप्त की। कस्तूरबा विद्यालयों में शिक्षिकाओं की बहाली को लेकर पूर्व में शुरू की गई प्रक्रिया को रद करते हुए कार्मिक विभाग द्वारा जारी नये पत्र के अनुरूप ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देते हुए रोस्टर तैयार कर पुनः बहाली प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि जिले में संचालित विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 14 शिक्षिकाओं एवं 01 लेखापाल की बहाली होनी है। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी डीसी डीडीसी ने चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीईओ जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान एडीपीओ ज्योती खालको आदि उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर धनबाद में निकलेगी भव्य शोभा यात्राः विप्र सेना




धनबाद (आजाद सिपाही)। ब्राह्मणों की शंख ध्वनि के साथ परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा। बाइक जुलूस में सैकड़ो भक्त शामिल होंगे। उक्त बातें गुरुवार को विप्र सेना के राष्ट्रीय संरक्षक अनुराग शर्मा ने कही। वे यूनियन क्लब में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। कहा कि धनसार स्थित सिद्धि विनायक मंदिर से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर सैकड़ों की संख्या में बाइक जुलूस में पुरुष-महिलाएं शामिल रहेंगी। विप्र सेना द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान परशुराम की भव्य झलक दिखेगी। प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा ने बताया की कांको मठ से बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेंगे और झांकी में भगवान परशुराम के साथ शामिल होंगे। झांकी महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही है। इसके बाद यज्ञ, हवन के बाद 108 दिए के साथ महाआरती का आयोजन होगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा, सुशील शर्मा, सुधा मिश्रा, महेश शर्मा, जॉनी शर्मा, नीतू तिवारी, प्रदेश महामंत्री मिल्टन पार्थ सारथी आदि उपस्थित थे।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
KHUNTI NAGAR PANCHAYAT
KNP/03/2023-24

REQUEST FOR PROPOSAL

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Selection of Chartered Accountant/ Cost Accountant Firms For Internal Audit of Khunti Nagar Panchayat |
| 2 | Descriptions and Objectives of the Assignments | Internal Audit to assist in improving the accountability of use Funds and provide a deterrent to malpractice or mismanagement. |
| 3 | Language of Documentation | English |
| 4 | Mode of submission of bids | Offline Mode |
| 5 | Tender Document Fees | Rs 10,000/- in the form of Demand Draft |
| 6 | Earnest Money Deposit | Rs 50,000/- in the form of Demand Draft |
| 7 | EMD Exemption Allowed | No |
| 8 | EMD Payable to | Executive Officer, Khunti Nagar Panchayat Payable at Khunti |
| 9 | Method of Selection | "QCBS (Quality and cost based Selection method) |
| 10 | Total time Period | 3 Years |
| 11 | Date of starting of Sale/downloading of Tender. | 24.04.2023 |
| 12 | Date of Start of Submission of Bids | 27.04.2023 |
| 13 | Last Date/Time for submission of Bids Security, Cost of Bid Documents | 27.04.2023 |
| 14 | No of Copies of Tech. and Financial Proposal for each package. | 1 copy of Technical Proposal<br>1 copy of Financial proposal |
| 15 | Date/Time of Technical Bid Opening | 27.04.2023 |
| 16 | Bid Sale/Submission address | Nagar Panchayat, Khunti |
| 17 | Helpline No | 9798358519 |

PR 295644 (Urban Development) 23-24 (D)

Sd/-
Executive Officer
Khunti Nagar Panchayat

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आपसी भाइचारे व शांतिपूर्ण माहौल में मनायें ईद : बीडीओ



जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह थाना परिसर में ईद-उल-फितर त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें जरीडीह बीडीओ उज्वल कुमार सोरेन, थाना प्रभारी ललन रविदास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बीडीओ ने कहा कि ईद शांति का त्योहार है। इससे शांति और भाईचारे के साथ मनाये जाने की जरूरत है। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारीयों को सभी चौक-चौराहों पर लगाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में जरीडीह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, तांतरी उत्तरी पंचायत के मुखिया गिरेंद्र मिश्रा, गायछंदा पंचायत समिति सदस्य अयूब अंसारी, विधायक के निजी सचिव विनोद कुमार महतो, मोतीम अंसारी, अफसर हुसैन, सैनुल हक सौदागर, मनोज दास, सफीक अंसारी, बलराम तिवारी, वकील अंसारी, अवध रजवार, सतीष राय के अलावा सीओ आदि भी मौजूद थे।

### सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंदिर निर्माण में दिया 50 बैग सीमेंट



नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)। नावाडीह प्रखंड के चिरूडीह पंचायत अंतर्गत मुंडराटांड में शिव मंदिर के नवनिर्माण के लिए सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो द्वारा 50 पैकेट सिमेंट दिया गया। कुछ दिन पूर्व मुंडराटांड के ग्रामीणों ने मकोली स्थित सांसद कार्यालय में जनता दरबार के समय मंदिर एवं उनके प्रांगण के नवनिर्माण के लिए सीमेंट की मांग की थी। जिसे लेकर सांसद ने मंदिर निर्माण में सीमेंट दिया। इस पर ग्रामीणों ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष जगरनाथ कुमार, दीपक महतो, सुरेंद्र महतो, सरयू महतो, मुकेश कुमार और मिथलेश महतो आदि थे।

### प्रदूषण और पानी की किल्लत से परेशान जयरामपुर के ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

झरिया (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के जयरामपुर में लोग प्रदूषण और पानी की किल्लत से त्रस्त है। गुरुवार को लोगों के सब्र का बांध टूट गया। परेशान सैकड़ों ग्रामीण जयरामपुर बीयर चौक पहुंचे और जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के नेतृत्व में जयरामपुर भागा जाने वाले मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इससे क्षेत्र में संचालित देवप्रभा आउटसोर्सिंग का कोयला ट्रांसपोर्टिंग बाधित हो गई। ग्रामीणों ने बताया की समरसेबुल पंप खराब हो जाने से पिछले एक सप्ताह से जयरामपुर में पिटवाटर के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं, परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़नेवाली धूलकण जैसी प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर ग्रामीण लगातार आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद इसके प्रबंधन दबंगई के बल पर ग्रामीणों को विस्थापन के लिए जबरन मजबूर कर रही हैं। वहीं, करीब तीन घंटे तक सड़क जाम के बाद परियोजना पदाधिकारी एके पांडेय व विद्युत अभियंता द्वारिका प्रसाद पहुंचे और लोगों की समस्याओं के समाधान का आश्वाशन दिया। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौटे।

## 4 माह से नहीं मिल रहा राशन, नाराज ग्रामीणों ने किया आंदोलन



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा प्रखंड के डुमरा दक्षिण ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बीडीओ का पुतला भी दहन किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास के अधीन राशन कार्ड धारियों को चार माह से राशन नहीं दिया जा रहा है। इसके पूर्व ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले कार्डधारियों एवं ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर एकदिवसीय धरना दिया। ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही से पंचायत के कुछ पीडीएस डीलर मनमानी कर रहे हैं। धरना के दौरान प्रखंड के अधिकारीयों के बुलावे पर सीओ कार्यालय में धरणर्थियों से वार्ता हुई पर लोग उससे संतुष्ट नहीं हुए। जिस कारण वार्ता विफल रही। धरना में विकास महतो, रामेश्वर साव, लक्ष्मी देवी, विक्की, बबीता देवी, चिंकी देवी, पनवा देवी, उर्मिला देवी, रिंकू देवी आदि थे।

**जांच कर की जायेगी कार्रवाई : बीडीओ**

बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने बताया कि डुमरा दक्षिण ग्राम पंचायत के पीडीएस डीलर बिनोद कुमार दास पर ग्रामीणों ने नियमित अनाज नहीं बांटने का आरोप लगाया है। इसकी जांच के उपरांत उसपर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उसके लाइसेंस को रद्द करने की विभागीय अनुशंसा भी की जाएगी।

### बीजीएच को सुपरस्पेसलिटी अस्पताल बनाये प्रबंधन

# निदेशक अमरेंदु प्रकाश के नेतृत्व में सेल बनायेगा नया कीर्तिमानः कुमार अमित

**बीजीएच की बेहतरी एवं सेल में स्पोर्ट्स कोटा की बहाली शुरू करवाने को लेकर प्रभारी निदेशक से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित गुरुवार को बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश से एडीएम स्थित उनके कार्यालय पहुंच कर मुलाकात की। सेल चेयरमैन के रूप में चयनित होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कुमार अमित ने अमरेंदु प्रकाश को बीजीएच को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाने, आम मरिजों को स्स्ती दवाई उपलब्ध कराने को लेकर अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र खोलने एवं स्पोर्ट्स कोटा की बंद बहाली को पुनः प्रारंभ करने संबंधित एक ज्ञापन भी सौंपा। लगे हाथ इन बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा भी की। प्रभारी निदेशक ने इन विषयों पर जल्द सकारात्मक पहल करने की बात कही। भाजपा नेता कुमार अमित ने प्रभारी निदेशक को अंगवस्त्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्बंधित बहुचर्चित पुस्तक मोदी @ 20 देकर सम्मानित भी किया। अमित ने अमरेंदु प्रकाश से कहा कि उनका सेल के चेयरमैन के रूप में चयनित होना बोकारो इस्पात संयंत्र के साथ ही बोकारो ही नहीं, बल्कि झारखंड राज्य के लिए भी गौरव की बात है। अमरेंदु प्रकाश बीएसएल के पहले ऐसे इकाई प्रमुख हैं जो सेल चेयरमैन जैसे प्रमुख पद के लिए चयनित हुए है। उन्होंने अपने कार्य जीवन का अधिकांश हिस्सा बोकारो में गुजारा है। इस नाते ये पहले झारखंड सेल चेयरमैन भी होंगें। इनके नेतृत्व में सेल नए किर्तिमान स्थापित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यू इंडिया के सपनों को साकार करेगा। बोकारो वासियों को पुरा विश्वास है कि इनके सेल चेयरमैन के कार्यकाल में बोकारो इस्पात संयंत्र का 10 मिलियन टन उत्पादन क्षमता का सपना अवश्य साकार होगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल,भवन निर्माण विभाग, राँची
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता,विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–27.04.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–28.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–28.04.2023 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग,राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Boundary Wall, Septic Tank & Soak Pit Work of Laxmi Niwas, Kanke Ranchi | 24,52,000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 2Month |

8.निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0,राँची

PR 295632 Building(23-24).D

JHARKHANDSTATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004
PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJANA(PMGSY)

e-Procurement Notice

NIT No. eTender No. 01/2023-24 Letter no. JSRRDA-685/22-23-Date: 19.04.2023

The Chief Engineer, JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY on behalf of Rural Works Department invites the percentage rate bids in electronic tendering system regarding "REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SETTING UP A PROJECT MANAGEMENT UNIT (PMU) IN JSRRDA FOR RURAL ROAD CONSTRUCTION MANAGEMENT INCLUDING PMGSY ROADS, CMGSY ROADS(Chief Minister Gram Sadak Yojna)& SPECIAL DIVISION BRIDGE CONSTRUCTION WORKS, RWD WITH QUALITY CHECK FOR ROADS/ BRIDGES PROPOSED FOR NEW CONSTRUCTION / UPGRADATION WITH NEW TECHNOLOGIES LIKE FULL DEPTH RECLAMATION(FDR)" from the reputed firms/consultants/companies having experience in similar nature of work.

The Date of release of invitation for Bids through e-procurement 19/04/2023

**Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in www.pmgsytendersjhr.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

**Last Date &Time for receipt of bids through e-procurement**: 10/05/2023 upto17:00 Hours (time). For further details please log on to www.pmgsytendersjhr.gov.in

The Chief Engineer,
JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(JSRRDA)
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

PR 295560 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# एनटीपीसी प्रायोजित सिपेट का युवा कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न



**आजद सिपाही संवाददाता**

**ओड़िशा।** सीएसआर के तहत, एनटीपीसी कोल माइनिंग ने दो पाठ्यक्रमों मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग और मशीन ऑपरेटर में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों से सभी कोयला खनन परियोजना क्षेत्रों और इसके आसपास के क्षेत्रों की 4 लड़कियों सहित 80 युवाओं को प्रायोजित करने की पहल की। प्लास्टिक प्रसंस्करण। पाठ्यक्रम 6 महीने की अवधि के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), रांची के सहयोग से चलाया गया था। श्री पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी ने 19.04.2023 को मुख्य अतिथि के रूप में समापन सत्र सह नौकरी प्रस्ताव पत्र समारोह की शोभा बढ़ाई। श्री प्रवीन बाछाव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सिपेट, रांची; श्री नवीन जैन, सीजीएम, एसएससी-सी एंड एम; श्री बी एम सिंह, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग); श्री। के एस मूर्ति, जीएम (एचआर); श्री टी के कोनार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं); और श्री अपूर्व घोष, एजीएम (इंजीनियरिंग) भी उपस्थित थे। पार्थ मजूमदार ने लगभग 100% प्लेसमेंट के साथ पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने 6 महीने की अपनी यात्रा के दौरान छात्रों के आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने सिपेट टीम को उनके अटूट समर्थन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके द्वारा छात्रों को प्रदान किए गए मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने छात्रों से जीवन के नए युग के लिए खुद को तैयार करने को कहा और उन्हें सलाह दी कि वे केंद्रित रहें और सीखने के हर अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी साझा किया कि एनटीपीसी अपनी विभिन्न सीएसआर-सीडी गतिविधियों के माध्यम से विकास के लिए परियोजना प्रभावित व्यक्ति (पीएपी )के साथ साझेदारी करने और उनके सामाजिक उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने में विश्वास करती है। प्रवीन बाछाव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सीआईपीईटी और एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को उनके उज्ज्वल कैरियर के लिए प्रोत्साहन, प्रशंसा और शुभकामनाओं के शब्दों को साझा किया और उनके माध्यम से दूसरों के लिए प्रतीक और प्रेरणा बनने का मार्ग प्रशस्त किया। इंटरेक्शन सत्र के दौरान, छात्रों ने छह महीने के पाठ्यक्रम के दौरान अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय और सीआईपीईटी को विभिन्न कंपनियों में कौशल विकास और नौकरी प्लेसमेंट के साथ खुद को अपग्रेड करने का अवसर और मंच प्रदान करने के लिए अपना आभार व्यक्त किया जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य और विकास के लिए उड़ान भरने के लिए पंख प्रदान करेगा। प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में, छात्रों के बीच प्रेरणादायक हिंदी पुस्तकें वितरित की गईं।

## मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर में आदर्श महिला वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर के दुमदूमा में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा बुधवार को एक आदर्श महिला वेंडिंग जोन का उद्घाटन किया गया। इस वेंडिंग जोन में 42 दुकानें हैं। इस अंचल के परिवेश को अत्याधुनिक रूप दिया गया है। अच्छी रोशनी और पीने के पानी और शौचालय की सुविधा की भी व्यवस्था की गई है। बीएमसी के तरफा से इस वेंडिंग जोन के उद्घाटन समारोह में नगर उन्नयन मंत्री उषा देवी, मंत्री अशोक पंडा, मेयर सुलोचना दास सहित सारे कार्पोरेटर उपस्थित थे।

## जम्मू-कश्मीर: पुंछ में हाइवे पर सेना की गाड़ी में लगी आग, 4 जवान शहीद

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हाईवे पर सेना की गाड़ी में आग लगने की खबर सामने आ रही है। इस हादसे में सेना के चार जवान शहीद हो गए हैं। अभी सेना के आधिकारिक के बयान का इंतजार है। आग लगने की घटना का अभी पता नहीं चल पाया है। सूत्रों ने प्रारंभिक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि आकाशीय बिजली गिरने की वजह से यह विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि 4 जवानों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि सेना के जवान और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गये हैं। घटनास्थल पुंछ से 90 किलोमीटर दूर है।

# नवीन जिंदल की अध्यक्षता में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने गुवाहाटी सैन्य स्टेशन पर स्मारक ध्वज स्थापित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन को बढ़ावा देने और भारतीयों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने बिहू के अवसर पर गुवाहाटी में ऑरेंज सैन्य स्टेशन में एक और स्मारक ध्वज समर्पित किया है। उद्योगपति श्री नवीन जिंदल के नेतृत्व में फ्लैग फाउंडेशन ने देश भर में स्मारक झंडे स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर पूर्वांचल आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कलिता मुख्य अतिथि थे। इंडियन फ्लैग फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री नवीन जिंदल ने प्रत्येक भारतीय के गर्व और गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराने और प्रदर्शित करने के अधिकार के लिए एक दशक तक कानूनी लड़ाई लड़ी। नवीन जिंदल हमेशा चाहते थे कि नागरिक देश के प्रति अपना सम्मान और गौरव दिखाने के लिए तिरंगे का प्रदर्शन करें। दिसंबर 2004 में कुरुक्षेत्र निर्वाचन क्षेत्र से एक नवनिर्वाचित सांसद के रूप में लोकसभा में शामिल होने के बाद, उन्हें सूचित किया गया कि सदन के नियम 349 (4) के अनुसार एक सांसद तिरंगा नहीं पहन सकता है। राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया और संसद में एक प्रस्ताव पारित किया। नवीन जिंदल के नेतृत्व में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 2009 में भारत में स्मारक झंडे लगाना शुरू किया। तब से, संगठन ने पूरे देश में 100 से अधिक स्मारक झंडे लगाये हैं।



## शुक्रवार से सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही )।** राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल शुक्रवार से बंद हैं। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी स्कूलों को अवकाश घोषित कर दिया है। राज्य में बढ़ती गरमी को देखते हुए राज्य में गर्मी की छूटी घोषित की गयी है। शुक्रवार से राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद करने का ऐलान किया गया है। जानकारी के मुताबिक पूरे राज्य में भारी गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। बारीपदा, झारसुगुड़ा और कटक समेत राजधानी भुवनेश्वर में दिन का तापमान 43 डिग्री से अधिक रहा है । इसलिए इस गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी स्कूलों के लिए पहले से गर्मी वेकेसन की घोषणा की है। कल से सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कक्षा पहली से 12वीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा। सरकार ने आदेश दिया है कि आंगनबाड़ी समेत सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। इससे पहले उन्होंने 18 से 20 अप्रैल और 13 से 16 अप्रैल तक राज्य के सभी स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की थी। हालांकि, 17 तारीख से बारिश होने की उम्मीद में स्कूल खुल गया, लेकिन अब तक प्रदेश में बारिश नहीं हुई है। लेकिन राज्य सरकार ने गर्मी के चलते स्कूल बंद करने का फैसला किया है।












# जिंदल स्टेनलेस ने 15 साल में पहली बार की लाभांश देने की घोषणा

**ओड़िशा (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टेनलेस के निदेशक मंडल ने मंगलवार को 50प्रतिशत की दर से विशेष अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की।इसके तहत वित्त वर्ष ह्य23 के लिए 2 रुपये के अंकित मूल्य के साथ 1 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश दिया जाएगा। कंपनी ने 15सालके अंतरालऔर जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लिमिटेड (जेएसएचएल) के जिंदल स्टेनलेस (जेएसएल) में विलय के बाद पहली बार लाभांश देने की घोषणा की है। लाभांश के भुगतान के लिए सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि 28 अप्रैल, 2023तय की गई है। लाभांश का भुगतान 17 मई, 2023तक यानी अनुमोदन के 30 दिनों के भीतर किया जायेगा। कुल भुगतान राशि 82.34 करोड़ रुपये है, जो कंपनी के इक्विटी शेयरों की कुल संख्या के बराबर है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदलने विशेष अंतरिम लाभांश की घोषणा करते हुए कहा, यह विशेष अंतरिम लाभांश हमारे सभी शेयरधारकों के प्रति आभार का प्रतीक है जो जिंदल स्टेनलेस की विकास यात्रा के अहम भागीदार रहे जिसके परिणाम स्वरूप हम सीडीआर से सफलतापूर्वक निकल कर दुनिया की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनियों में से एक बन गये हैं । यह भी महत्वपूर्ण है कि यह घोषणा विलय प्रक्रिया के सफल समापन और विलय की गई इकाई के नए शेयरों के सूचीबद्ध होने के मौके पर की गई है। जेएसएचएलऔर जेएसएलका विलय पूरा हो चुका है और2 मार्च, 2023 से प्रभावी है। क्षमता और डाउनस्ट्रीम में वृद्धि सहित विस्तार का कामभी अब पूरा हो गया है, और इससे कंपनी के जाजपुर सयंत्रकी क्षमता 11लाख टन सालाना से बढ़कर 21लाख टन सालाना हो गई है। इसके परिणाम स्वरूप, हिसार में 8 लाख टन सालानाकी क्षमता को मिलाकर विलय की गई इकाई की कुल मेल्टिंग (गलाइ) क्षमता लगभग 30 लाख टन सालाना हो गई है। हाल ही में, क्रिसिल रेटिंगने जिंदल स्टेनलेस की दीर्घकालिक बैंक ऋण सुविधाओं और ऋण कार्यक्रम का आउटलुक'स्टेबल' से बढ़ाकर 'पॉजिटिव' कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने कंपनी के बेहतर व्यावसायिक जोखिम प्रोफाइल, क्षमता विस्तार और रणनीतिक अधिग्रहण के साथ आने वाले दिनों में पैमाने में अपेक्षित वृद्धि और फॉरवर्ड इंटीग्रेशन के मद्देनजरअपने आउटलुक में संशोधन किया है।

> **यह भी महत्वपूर्ण है कि घोषणा विलय प्रक्रिया के सफल समापन और विलय की गयी इकाई के नये शेयरों के सूचीबद्ध होने के मौके पर की गयी है।**












### खत्म हुआ असम-अरुणांचल सीमा विवाद

# गृह मंत्री की मौजूदगी में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने समझौते पर किये साइन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने दोनों राज्यों के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद को खत्म करने के लिए बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के समक्ष एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किये। असम और अरुणाचल प्रदेश 804.1 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। शर्मा और खांडू ने 15 जुलाई, 2022 को नामसाई घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर करके सीमा विवाद का समाधान निकालने का संकल्प लिया था और तभी से दोनों राज्यों के बीच इस पर बातचीत हो रही थी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों राज्यों ने 123 गांवों के इस विवाद को खत्म करने का फैसला लिया है।















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**